ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 31 मई 2024
वर्ष 5, अंक 66, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एसी को कुछ देर दें आराम 16

भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी दीक्षित 15



## 3डी प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला स्वदेशी रॉकेट लॉन्च

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।** आईआईटी मद्रास-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार सुबह 7 :15 बजे श्रीहरिकोटा में अपने निजी लॉन्च पैड पर सिंगल पीस थ्री-डायमेंशनल (3डी) प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला रॉकेट प्रक्षेपित किया। यह उपलब्धि पूरी तरह से स्वदेशी डिजाइन और विकास के माध्यम से हासिल की गई है। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ, आईएन एसपीएसीई के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका, तकनीकी निदेशक राजीव ज्योति और एसएचएआर के निदेशक ए राज राजन मौजूद थे।

## उप्र में जानलेवा गर्मी ने ली 43 जानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ / कानपुर



**अमृत विचार :** लू और मौसमी बुखार की चपेट में आने से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 43 लोगों की मौत हो गई। कानपुर में गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर 13 लोगों के शव पाए गए। ये शव सड़कों के किनारे मिले। महोबा में 12 की मौत लू व धूप लगने की वजह से हुई।

इन सभी की मौत उपचार के दौरान हुई, जबकि चित्रकूट में दो, हमीरपुर में छह, बांदा में तीन, जालौन में दो लोगों की मौत हुई। इसी तरह उन्नाव में दो की लू की चपेट में आने से मौत की खबर है। वहीं बाराबंकी, हरदोई व बलरामपुर में एक-एक की मौत । बांदा के अतर्रा कस्बे के नहर कोठी स्थित ऑक्सीजन पार्क में करीब 250 चमगादड़ मृत पाए गए। महोबा में अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम 32 डिग्री रहा। बांदा में अधिकतम तापमान 47 व न्यूनतम 34 डिग्री दर्ज किया गया। जालौन में अधिकतम तापमान 48.2 व न्यूनतम 32.8 डिग्री रहा। चित्रकूट में अधिकतम तापमान 46.6 और न्यूनतम 33.7 डिग्री दर्ज किया गया। फतेहपुर में अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम तापमान 32 डिग्री रहा। कन्नौज में अधिकतम तापमान 46.7 व न्यूनतम 29.6 डिग्री रहा।

### केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में समय से पहले पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने गुरुवार को केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में समय से पहले दस्तक दे दी, जिससे भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण चार महीने की वर्षा ऋतु की शुरुआत हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया है, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी पहुंचने का एक कारण हो सकता है।

## आजम को 10 साल कैद, 14 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



- कोर्ट ने ठेकेदार बरकत अली को सात साल की सजा सुनाई, छह लाख रुपये जुर्माना लगाया

**अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े लूटपाट, चोरी व मारपीट के एक मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये जुर्माना और ठेकेदार बरकत अली को सात वर्ष की कैद और छह लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने दोनों को दोषी करार दिया था।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों से बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें एक मुकदमा अबरार ने 13 अगस्त 2019 को लिखवाया था। इस मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। गुरुवार को दोपहर बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ सजा का ऐलान कर दिया।

### नौ गवाहों ने दर्ज कराए थे बयान

अभियोजन की ओर से नौ गवाहों के बयान दर्ज कराए गए थे। इन गवाहों में से एक गवाह वादी भी है। इस मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी। न्यायालय में 25 जुलाई 2022 को मोहम्मद आजम खां, आले हसन एवं बरकत अली के विरुद्ध आरोप तय किए थे। मामले में 59 पेज का फैसला आया है।

### इन धाराओं में हुई सजा

सपा नेता को धारा 392 में 10 साल का कठोर कारावास एवं सात लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में सात साल का कठोर कारावास एवं पांच लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं एक लाख जुर्माना, धारा 506 में दो साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। बरकत अली ठेकेदार को धारा 392 में सात साल का कठोर कारावास एवं तीन लाख रुपये जुर्माना , धारा 452 में छह साल का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा 506 में दो साल का साधारण कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

# विपक्ष मुंह न खुलवाए, सात पीढ़ी के पाप सामने रख दूंगा : मोदी

### लोस चुनाव की आखिरी रैली में इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा- कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंटा

होशियारपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान-संविधान की रट लगाने के लिए गुरुवार को कांग्रेस पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने ही संविधान का गला घोंट दिया था तथा जब 1984 के दंगों में सिखों की हत्या हो रही थी तब भी उसने इसकी कोई परवाह नहीं की।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में अपनी आखिरी चुनावी रैली में इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सेना को राजनीति का हथियार बनाने का आरोप लगाया और कहा कि इससे बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने भारतीय सशस्त्र बलों को कमजोर करने के लिए कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस को निशाना बनाते हुए मोदी ने जीप घोटाले, बोफोर्स, पनडुब्बी और सेना के ट्रक घोटाले का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने सेना की जरूरतों की कभी परवाह नहीं की। मोदी ने आरोप लगाया उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर केवल सरकारी खजाने को लूटने और खाली करने की योजना बनाई।

**कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का विरोध किया :** मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की स्वार्थ की राजनीति से देश को नुकसान हुआ है। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए (संशोधित नागरिकता कानून) का विरोध कर रहा है। मोदी ने कहा कि दशकों बाद ऐसा समय आया है कि पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है।



कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल में मोदी अराधना करते हुए। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री का विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे का ध्यान शुरू

**कन्याकुमारी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बृहस्पतिवार की शाम कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंड में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो चुका है। वे 1 जून तक यहां ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थमते ही पीएम मोदी गुरुवार (30 मई) की शाम कन्याकुमारी पहुंचे।

### मोदी ने हेट स्पीच से पद की गरिमा कम की : मनमोहन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 के आखिरी चरण में वोटरों के नाम लेटर लिखा। इसमें उन्होंने लोगों से भाजपा सरकार न बनाने की अपील की। वहीं, उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को लेकर अपनी राय दी। तीन पेज के लेटर में मनमोहन सिंह ने कहा मोदी ने चुनाव के दौरान नफरत भरे भाषण दिए। वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पद की गरिमा कम की है। कुछ गलत बयानों के लिए उन्होंने मुझे भी जिम्मेदार ठहराया। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग नहीं किया। ऐसा करने का कॉपीराइट सिर्फ भाजपा के पास है। उन्होंने किसान आंदोलन समेत बड़ी घटनाओं का जिक्र किया।

## खाई में गिरी बस, उप्र के 22 तीर्थयात्रियों की मौत

### जम्मू के अखनूर मार्ग पर 200 फिट नीचे गिरी, 57 घायल

संवाददाता, अखनूर (जम्मू)

- हाथरस-अलीगढ़ से वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रहे थे

**अमृत विचार:** उप्र से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रही स्लीपर बस राजौरी रोड पर 200 फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए। इनमें से 30 गंभीर रूप से घायलों को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। बस में करीब 80 लोग सवार थे। सभी तीर्थ यात्री मथुरा, हाथरस और अलीगढ़ के थे।

गुरुवार दोपहर हादसा उस समय हुआ जब बस नंबर यूपी 86 ईसी 4078 राजौरी रोड के उप जिला चौकी चौरा के पास गांव तुंगी मोड़ पहुंची। चालक अचानक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बस पहाड़ी से 5-6 बार पलटती हुई गिरी। यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और लोगों ने बचाव कार्य शुरू कराया। बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही। खाई से निकालकर यात्रियों को सड़क तक लाने में 4 घंटे का समय लगा। मौके पर ही 15 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो चुकी थी। बाकी घायलों को अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायलों को जम्मू रैफर किया गया।



खाई में गिरी बस। ● अमृत विचार

### परिजनों को 7 लाख व घायलों को एक लाख की सहायता राशि

**लखनऊ :** हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को सात लाख और घायलों को एक लाख की सहायता राशि दी जाएगी। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को दो-दो लाख की सहायता राशि और घायलों को 50-50 हजार रूपए देने की घोषणा की है। वहीं जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों के लिए 50 हजार की सहायता की घोषणा की है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख प्रकट किया है।

### एक नजर

### पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट, तीन की मौत

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे। उन्होंने बताया एक लड़के ने कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि दो अन्य लोगों की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### जबरन वसूली के आरोप में महिला वकील गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में पुलिस ने एक होटल व्यवसायी को उसके प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी देकर उससे 12 लाख रुपये लेने के आरोप में 27 वर्षीय एक महिला वकील को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 43 वर्षीय व्यक्ति को चेतावनी दी थी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वह वाशी में उसके होटल के खिलाफ स्थानीय नागरिक निकाय में दर्ज शिकायत वापस नहीं लेगी। वाशी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को उसने वाशी के एक कैफे में होटल व्यवसायी से 12 लाख रुपये लिए, जहां नवी मुंबई अपराध इकाई के अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया।

## 57 सीटों पर मतदान कल

वरिष्ठ संवाददाता, नई दिल्ली/लखनऊ



- आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों की होगी अग्नि परीक्षा

**अमृत विचार:** सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिए मतदान शनिवार को होगा। उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर, पंजाब की 13 सीटों, पश्चिम बंगाल की 9 सीटों, बिहार की 8 सीटों, ओडिशा की 6 सीटों, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों तथा झारखंड की 3 सीटों और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नतीजे चार जून को आयेंगे।

उत्तर प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए गुरुवार को प्रचार थम गया। इन सीटों पर मतदान के लिए 31 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान एक जून को होगा। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रत्याशी हैं।

### उप्र में इन सीटों पर मतदान

जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज (अजा) व सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट शामिल है।

## गैंगस्टर छोटा राजन को सुनाई आजीवन कारावास की सजा



**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के जुर्म में गैंगस्टर छोटा राजन को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मकोका के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

जय शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल का मालिक था। छोटा राजन गिरोह की ओर से जबरन वसूली की धमकियों का सामना कर रहे जय शेट्टी को गिरोह के दो कथित सदस्यों ने चार मई 2001 को होटल की पहली मंजिल पर गोली मार दी थी। अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस ने होटल प्रबंधक की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच से पता चला कि शेट्टी को छोटा राजन गिरोह के सदस्य हेमंत पुजारी से रंगदारी के लिए फोन आया था और पैसे न देने पर उसकी हत्या कर दी गई।

## दबिश देने गई पुलिस को बंधक बना पीटा

संवाददाता, पाकबड़ा (मुरादाबाद)

### दुस्साहस

- अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर दी थी घर में दबिश
- 5 लोग मौके से भाग निकले, बिना वर्दी वाले दो कांस्टेबल बनाए बंधक

**अमृत विचार :** अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर आरोपियों के घर दबिश देने गई पाकबड़ा थाने की पुलिस को बंधक बनाकर पीटा । दबिश देने गई पुलिस टीम में सात पुलिसकर्मी थे। आरोपी परिजनों ने जब हमला किया तो पांच पुलिसकर्मी मौके से भाग निकले, जबकि बिना वर्दी वाले दो कांस्टेबल को बंधक बना लिया और उन्हें जमकर पीटा। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

गुरुवार को अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर पुलिस दबिश देने गांव नगला बनवीर पहुंची थी। पुलिस टीम में चार दरोगा, महिला होमगार्ड और दो कांस्टेबल समेत सात पुलिसकर्मी थे। आरोपी परिवार के लोगों ने जब हमला किया तो चारों दरोगा समेत पांच लोग मौके से भाग निकले, जबकि बिना वर्दी वाले दो कांस्टेबल को पकड़ लिया और सिर में ईंट से वार किया। इन दोनों पुलिसकर्मियों का थानाध्यक्ष ने टीएमयू में चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। वायरल वीडियो में दोनों घायल कांस्टेबल विक्रांत उर्फ सारन और प्रवीन कुमार टी-शर्ट, जींस व पैंट पहने दिख रहे हैं। इन पर आरोपी परिवार वालों ने 10 लाख रुपये के जेवर चुराने का आरोप लगाया है। कहा कि तुम वर्दी में नहीं हो, यदि कांस्टेबल हो तो आई कार्ड दिखाओ। थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि खबर मिली थी गांव नगला बनवीर में बाबू ठाकुर शराब बना रहा है तो पुलिस दबिश देने गई थी। कई दिनों पहले बाबू ठाकुर के बेटे विकास की तमंचा हाथ में लिए एक तस्वीर एक्स पर वायरल हुई थी। थानाध्यक्ष ने कहा कि पता चला था कि आज आरोपी (विकास) घर आया है। इसको लेकर भी पुलिस मौके पर गई थी। 11 दिनों के अंतराल में दूसरी बार हुई पिटाई से थाना पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है।

### मदरसा बोर्ड में भी लड़कियां आगे

## 88.5 % परीक्षार्थी सफल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीए में शाहजहांपुर की राबिया बी को तीसरा स्थान मिला

**अमृत विचार:** यूपी मदरसा बोर्ड का परिणाम जारी हो गया है। 88.5 फीसदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास कर ली है। बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि इस साल 1,14,723 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें 1,01.602 ने परीक्षा पास कर ली।

परीक्षा में लड़कियों ने ही बाजी मारी है। 90.3 फीसदी लड़कियों ने पास होकर कद बढ़ाया जबकि 86.7 फीसदी लड़कों ने पास होकर दूसरे नंबर पर अपना नाम लिखाया। हाईस्कूल में झांसी के असद खान वारसी ने टॉप किया है। देवरिया की अफीफा को दूसरा स्थान मिला है जबकि देवरिया की ही लाडली खातून को तीसरा स्थान मिला है। इंटरमीडिएट में कन्नौज के मोहम्मद रेहान रजा ने टॉप किया है। सीतापुर की गुलिस्तां परवीन को दूसरा और सीतापुर की ही यास्मीन को तीसरा स्थान मिला है। कामिल (बीए) की परीक्षा में जालौन के मोहम्मद आर्यन सिद्दीकी ने टॉप किया है। बहराइच की जीनत ने दूसरा और शाहजहांपुर की राबिया बी को तीसरा स्थान मिला है। फाजिल (एमए) की परीक्षा में सीतापुर की गुलफशां ने टॉप किया है।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब तलब



**नई दिल्ली।** धनशोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।

## सूरज की सतह उगल रही है जबरदस्त आग

- अफ्रीकी देशों में रहा असर, हुआ ब्लैक आउट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक तरफ सूरज आग उगल रहा है तो दूसरी ओर धरती भीषण गर्मी से तप रही है। सूर्य पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने में आमादा है। गत दिवस फिर एक भीषण विस्फोट सूर्य की सतह पर हुआ है। जिससे अफ्रीकी देशों में ब्लैक आउट हुआ। आने वाले दिनों में भी सूर्य जबरदस्त विस्फोटों के संकेत दे रहा है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर तपिश बेकदर हाबी है। आए दिन जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। जिनका असर पृथ्वी तक देखने को मिल रहा है। गत दिवस सन स्पॉट संख्या एन ओ ए ए 3697 से मेजर एक्स 1.4 श्रेणी की आग भड़की है। भारतीय समय के अनुसार यह विस्फोट रात 9.41 बजे हुआ। जिसमें भयानक ज्वाला निकली, जो रात 10.25 बजे तक जारी रही। इसमें तेज रफ्तार वाला भू-चुम्बकीय सौर तूफान 900 किमी प्रति सेकंड की गति से उठा। इससे रेडियो ब्लैकआउट हुआ, जो मध्य अटलांटिक महासागर में शुरू हुआ और प्यूर्टो रिको तक जारी रहा। अफ्रीका के अल्जीरिया में रेडियो ब्लैकआउट का असर देखा गया।

इधर, सन स्पॉट ए आर 3664 अब पृथ्वी की ओर वाले हिस्से पर वापस आ गया है। इसने कुछ दिन पहले सौर चक्र 25 की अब तक की सबसे बड़ी एक्स फ्लेयर एक्स 8.8 श्रेणी की आग उगली थी। जिससे 10 मई को विशाल वैश्विक भू-चुंबकीय तूफान पृथ्वी तक पहुचा था। इस सन स्पॉट के पृथ्वी की दिशा में आ जाने से विस्फोटों की आशंका बढ़ गई है। जिस कारण दुनियाभर के वैज्ञानिक इन पर नजर रखे हुए हैं।



### लद्दाख में नजर आने लगा भू-चुम्बकीय तूफान का असर

**नैनीताल :** डा वहाब के अनुसार भू-चुम्बकीय सौर तूफानों का असर भारत के लदाख तक नजर आने लगा है। 10 मई को आये तूफान से लदाख का आसमान लाल रंग में जगमगा उठा था। लदाख काफी ऊंचाई मे स्थित है। जिस कारण तूफान का असर ऑरोरा यानी लाल प्रकाश के रूप में देखने को मिला। इससे यह जानकारी पुख्ता हो गई कि भविष्य में भू चुम्बकीय सौर तूफानों का असर लदाख में पड़ेगा।

एक नजर


श्री आत्मानंद जैन सभा द्वारा आयोजित हवन में आहुति देते जैन समाज के लोग।

## जैन श्वेतांबर मंदिर में हुआ हवन का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में पद्मावती देवी का हवन का आयोजन हुआ। इसमें 108 श्लोकों द्वारा 108 बार हवन किया गया। जिसमें जैन समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सोनू जैन व नीति जैन ने मां का गुणगान भजन गाकर किया। मां पद्मावती का हवन नगर में पहली बार हुआ है। इस हवन के मुख्य यजमान धर्मपाल, निर्मला जैन के वंशज संजीव, राजीव व संदीप जैन रहे। कार्यक्रम में कोमल जैन, राहुल जैन, राजेंद्र जैन, रवि जैन, प्रिंस जैन, संजीव जैन, इंदु जैन, यशस्वी जैन, समित्रा जैन और कौशिक जैन आदि रहे।

### निकोटेक्स च्युइंगम टेबलेट का कराया जाता है सेवन, इसके प्रयोग से धीरे-धीरे छूट जाती है तंबाकू की आदत

# तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रयास से एक साल में 12 ने छोड़ी लत

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कहा जाता है कि यदि दृढ़ इच्छा के साथ सही सलाह मिल जाए तो बुरी लत भी छूट जाती है। ऐसा ही हो रहा है जिला अस्पताल के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ में। एक साल में इस प्रकोष्ठ में 1962 लोगों की काउंसिलिंग कर उनके तंबाकू के दुष्परिणाम की जानकारी देकर इसे छोड़ने की सलाह दी गई। साथ ही इलाज के माध्यम से इनको मोटिवेट किया गया, जिसका प्रभाव यह रहा कि एक साल में 12 लोगों ने तंबाकू सेवन से हमेशा के लिए तौबा कर लिया।

हर साल 31 मई को दुनिया भर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले दुष्परिणाम को बताकर लोगों को जागरूक करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष दुनिया में लगभग 80 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन से होती है। ऐसे में लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने और इसके नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस ( वर्ल्ड नो टोबैको डे ) मनाया जाता है।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला अस्पताल में तंबाकू नियंत्रक प्रकोष्ठ संचालित है। इसमें मनोवैज्ञानिक, काउंसलर, सामाजिक कार्यकर्ता श्योवीर सिंह आदि समाज में व्याप्त ऐसी कुरीतियों को छुड़ाने के लिए लोगों की काउंसिलिंग के साथ ही इलाज करते हैं जिससे रोगी व उनके परिवार की स्थिति में सुधार हो जाए। इस प्रकोष्ठ में कई ऐसे व्यक्ति आते हैं जो दशकों से तंबाकू का सेवन करते चले आ रहे हैं लेकिन यहां मिली सलाह व सही राह ने उनके जीवन की दशा बदल दी।



मनोवैज्ञानिक रीमा यादव व सामाजिक कार्यकर्ता श्योवीर सिंह।

### इन्होंने की तंबाकू सेवन से तौबा

एक वर्ष की काउंसिलिंग में नाजिम हरपाल नगर, कमलेश देवी व लकी बंगला गांव, हामिद अली निवासी करुला, अमरनाथ बंगला गांव, नाथूराम निवासी कंजरी सराय, हिमांशु हिमगिरी, अकरम निवासी हरथला, किशनलाल यादव, मलखान यादव, बैरनी निवासी बिलारी ने लिए तंबाकू सेवन छोड़ दिया।

### एक वर्ष में हुई 1962 की काउंसिलिंग

जिला अस्पताल के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ में अप्रैल 2023 से अप्रैल 2024 तक मनोवैज्ञानिक रीमा यादव और काउंसलर पंकज चौहान ने तंबाकू का सेवन करने वाले 1962 लोगों की काउंसलिंग की। काउंसिलिंग में तंबाकू के सेवन से होने वाले विभिन्न रोगों जैसे कैंसर, मुंह का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, टीबी, हार्ट अटैक, गैंगरीन आदि रोगों के दुष्परिणाम बताकर लोगों को जागरूक किया गया। जिसका असर यह पड़ा कि काउंसलिंग में बताई सलाह मानकर लोगों ने निकोटेक्स च्युइंगम का सेवन शुरू किया। एक वर्ष में 8552 निकोटेक्स की च्युइंगम टेबलेट लोगों को डोज के रूप में दी गई।

### तंबाकू का सेवन छुड़वाने के लिए यह करते हैं उपाय

मनोवैज्ञानिक रीमा बताती हैं कि तंबाकू सेवन करने वालों से काउंसिलिंग के दौरान इसके सेवन करने के कारणों को पहले जानने का प्रयास होता है। क्योंकि इसके कई मनोवैज्ञानिक व सामाजिक, पारिवारिक कारण होते हैं। मरीज के बताए कारणों को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर परामर्श दिया जाता है। उनको रहन सहन बदलने, उस परिवेश या परिस्थिति से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है जो तंबाकू सेवन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। फिर उसे छोड़ने के उपाय बताए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिनको नियमित तंबाकू सेवन करने की प्रवृत्ति होती है उनके लिए 3-6 महीने का कोर्स कराते हैं। एक दिन में अधिकतम 12 निकोटेक्स च्युइंगम टेबलेट ले सकते हैं।

# ट्रिपिंग, बिजली कटौती से बच्चे और बुजुर्गों का बुरा हाल

### ओवरलोडिंग से दिन में 10 से 12 स्थानों पर हो रहे फाल्ट, रोजाना 7 से 8 घंटे लगातार हो रही बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 45 डिग्री तापमान में बिजली विभाग के उपकरणों में रोज दस से बारह स्थानों पर फाल्ट हो रहे हैं। जिससे महानगर में हो रही बिजली कटौती और बढ़ गई। ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती से लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। ऐसे में सात से आठ घंटे लगातार बिजली कटौती से घरों में छोटे बच्चों के साथ महिलाओं और बुजुर्गों की भी हालत खराब है। महानगर के लोग इस वक्त दोहरी मार का शिकार हो रहे हैं। घर से बाहर निकलने में धूप और गर्म हवाएं झुलसा रही हैं। जबकि घरों की बिजली गुल होने लोग बदहाल है। पीतल नगरी मोहल्ले में ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर सात घंटे तो टाउन हॉल विद्युत केंद्र के 1200 उपभोक्ता पांच घंटे बिजली गुल रहने से परेशान रहे। वहीं तीन विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े कई मोहल्लों की तारों में आग लगने से बिजली सप्लाई चार से पांच घंटे ठप रही।

गुरुवार को सुबह सात बजे पीतल नगरी के रहने वाले लोगों की उनके जागने पहले ही बिजली सप्लाई गुल थी। लोगों ने सुबह से लाइनमैन से लेकर अधिशासी अभियंता को फोन मिलाए। लेकिन, किसी ने भी फोन नहीं उठाया। पीतल नगरी की रहने वाली मीनाक्षी चौहान ने बताया कि 9 बजे एसडीओ को बिजली आने के संबंध में फोन मिलाया तो एसडीओ बिजली कटौती की बात से खुद को अनजान बता रहे थे। जिससे पीतल नगरी में रहने वाले 1500 उपभोक्ताओं की दोपहर 12 बजे तक लगातार पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। टाउन हॉल विद्युत केंद्र पर बुधवार को ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया था। जिसको सही करने में गुरुवार को सुबह 9 बजे से आपूर्ति बंद की गई। जिसके बाद दोपहर दो बजे तक पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे लोगों को बिजली के साथ पानी की किल्लत भी झेलनी पड़ी। पीरगैब, लंगड़े की पुलिया मोहल्ले में दिन में 11 बजे पुराने और जर्जर तारों में आग लग गई। जिसके बाद बिजली आपूर्ति 3 बजे तक बाधित रही। कटार शहीद मोहल्ले में तारों में आग लगने से तार काफी देर जमीन पर लटके रहे। स्थानीय लोगोंकी सूचना पर एक घंटे के बाद बिजली कर्मचारियों ने तार जोड़े, जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारु हो सकी।


मूंढापांडे के भीतखेड़ा उपकेंद्र में पानी की बौछार से ट्रांसफार्मर को ठंडा करता कर्मचारी।

> गर्मी के मौसम में गुरुवार का दिन सबसे गर्म रहा। 45 डिग्री तापमान में बिजली उपकरणों को ठंडा करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में कई स्थानों पर फाल्ट हुए हैं। जिससे कई जगह लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही है। गर्मी के मौसम लाइनमैन भी फाल्ट सही कर रहे हैं।
>
> **-मनीष चोपड़ा,** अधीक्षण अभियंता, नगरीय

## 4 लाख विद्युत उपभोक्ताओं पर 200 करोड़ रुपये बकाया

- 20 प्रतिशत से कम लोग कर रहे बिल जमा, विभाग अब ऐसे उपभोक्ताओं के काटेगा कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के देहात क्षेत्र की तीनों डिवीजन के चार लाख उपभोक्ताओं पर दो सौ करोड़ से अधिक का बकाया है। बिजली विभाग के लाख प्रयास के बाद भी उपभोक्ता पैसा जमा करने को तैयार नहीं है। विभाग अब ऐसे ट्यूबवेल घरेलू और इंड्रस्टी के उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने की तैयारी में कर रहा है।

गुरुवार को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश तोमर ने बताया की तीनों विद्युत वितरण खंड में चार लाख पांच हजार उपभोक्ता हैं। जिसमें विद्युत वितरण खंड प्रथम में 2 लाख, द्वितीय में 1 लाख पांच हजार और वितरण खंड तृतीय में 1 लाख उपभोक्ता हैं। जिसमें बिजली का बिल मात्र 20 प्रतिशत लोग ही जमा कर रहे हैं। चार लाख पांच हजार एलएमबी वन के उपभोक्ताओं पर 180 करोड़ का बिजली का बिल बकाया है। वहीं ट्यूबवेल प इंडस्ट्रीज के उपभोक्ताओं पर 20 करोड़ का बिजली के बिल का बकाया है। विभाग की ओर से ओटीएस और अन्य प्रकार सभी छूट दी गई थी। जिसके बाद भी लोग बकाया बिल जमा नहीं कर रहे हैं। विभाग ने अब ऐसे उपभोक्ताओं की बिजली कनेक्शन काटने की तैयारी कर ली है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत नियुक्त होंगे अध्यापक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निशुल्क कोचिंग केन्द्रों पर सिविल सर्विसेज आईएएस, पीसीएस की सत्र 2024-25 में परीक्षा पूर्व पढ़ाने के लिए सिविल सेवाओं के पाठ्यक्रम से संबंधित विषयों के लिए अनुभवी अध्यापकों की भर्ती की जाएगी। इसकी जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है।

गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि एनडीए, सीडीएस के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषयों जैसे-गणित एवं सामान्य अध्ययन इत्यादि में विशेष योग्यता रखने वाले उच्च शिक्षित एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों को वरीयता दी जाएगी। सरकारी गैर सरकारी विशेषज्ञों से उनका बायोडाटा प्रमाण पत्रों सहित 20 जून तक जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा कराने होंगे। विषज्ञ-विशेषज्ञों का चयन साक्षात्कार, योग्यता, अनुभव के आधार पर किया जाएगा।

## महानगर को स्मार्ट बनाने की राह में 13 दुकानें बनीं रोड़ा

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से शहर को स्मार्ट बनाने की कवायद में प्रेम चुनरिया होटल के नीचे बनीं 13 दुकानें रोड़ा बन गई हैं। जिससे बुध बाजार में स्मार्ट सिटी कार्य अब लंबे समय के लिए लटक गया है। इस परियोजना में बिजली विभाग की ओर से भूमिगत केबल डालने के कार्य भी बीच में अटके हैं। सभी दुकानदारों ने मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की शरण ली है।

गुरुवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के नोडल अधिकारी सुधाकर कुमार ने बताया की स्मार्ट सिटी के कार्य में अब लंबी बाधा आ गई है। पिछले चार महीने से अभी 800 मीटर सड़क में परियोजना के मुताबिक भूमिगत केवल नहीं डल पाई है। जिसकी वजह प्रेम चुनरिया होटल के नीचे बनी 13 दुकानों को निगम की जेसीबी नहीं तोड़ पाई है। दुकान स्वामियों ने मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। बिजली विभाग और नगर निगम की ओर से भी वकील पैरवी कर रहे हैं। जिसकी कि गुरुवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई थी। जिसमें कोर्ट ने अभी कोई फैसला नहीं सुनाया है। अब कार्य न्यायालय के फैसले के बाद ही शुरू हो पाएगा।


बुधवाजार में हिंदू कालेज के पास सौंदर्यीकरण में बाधक बनीं दुकानें। ● अमृत विचार

## कड़ी सुरक्षा में होगी मतगणना, व्यवस्थाएं कराएं दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कड़ी सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना होगी। मतगणना स्थल पर बिजली, पानी व अन्य व्यवस्था संबंधित अधिकारी सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने बैठक में कानून, बिजली, टेंट, साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल, मतगणना संबंधी अन्य व्यवस्थाएं व इंटरनेट आदि के प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा की। मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार कार्य पूरा कराना है। किसी भी स्थिति में कोई लापरवाही व चूक नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शशि भूषण, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, एसपी यातायात सुभाष गंगवार, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीएसटीओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### डीएम ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने गुरुवार को मण्डी समिति में स्ट्रांग रूम/मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतगणना से संबंधित तैयारियों को देखा। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया आदि मौजूद रहे।

आयोजन | कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण

# फोर्टिफाइड राइस से मिलता है बच्चों को पूरा पोषण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** खाद्य रसद विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत लाभार्थियों को वितरित हो रहे फोर्टिफाइड राइस के बारे में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विपणन एवं आपूर्ति शाखा, एफसीआई के अधिकारियों, राइस मिलर्स और उचित दर विक्रेताओं को इसके प्रयोग व फायदे के बारे में जानकारी दी गई।

विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से आए मयंक भूषण ने फोर्टिफाइड राइस के बारे में जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने पर जोर दिया। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि कोटेदारों के माध्यम से इसका वितरण कराया जा रहा है। मध्याह्न भोजन में भी इसका प्रयोग करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राइस मिलर्स को इसके लिए जागरूक किया गया। इसके प्रयोग से संपूर्ण पोषण स्वच्छ जीवन का संकल्प साकार होगा। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने फोर्टिफाइड राइस को लेकर स्थानीय राइस मिलर्स को सरकार की मंशा को सफल बनााने के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि फोर्टिफाइड राइस कुपोषण को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। प्रशिक्षण के दौरान विपणन निरीक्षक समरपाल सिंह, विजयराज सिंह, विपिन श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, जगत नारायण, सर्वजीत पांडेय, मनोज शुक्ला, सुभाष चंद्र, दीपक कुमार, वितरण प्रणाली की उचित दर विक्रेता, पूर्ति निरीक्षक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी व राइस मिलर्स आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

### क्या है फोर्टिफाइड चावल

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि फोर्टिफाइड चावल बनाने के लिए सबसे पहले सामान्य चावल का पाउडर बनाया जाता है। उसमें सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे विटामिन बी-12, फोलिक एसिड और आयरन एफएफएफएसआई के मानकों के अनुसार मिलाए जाते हैं। एक्सट्रेडर मशीन से चावल के दानों या एफआरके के एक दाने को सामान्य चावल के 100 दानों के अनुपात में मिलाया जाता है। यह तैयार किया फोर्टिफाइड चावल पोषणयुक्त होता है।



बैठक में मौजूद डॉ. सुनील कुमार दोहरे व विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी।

## शहर को स्वच्छ बनाने को आगे आए धर्मगुरु

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे की अध्यक्षता में नगर निगम के डीसीसीसी कार्यालय में गुरुवार को बैठक हुई। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत महानगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए धर्मगुरुओं ने सहयोग करने और स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करने की सहमति जताई।

बैठक में तय हुआ कि महानगर को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। समाज के लोगों को इस अभियान में अधिक से अधिक जोड़ा जाएगा। इससे स्वच्छता अभियान को और सुगमता से सफल बनाया जा सके। बैठक में कार्यदायी संस्था टीम के सदस्य, हिंदू कॉलेज की वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष अनामिका त्रिपाठी, लीगल एडवाइजर प्रकृति सेवा समिति रमेश आर्य, सिख धर्मगुरु सरदार गुरविंदर सिंह, हिंदू धर्मगुरु आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी, मुस्लिम धर्मगुरु नायब शहर इमाम सैय्यद मुफ्ती फहद अली आदि मौजूद रहे।

BHARAT MAXILLO FACIAL SURGERY & DENTAL IMPLANT CENTRE



Dr. Amit Yadav
BDS, MDS
(Oral & Mxillo Facial Surgeon)







- दाँतों की समस्त बीमारियों का इलाज।
- बाहर निकलें दातों को तार बांधकर व्यवस्थित करना।
- मसूड़ों की हड्डी में स्थाई दाँत लगाना।
- जबड़े की रसौली का इलाज।
- जबड़ें व चेहरे की हड्डियों के फ्रेक्चर का अत्याधुनिक तकनीक (मिनी प्लेटिंग) द्वारा इलाज ।

Shahpur Tigri Road, Near Khushalpur Police Chowki, Moradabad.
Mob- 9457168237, 7579663555

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.moradabad@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी हमें भेज सकते हैं। पता : अमृत विचार कार्यालय आशियाना फेस वन मुरादाबाद उप्र।

## शहर में आज



☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट की ओर से पारिवारिक मनोरंजक सभा बुद्धि विहार स्थित लवीना डिलाइट होटल में रात्रि 8:30 बजे से।

☞ कृषि प्रदर्शनी के जिगर मंच पर सितारों का संगम शाम सात बजे से।

☞ राष्ट्र संत जैनाचार्य श्रीमद् विजय समुद्र सूरीश्वर जी की 47वीं पुण्यतिथि पर प्रभातफेरी सुबह 6 बजे।

## एक नजर

### मंदबुद्धि व्यक्ति की गर्मी से मौत, शिनाख्त नहीं

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** मंदबुद्धि व्यक्ति की गर्मी से मौत हो गई। इसकी सूचना मोहल्लेवासियों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। नगर पंचायत के मोहल्ला पुराने थाने के पीछे एक मंदबुद्धि व्यक्ति काफी देर तक पड़ा रहा। कोई गतिविधि न होने पर पर मोहल्लेवासियों ने पास जाकर देखा तो वह मृत था। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मौत को कारण पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### युवक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना पुलिस ने कुंवर साहब वाली गली निवासी मेराज को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गुरुवार को दरोगा सतेंद्र मलिक की टीम ने चेकिंग के दौरान आरोपी को पकड़ा है। उससे एक तमंचा बरामद हुआ है।

# प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म ससुर भी करता था छेड़छाड़

● एसएसपी के आदेश पर पति समेत पांच पर दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक मुहल्ले का ही बताया जा रहा है। आरोप है कि युवक ने पहले महिला को प्रेमजाल में फंसाया और फिर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया। जेल जाने के डर से निकाह भी कर लिया था। कुछ समय बाद दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि ससुर ने भी उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता की।

हरथला चौकी क्षेत्र निवासी पीड़िता ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया है कि हरथला के ही विद्यानगर क्षेत्र निवासी युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हुई तो आरोपी ने कहा कि गर्भपात करा दो फिर वह निकाह कर लेगा। आरोप है कि गर्भपात कराने के बाद भी आरोपी ने निकाह नहीं किया। शिकायत पुलिस से की तो आरोपी ने 29 मार्च 2023 को निकाह कर लिया। 29 अगस्त को ससुर, सास, ननद और देवर ने मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की। आरोप है कि 9 मई को ससुर ने पीड़िता के कमरे में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता की। सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर पर आरोपी पति, सास-ससुर समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## दस सराय पुलिस चौकी से कोहिनूर तिराहे तक अतिक्रमण ध्वस्त, 3.40 लाख जुर्माना भी वसूला

# विरोध व नोकझोंक के बीच निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में विरोध व नोकझोंक के बीच दस सराय पुलिस चौकी से कोहिनूर तिराहे तक अतिक्रमण हटवाया। सड़क की दोनों पटरियों पर नाले के ऊपर बने रैंप को जेसीबी से ध्वस्त कराया। वहीं रेहड़ी पटरी लगाकर फुटपाथ कब्जा करने वालों के ठेले हटवाकर सामान भी जब्त कर लिया। दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

उप नगर आयुक्त के नेतृत्व में टीम संभल रोड पर दस सराय पुलिस चौकी के पास पहुंची। यहां से सड़क की दोनों पटरियों पर दुकानों के आगे निकले छज्जे और बाहर बने चबूतरे को जेसीबी से तोड़कर ध्वस्त करना शुरू कर दिया। यह देखकर कई दुकानदार व पटरी व्यवसायी टीम का विरोध करने लगे। कहा कि बड़े लोगों के अतिक्रमण छोड़कर केवल छोटे कारोबारियों को उजाड़ा जा रहा है। लेकिन प्रवर्तन दल की टीम ने



अभियान के दौरान अवैध निर्माण तोड़ती निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

● सड़क की पटरियों पर दोनों ओर बने रैंप को जेसीबी से ध्वस्त किया

जेसीबी से सड़क की दोनों पटरियों पर दुकानदारों द्वारा रखे सामान आदि को हटवाकर अतिक्रमण के दायरे में आए चबूतरे, छज्जे और टीनशेड को तोड़कर ध्वस्त करा दिया।

नाले पर लगे लोहे के जाल को जेसीबी से तोड़कर हटाया। फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त कर ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर उठा ले गए। चेतावनी दी कि फिर से अतिक्रमण न करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं टीम ने फुटपाथ पर सामान रखने वाले दुकानदारों, ठेले, रेहड़ी पटरी वालों से अतिक्रमण करने के चलते चालान करते हुए 3.40 लाख रुपये जुर्माना के रूप में वसूला। टीम में कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता रईस अहमद, प्रभारी प्रवर्तन दल एसके शाही व उनकी टीम के अलावा राजस्व विभाग के क्षेत्रीय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड 5, 8, 13, 16, 20, 21, 27, 32, 33 व 66 में एक-एक स्थान पर हो रही पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड नंबर 34 व 61 में पाइप लाइन वॉश आउट का काम कराया। वार्ड नंबर 19, 29, 31, 69 में पानी न आने की शिकायत का समाधान कराया। वार्ड नंबर 40 में गंदा पानी आने की शिकायत दूर कराई।

# 10 साल का तोड़ा रिकॉर्ड, सबसे गर्म रहा गुरुवार

## अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, सुबह 9 बजते ही 38 डिग्री सेल्सियस हुआ पारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी से लोग व्याकुल हैं। दिन में लू से जनजीवन बेहाल रहा। गुरुवार को अधिकतम पारा 45 डिग्री और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। लू के थपेड़ों से लोग व्याकुल हो उठे। अभी दो दिन राहत की उम्मीद नहीं है। दो जून को छिटपुट बारिश होने का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

गुरुवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह 9 बजे ही तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दोपहर में तापमान बढ़ने से सूरज की तपिश और लू से लोग बेचैन हो उठे। आर्द्रता 18 प्रतिशत रही। जबकि 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली लू के थपेड़ों ने लोगों का बुरा हाल किया। दिन में सड़कों पर सन्नाटा रहा। लोग छांव की तलाश में भटकते रहे। शीतल पेयजल जैसे शिकंजी, नारियल पानी, गन्ने का जूस आदि पीकर लोगों ने राहत पाई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लू और गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि अभी तापमान अधिक रहेगा। दोपहर में लू से बचने की जरूरत है। दो जून को कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि इससे पहले दस साल पूर्व मई में इस तरह की गर्मी पड़ी थी।

वहीं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भी गर्मी व लू से बचने के लिए लोगों को सावधान किया गया है। जिलाधिकारी ने गर्म हवा/लू से बचाव के तरीके बताए। कहा कि गर्म हवा से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे ऐल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें। जिससे बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवा आती है, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। उन्होंने कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें। जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब और अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।


मऊ में ट्यूबवेल में नहाते युवक और बच्चे। ● अमृत विचार


गर्मी में कुछ इस तरह चेहरा ढककर जाता युवक।


प्रशिक्षण लेने जर्मनी जाने वाले टीएमयू एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# अंतर्राष्ट्रीय पटल पर छाए टीएमयू एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड साइंसेस के 23 स्टूडेंट्स को जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला है। हॉर्टिकल्चर वर्क प्रोग्राम एट जर्मनी के तहत छात्र जर्मनी के होफ रोहरकास्टेन और एर्डबीरहोफ ओस्टरलोह फार्म में जाएंगे। तीन महीने के लिए जर्मनी जा रहे हर स्टूडेंट को 2 लाख प्रति माह वेतन मिलेगा।

चयनित होने वाले स्टूडेंट्स में तेलंगाना से दुलाम अरुण कुमार, नवनीत धरशनाला, मौनिका बीधनी, निरंजन रेड्डी गुदुरु, शिव कृष्णा बोंला मडिपल्ली राजू, पटलोला प्रनीत रेड्डी, रेड्डीमाशू धीरज, बट्टू अरुण कुमार, जे भवदेश वर्मा, स्वामी भानावत, आंध्र प्रदेश से वेंकट फनींद्र रेड्डी माचुपल्ले, मनुषा रेड्डी रामीरेड्डी, सैयद गौस अजम, शैख़ असीफ हुसैन, वेंकट श्रवंती मलेपाटि, लक्ष्मी प्रथ्यूषा बुट्टी, कोल्ली पालडिंकर. उत्तर प्रदेश से अंश यादव, अभिषेक, ऋतिक कुमार सिंह, आर्यमान सिंह और बिहार से ऋषभ राज है। टीएमयू एग्रीकल्चर की इस उपलब्धि पर कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन और मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी नंदिनी जैन ने शुभकामनाएं दी।

# महिलाओं ने बंद कर मारपीट भी की

## पुलिस पिटाई प्रकरण

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** गांव नगला बनवीर में गुरुवार को अवैध शराब की सूचना पर दबिश देने गए पाकबड़ा थाने के पुलिस कर्मी बाबू ठाकुर के घर में घुसे थे। ये दो पुलिसकर्मी विक्रांत उर्फ सारन और प्रवीन कुमार बिना वर्दी के थे। घर की महिलाओं व पुरुषों ने हमला बोला तो वर्दी वाले भाग गए और मौका पाकर महिलाओं ने बिना वर्दी वाले दोनों कांस्टेबल को पकड़ लिया और घर का मुख्य दरवाजा बंद कर उनके साथ मारपीट की।

अब सवाल ये है कि जब कई दिन पहले बाबू ठाकुर के बेटे विकास का तमंचा के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर फोटो वायरल हुआ तो उसमें अब तक पुलिस क्यों ढील देती रही। जब गुरुवार को अवैध शराब के मामले में सूचना मिली तो जीप भर कर पुलिसकर्मी जाकर उसके घर घुस गए, जहां उन्हें मार खानी पड़ी। खबर ये भी है कि एक दरोगा के भी कई लाठी-डंडे पड़े हैं। लेकिन, उनका मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया है। वहीं, बंधक बने दोनों कांस्टेबल में विक्रांत के सिर पर आरोपी ने ईंट मार दी। उनका सिर फट गया और वह रक्तरंजित हो गए। कांस्टेबल प्रवीण के भी सर पर डंडा मार दिया तो वह भी लहूलुहान हुए हैं। गनीमत रही कि थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह दल-बल के साथ बाबू ठाकुर के घर पहुंच गए थे तो दोनों कांस्टेबल की जान बच गई। लेकिन, फिर भी पुलिस विकास को नहीं पकड़ पाई।


बाबू ठाकुर के घर में बंधक बने कांस्टेबल विक्रांत उर्फ सारन और प्रवीन कुमार।

### गैर राज्य की पुलिस के सामने भी कराई थी बेइज्जती

पाकबड़ा थाना पुलिस 19 मई के दिन तमिलनाडु पुलिस के सामने भी बेइज्जती करा चुकी है। जुम्मेरात का बाजार की सर्राफा मार्केट में दरोगा कुलदीप सिंह और आकाश त्यागी को व्यापारियों ने जमकर पीटा था। इनके चोटें आईं तो थानाध्यक्ष ने इनका जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया था। दरअसल, तमिलनाडु पुलिस डकैती का माल बरामद करने आई पाकबड़ा आई थी।

# ऑनलाइन टास्क के चक्कर में युवक ने 2.57 लाख गंवाए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ऑनलाइन टास्क पूरे करने के चक्कर में युवक ने 2.57 लाख रुपये से अधिक धनराशि गवां दी है। इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में कटघर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। धोखाधड़ी से पीड़ित सोहित कुमार वर्मा ने बताया कि वह कटकर थाना क्षेत्र में गोविंद नगर गली नंबर 5 के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि उनसे ऑनलाइन कंपनी ने टास्क पूरे करने के बदले रुपये की मांग थी। लालच देकर ऑनलाइन खातों में पेमेंट करा लिया है। जिस पर उन्होंने सिविल लाइन में स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा में अपने खाते से 6 अगस्त 2023 को 2,57,500 रुपये ट्रांसफर किए थे। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। प्रकरण की विवेचना शुरू की जा रही है।


पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का संकल्प लेते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना व अन्य।

# पौधे लगाकर संरक्षण का लिया संकल्प

● अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की दीनदयाल नगर साईं मंदिर के सामने सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने की। संचालन नीतू सक्सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला ने की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना ने कहा की आज गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दिल्ली में 52 सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया है। जो इतना तापमान अरब देशों में हुआ करता था। अगर इस तरह से ही गर्मी पड़ती रही तो जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। महासभा के सदस्यों ने आज एक शपथ लिया कि हम सब हर संभव दो पौधे अवश्य लगाएंगे और उनकी देखभाल ऐसे करेंगे जैसे अपने बच्चों की करते हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ से ज्यादा है और अगर हर एक व्यक्ति जिसके पास अपनी 20 फिट जगह है वह सिर्फ एक पौधा लगता है तो सीधे 20 करोड़ पौधे लग सकते हैं। जिससे अगली गर्मियों में तापमान 30 डिग्री हो सकता है। बरसात के सीजन में मुरादाबाद के जिस व्यक्ति को पौधे लगाने की इच्छा हो वह हमसे मुफ्त ले सकता है। बैठक में अनिल सक्सेना, रजनी सक्सेना, बिंदु सक्सेना, सुभाष्टनी सक्सेना, ज्योति, मॉडल दीपा सक्सेना, पूनम सक्सेना, मीणा सक्सेना, मिनाज सक्सेना, शालिनी सक्सेना, सुनीता सक्सेना, भावना सक्सेना आदि की उपस्थिति रही।

# दुकानदार समेत तीन पर एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेटे से मारपीट करने के आरोप में तीन आरोपियों के विरुद्ध कटघर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। मोना गोस्वामी पत्नी देशराज ने पुलिस को बताया है कि वह पीतल नगरी की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि 26 मई की रात 10:15 बजे उनके बेटे पड़ोसी अनिल कुमार गुप्ता की दुकान से सामान लेने गए थे। वहां पर दुकानदार अनिल से उनके बेटे की कहासुनी हो गई थी। फिर दुकानदार अनिल ने अपने दामाद के साथ मिलकर उनके बेटे को मारा पीटा। गाली गलौज की और बीच-बराव करने आए लोगों के सामने दुकानदार ने जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में मोना गोस्वामी ने दुकानदार अनिल कुमार गुप्ता, कन्हैया और उनके दामाद के विरुद्ध मारपीट के आरोप में कटघर थाने में मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि मोना गोस्वामी की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया है। प्रकरण में जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

## कार्रवाई — सीएल गुप्ता ग्रुप की फर्मों में तीसरे दिन भी आयकर की छापेमारी जारी

# सहयोगियों के घरों पर भी डाला डेरा, नोट गिनने की मशीन व स्कैनर मंगाए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दिल्ली से आईं आयकर अधिकारियों की टीमों ने सीएल गुप्ता ग्रुप की फर्मों और उनके सहयोगियों के घरों में तीसरे दिन भी डेरा जमाए रखा है। संबंधित फर्मों और सहयोगियों के घरों के बाहर अधिकारियों की सुरक्षा में विशेष सुरक्षा दल भी मुस्तैद है, जो न किसी को बाहर निकलने दे रहा है और न ही बाहरी व्यक्ति को अंदर प्रवेश दे रहा है।

पिछले दो दिनों की तरह गुरुवार को भी पूरे दिन और देर रात तक आई इंस्टीट्यूट एवं वर्ल्ड स्कूल में आयकर अधिकारियों की टीमें जांच-पड़ताल करती रहीं। बताया जा रहा है कि अधिकारियों ने संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में लेकर उसमें आय-व्यय का बारीकी से मिलान कर रहे हैं। निर्यात-आयात वाला माल कहां किसको सप्लाई हुआ, उससे कितना आय-व्यय रहा आदि बिंदुओं पर टीमें पड़ताल कर रही हैं। बताया जा रहा है कि सीएल गुप्ता ग्रुप की फर्मों में कई अन्य फर्मों से माल सप्लाई होता है तो कई अन्य फर्मों को सीएल गुप्ता की फर्म सप्लाई करती हैं। जिसके जरिए काफी संख्या में कारोबारी एक-दूसरे से जुड़े हैं। इन सभी मामलों में जांच पड़ताल की जा रही है। महानगर के कई बिल्डर, निर्यातक, कारोबारियों का कारोबार दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और अन्य प्रदेशों तक फैला है। वहीं, पाकबड़ा थाना क्षेत्र में भी आयकर अधिकारियों की टीमों ने सीएल गुप्ता ग्रुप के ग्रोथ सेंटर व सेक्टर-पांच में निसार अहमद के घर पर जांच की है। बताया जा रहा है कि निसार अहमद सीएल गुप्ता ग्रुप के लिए पीतल का कच्चा माल तैयार करते हैं। खबर तो ये मिल रही है कि निसार अहमद की तरह महानगर में निवास कर रहे करीब चार दर्जन कारोबारी आयकर अधिकारियों की निगाह में हैं। इनका कारोबार देश के साथ ही विदेशों तक है। अब तक इन्होंने कहां-कहां कारोबार किया, इस कारोबार के क्या-क्या रिकॉर्ड हैं और कहीं आयकर चोरी तो नहीं की गई है। इसकी पड़ताल में आयकर अधिकारी जुटे हैं। खास ये भी है कि इस मामले में अभी तक किसी आयकर अधिकारी ने कोई अधिकृत बयान नहीं दिया है और कुछ बोलने से भी एतराज कर रहे हैं।


सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान पर कार्रवाई के दौरान तैनात जवान। ● अमृत विचार

### सहयोगियों की भी जानकारी जुटा रहीं टीमें

आयकर अधिकारियों की टीमें सीएल गुप्ता ग्रुप के स्कूल, अस्पताल, फर्म और आवासों पर कार्रवाई कर रही हैं। साथ ही इनके कर्मियों के घरों व कार्यालयों को भी खंगाल रही हैं। इनके लैपटॉप, दस्तावेज और बैंक खाता व अन्य संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आयकर की टीम द्वारा नोट गिनने की मशीनें और स्कैनर मंगाए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि डेलमार कंपनी का संचालन आईएस सचदेवा के बेटे करते हैं। यह कंपनी सीएल गुप्ता के लिए काम करती है।

# सरकारी आवास में दरोगा की हुई मौत, कारण स्पष्ट नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन में तैनात दरोगा वहीद हसन की बुधवार को मौत हो गई। उनका शव कमरे में बिस्तर पर मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

उत्तराखंड के देहरादून जिले के सहसपुर थाना क्षेत्र के गांव केदारवाला निवासी वहीद हसन 54 वर्ष के थे। वह यूपी पुलिस में जनवरी 1989 में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुए थे। कुछ साल पहले उनका प्रमोशन उप निरीक्षक पद पर हो गया था। वर्तमान में वहीद हसन की तैनाती पुलिस लाइन में चल रही थी। प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन रकम सिंह ने बताया कि मंगलवार को वहीद हसन रोज की तरह ड्यूटी करके पुलिस लाइन स्थित अपने आवास में सोने चले गए थे। बुधवार को जब दोपहर बाद तक वह नहीं आए तो पुलिसकर्मी उनके आवास पर देखने गए। उनका शव बिस्तर पर पड़ा था। बुधवार रात में ही पोस्टमार्टम के बाद उनके शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

उधर, पोस्टमार्टम हाउस पर ही एसएसपी हेमराज मीना, एसपी देहात संदीप कुमार मीना, एएसपी अमरिंदर सिंह, सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, आरआई रकम सिंह, थानाध्यक्ष सिविल लाइंस आरपी शर्मा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों और सिपाहियों ने वहीद हसन के शव पर पुष्प चक्र चढ़ाकर अंतिम सलामी दी।

एक नजर

## दो प्रेमी जोड़ों को परिजनों ने रंगरेलियां मनाते पकड़ा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** दो प्रेमी जोड़ों को घर में रंगरेलियां मनाते हुए परिजनों ने पकड़ लिया। उसके बाद परिजनों ने उन्हें जमकर पीटा। पीटने के बाद दोनों जोड़ों को घर में ही बंद कर दिया। उसके बाद पुलिस को बुला लिया गया। पुलिस ने दोनों जोड़ों को थाने भिजवा दिया। थाना क्षेत्र मझोला में गुरुवार की दोपहर को सेक्टर एक में रंगरेलियां मनाते हुए पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि एक घर में किराए पर माता-पिता लड़की एवं छोटा भाई रहते हैं। माता-पिता दोनों मेहनत मजदूरी करते हैं। गुरुवार की सुबह को अपनी ड्यूटी करने के लिए चले गए। दोपहर को जैसे ही मां दोपहर में घर खाना लेने के लिए पहुंची। तब देखा तो घर का दरवाजा बंद था। जैसे ही दरवाजा खोला तो उनकी बेटी के अलावा वहां पर दो लड़के एक लड़की और थे। यह देखते ही मां आग बबूला हो गई और सबको पीटना शुरू कर दिया। उसके बाद सभी को मां ने बाहर से दरवाजा बंद कर अंदर ही बंद कर दिया। साथ ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी को थाने ले गई।

### कृषि प्रदर्शनी में जिगर मंच पर महारास के कलाकारों ने प्रस्तुति से बांधा समा

# रासलीला में राधा-कृष्ण के स्वरूप संग थिरके दर्शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिगर मंच पर रासलीला का मंचन करते लखनऊ की महारास संस्था के कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला कृषि प्रदर्शनी अनुगूंज के छठे रासरंग कार्यक्रम का जिगर मंच पर कृषि संयुक्त निदेशक कृषि प्रशांत यादव, जिला कृषि अधिकारी प्रभारी सचिव ऋतुषा तिवारी, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिसके बाद मंच पर लखनऊ से आए महारास संस्था के कलाकारों ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में रासलीला की। जिसमें कलाकारों ने बरसाने की लट्ठमार होली व फूलों की होली का शानदार चित्रण किया।

गुरुवार को जिला कृषि औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के मंच पर लखनऊ की रासरंग संस्था के कलाकारों की धूम रही। सबसे पहले गणेश वंदना व संगीत की देवी मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया गया। इसके बाद आठ प्रकार के नृत्य व नाटिका प्रस्तुत की गई। रामायण नृत्य नाटिका, लव कुश लीला नृत्य नाटिका हम कथा सुनाते हैं भजन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद ब्रज वंदना और फिर नाटिका के माध्यम से बांके बिहारी के दर्शन कराए गए। जिससे लोगों में भक्तिमय माहौल बन गया।

संस्था के संचालक सरिता यादव के द्वारा मयूर नृत्य की प्रस्तुति की गई। फिर डांडिया के साथ सामूहिक रूप से कलाकारों ने महारास का प्रदर्शन किया। अंत में फूलों की होली के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी कलाकारों को जिला कृषि समिति द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पौधरोपण को जनांदोलन बनाने का किया आह्वान

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** एक तरफ जब बढ़ते तापमान के चलते भीषण गर्मी से जन सामान्य व्याकुल हैं। राहत मिलने की आस न होता देख धर्मगुरू कथाव्यास आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने लोगों से पौधे लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने पौधरोपण को जनांदोलन बनाने के लिए कहा है।

कथा व्यास का कहना है कि भीषण गर्मी के प्रकोप से पक्षी भी दम तोड़ रहे हैं। बेजुबान पशु भी छांव के लिए भटक रहे हैं। लेकिन, विकास के अंधी दौड़ में पेड़ों के कटने से कहीं राहत मिलती नहीं दिख रही है। ऐसे में सभी का दायित्व है कि वह अपने आसपास पशु पक्षियों के दाना पानी का ख़्याल रखें। हो सके तो छांव का भी इंतज़ाम भी करें। यही इंसानियत की पुकार है। क्योंकि भारत के कई शहरों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री को पार कर गया है। अगले साल यह और बढ़ेगा। इसलिए पेड़ों को काटने की बजाय उन्हें लगाने पर गंभीरता दिखानी होगी।

# छात्रावास में पंखे से लटका मिला पॉलिटेक्निक की छात्रा का शव

### महोबा जिले की रहने वाली थी छात्रा, बुधवार को पूरे दिन कमरे से बाहर नहीं निकली थी, घटना के कारणों को तलाश रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



छात्रा के कक्ष में जानकारी करते एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ अर्पित कपूर।

**अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक की छात्रा का बुधवार देर शाम छात्रावास के कमरे में पंखे से शव लटकता मिला है। इस अनहोनी के बाद से कॉलेज में सनसनी फैल गई है। मृतक 17 वर्षीय छात्रा रजनी (परिवर्तित नाम) महोबा जिले में तहसील व थाना कुलपहाड़ के गांव पचहरा अमनपुरा की रहने वाली थी। छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद से कॉलेज में साथी छात्राओं में खामोशी है। स्पष्ट कारण न पुलिस बता रही है और न ही कॉलेज के प्रधानाचार्य।

घटना की जानकारी पुलिस को बुधवार रात करीब 8.30 बजे मिली थी। मौके पर सिविल लाइन सीओ, थानाध्यक्ष समेत अन्य कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र करने के उपरांत शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि छात्रा रजनी बुधवार को क्लास में न तो पढ़ने गई और न दोपहर का भोजन किया। शाम को भी भोजन के समय वह नहीं दिखी तो साथी छात्राओं ने चिंता कर उसकी खोजबीन शुरू की थी। उसके कमरे में जाकर देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था। छात्राओं ने कई आवाज लगाई और दरवाजा खोलने को कहा लेकिन, कमरे के अंदर से कोई गतिविधि नहीं हुई। जिस पर छात्राओं ने दरवाजा-खिड़की की दराजों में झांक कर देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। तुरंत बिना देरी के कॉलेज स्टॉफ को जानकारी दी थी। मौके पर प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह यादव व अन्य स्टॉफ पहुंचा था। इन लोगों ने पहले दरवाजा खोलवाने का प्रयास किया लेकिन, जब उन्हें सफलता नहीं मिली तो दरवाजा तोड़वाया और देखा पंखे में बंधे दुपट्टे से छात्रा की गर्दन कसी थी और उसका शव लटक रहा था। इस दृश्य के बाद ही कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को खबर की थी। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि छात्रावास के सी-ब्लॉक वाले कमरे में रजनी अकेले रहती थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस पूरी घटना की जांच की जा रही है। अभी घटना के कारण की जानकारी नहीं हुई है।

### गुमसुम, अकेलापन खोजती थी रजनी : प्रधानाचार्य

कॉलेज के प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने छात्रावास में रहने वाली अन्य छात्राओं से भी पूछताछ की है। ये छात्राएं कुछ बता नहीं पा रही हैं। हां, कुछ छात्राओं ने इतना जरूर कहा है कि रजनी कुछ कम बोलती थी। साथी छात्राओं के बीच घुलती-मिलती नहीं थी। गुमसुम, अकेलापन खोजती थी। छात्राओं ने सबसे पहले छात्रावास में महिला पीआरडी को खबर की थी। एडीएम ज्योति सिंह व सीओ भी मौके पर आए थे। वह पॉलिटेक्निक प्रथम वर्ष (इलेक्ट्रॉनिक) की छात्रा थी। अभी 22 जून से द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होनी हैं। प्रथम सेमेस्टर के रिजल्ट आए हुए तीन महीने से अधिक हो चुका है, इसलिए इस घटना को रिजल्ट से जोड़कर देखना उचित नहीं है।

### चार भाइयों की इकलौती बहन को परेशान करता था गार्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक की छात्रा रजनी की मौत की वजह के मामले में पुलिस और कॉलेज के प्रधानाचार्य भले ही अपने को अनभिज्ञ बता रहे हैं लेकिन, बिटिया के पिता का कहना है कि उनकी बेटी को गार्ड परेशान कर रहा था। उसके मोबाइल पर फोन व अन्य गतिविधि करता था। इसीलिए करीब दो महीने पहले बिटिया ने अपना सिम भी बदल दिया था। गुरुवार शाम चार बजे मृतक छात्रा के माता-पिता और ताऊ बस से मुरादाबाद पहुंच रहे थे। फोन पर हुई बातचीत में छात्रा रजनी के पिता ने बताया कि उनकी बिटिया को कॉलेज का गार्ड परेशान किए था। बेटी ने पिता को उस गार्ड का फोटो भी भेजा था। पिता ने बताया कि घटना के दिन मंगलवार को उन्होंने और उसके भाई ने बिटिया को फोन लगाया था लेकिन, कॉल रिसीव नहीं हुई थी। इससे एक दिन पहले सोमवार की शाम 7-8 बजे के दौरान बिटिया ने वीडियो कॉल की थी। पिता ने बताया कि उनकी बिटिया करीब आठ दिन से अच्छी तरह से बात नहीं कर रही थी। 15 दिन पहले उसने मां फोन किया था, रिसीव न होने पर उसने भाभी को फोन किया था तो वह एकदम नाराज थी और कह रही थी आप लोग फोन नहीं उठा रहे हैं हम परेशान हैं, मर जाएंगे...। मृतक छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बिटिया अपने चार भाइयों की इकलौती और सबसे छोटी बहन थी। दूसरी ओर सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मृतक छात्रा के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोबाइल मिला है, उसकी जांच की जा रही है।

**24 अप्रैल को घर गई थी रजनी :** मृतक छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी 24 अप्रैल को महोबा में घर आई थी। करीब आठ दिन रुकी भी थी लेकिन, उस दौरान उसने ऐसा कुछ बताया नहीं जिससे वह लोग बेटी के बारे में कुछ समझ पाते।

**गरीब हैं मृतक छात्रा के माता-पिता :** छात्रा के पिता ने बताया कि उनके पास नाममात्र कृषि भूमि है। घर का खर्च मजदूरी पर निर्भर है। वह और उनके बेटे मजदूरी करते हैं। छात्रा के पिता ने बताया कि बेटी की शिक्षक ने उसे जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) कराने की सलाह दी थी। जिसकी तैयारी भी वह करने लगी थी।

### शासन तक पहुंचा मामला जांच को पहुंची टीम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में छात्रा की मौत का मामला शासन तक पहुंच गया है। प्राविधिक शिक्षा निदेशक ने मामले में जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा साबिर अहमद के नेतृत्व में गुरुवार को तीन सदस्यीय टीम राजकीय महिला पॉलिटेक्निक पहुंची थी। टीम में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामपुर के प्रधानाचार्य डीबी सिंह और अमरोहा बछरायूं राजकीय पॉलिटेक्निक की शिक्षक सोनिया भी शामिल हैं। टीम ने दूसरी छात्राओं, वॉर्डन हेमलता और सुरक्षाकर्मी के बयान भी लिए हैं। प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार यादव से भी बातचीत कर टीम ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। हॉस्टल में कुल 155 छात्राएं रहती हैं। प्रत्येक कमरे में तीन-तीन छात्राएं रहती हैं। हॉस्टल की जिम्मेदारी वार्डन सोनी के पास है। लेकिन, आजकल वह मैटरनिटी लीव पर हैं। इस कारण शिक्षिका हेमलता को वार्डन की जिम्मेदारी है।




संवेदना द किड्स कॉटेज में समर कैंप के समापन के अवसर पर मौजूद अतिथि व बच्चे। ● अमृत विचार

## कैंप में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** विद्यार्थी जीवन में समर कैंप का बहुत महत्व होता है। विद्यार्थी स्वतंत्र रूप से स्कूल का आनंद लेते हैं। यहां पर सहज व्यवहार करते हैं। वे अपने अध्यापकों के साथ खुलकर बातचीत कर पाते हैं। उक्त बातें विद्यालय की निर्देशिका कैप्टन डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने कही।

संवेदना द किड्स कॉटेज में विगत कुछ दिनों से चल रहे समर कैंप की क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे विद्यालय को रंग बिरंगी थीम पर सजाया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि विशिष्ट ऐश्वर्या मैम, लीगल एडवाइजर एवं समाज सेवी व विद्यालय की निर्देशिका मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट अतिथि ने बताया कि जीवन में सफलता के लिए दो मूल मंत्र हैं, कठिन परिश्रम व धैर्य। इन मूल मंत्रों को अपनाकर ही हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में आभार अभिव्यक्ति विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रुति गुप्ता द्वारा की गई। संचालन मुस्कान ने किया।

# भाकियू ने कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह को ज्ञापन देते किसान नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के साथ मिलकर किसान नेताओं ने कमिश्नर से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है।

दरअसल पूरा मामला वर्ष 2011 के जाट किसान आरक्षण आंदोलन से जुड़ा हुआ है। अमरोहा जनपद के काफ़ूरपुर रेलवे स्टेशन पर वर्ष 2011 में हुए जाट किसान आरक्षण आंदोलन के दौरान बसपा सरकार ने तमाम किसान नेताओं समेत सैकड़ों किसानों पर गंभीर धाराओं में झूठे व फर्जी मुकदमे पंजीकृत करा दिए थे। हालांकि उत्तर प्रदेश न्याय विभाग द्वारा 4 मार्च 2023 को वाद वापसी प्रक्रिया के लिए जांच आख्या जिलाधिकारी अमरोहा से मांगी गई थी। एक वर्ष बीतने के बाद 11 मार्च 2024 को जांच आख्या विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन को भेज दी गई। वहीं इस मामले में चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि मंडलायुक्त से तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने आश्वस्त किया है कि सभी किसानों पर लगे मुकदमे बहुत जल्द पूरी तरह से खत्म कर दिए जाएंगे। इस दौरान किसान नेता यशपाल मलिक, भगत सिंह (बॉबी), सत्यपाल चौधरी, हुकम सिंह, तेजेन्द्र सिंह, सत्यपाल सिंह, राजवीर सिंह, नरेश सिंह, रामवीर सिंह, मेघराज सिंह, नानक सिंह व राहुल सिंह मौजूद रहे।

सम्मान — सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी में हुआ कार्यक्रम

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सम्मानित छात्र-छात्राएं, साथ में शिक्षक व अन्य।

**अमृत विचारः** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी में बोर्ड परीक्षा के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही फर्स्ट यूनिट टेस्ट के रिजल्ट वितरण का आयोजन भी किया गया।

मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक वतन कुमार, संभाग निरीक्षक उपेन्द्र (संभाग निरीक्षक), विद्यालय के संरक्षक दर्शन कुमार मित्तल, सह महानगर संघचालक देवेश, अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, प्रबंधक ब्रजेश सिंह (नगर संघचालक, कटघर नगर), उपप्रबंधक परमेश कुमार वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष डॉ. सुमनेश रस्तौगी, प्रधानाचार्य परवेन्द्र कुमार, विनोद बाबू सक्सेना, सौरभ मित्तल, अजय सुगंध, ओमप्रकाश गोयल मावेवाले, कैलाश सिंह सैनी आदि ने मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

तत्पश्चात प्रबन्ध कार्यकारिणी के द्वारा हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 तथा फर्स्ट यूनिट टेस्ट टॉप टेन में रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। विभाग प्रचारक उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विद्यालय के संरक्षक दर्शन कुमार मित्तल ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही बोर्ड परीक्षा में उत्तर प्रदेश तथा जिले में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य गोविंद सिंह ने किया।

# नशे में युवती का हाईवे पर ड्रामा पूछताछ पर साथी युवक भड़के

संवाददाता, पाकबड़ा

● पुलिस ने भी आपसी मामला बताकर पल्ला झाड़ा

**अमृत विचारः** हाईवे पर युवती का नशे में ड्रामा देखने को मिला। राहगीरों द्वारा मामला पूछने पर साथी युवक उनपर भड़क गए। उधर से गुजर रही पुलिस ने भी आपसी मामला बताकर टाल दिया। काफी देर तक युवती एवं युवकों का ड्रामा चलता रहा।

बुधवार की देर रात को हॉलीडे रिजेंसी के सामने नशे में एक युवती सड़क किनारे पड़ी दिखाई दी। उसके साथी तीन लड़के उसे उठाकर बार-बार बाइक पर बैठाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन वह बैठने को तैयार नहीं थी। इसी बात को लेकर आपस में ड्रामा चल रहा था। इसी को देखकर काफी भीड़ भी लग गई। भीड़ द्वारा मामला पूछने पर उसके साथी लोगों पर भड़क उठे। वहां से जाने के लिए कहने लगे। जिस पर आपस में कहासुनी भी हो गई। वहां से गुजर रही पीआरवी की गाड़ी ने भी जानकारी की। बाद में आपसी मामला बताकर पुलिस को टाल दिया।

उसके बाद भी काफी देर तक उनका ड्रामा चलता रहा। युवती एवं युवक लाइनपार थाना क्षेत्र मझोला के बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी हॉलीडे एजेंसी में स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। वहीं उन्होंने शराब पी थी। जैसे ही वह होटल से बाहर निकले तभी लड़की शराब के नशे में बाइक से नीचे गिर गई।



# हीट ट्रांसफॉर्मर को पानी डालकर कर रहे ठंडा

## 44 डिग्री सेल्सियस तापमान और बढ़ती मांग से गर्म हो रहे ट्रांसफार्मर, आपूर्ति सुचारू करने के लिए प्रयास कर रहा विभाग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** . नगर क्षेत्र में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस हो जाने व सूर्य की तपन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं विद्युत उपकरण भी गर्म होने लगे हैं। लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विभाग भी अपनी ओर से प्रयास कर रहा है। गर्मी में ट्रांसफार्मर आदि को बचाने के लिए उन पर पानी डालकर ठंडा किया जा रहा है।

इन दिनों बढ़ती गर्मी से एक ओर जहां लोगों का जीना मुहाल को गया है। वहीं बिजली विभाग भी बढ़ती मांग के चलते परेशान है। बढ़ता तापमान व लोड बढ़ने के कारण विद्युत उपकरण भी गर्म होकर फुंक रहे हैं। इन उपकरणों को बचाने व आपूर्ति सुचारू करने के लिए विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर पर पानी डालकर ठंडा कर रहे हैं। विद्युत विभाग के कर्मचारियों की माने तो दोपहर में ट्रांसफार्मर का तापमान 72 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। इसके बाद उच्चाधिकारियों द्वारा तत्काल विद्युत सप्लाई को बंद कराकर ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए पानी का छिड़काव कराया गया। तब कहीं जाकर ट्रांसफार्मर का तापमान सामान्य हुआ। जिससे कई घंटे विद्युत सप्लाई भी बाधित रही।



ठाकुरद्वारा विद्युत उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर पर पानी डालते कर्मचारी। ● अमृत विचार

जेई अतुल राय ने बताया कि अगर विद्युत सप्लाई बंद नहीं की जाती तो ट्रांसफार्मर हिट हो कर फुंक सकते थे। जिससे काफी नुकसान होने की संभावना थी। लेकिन समय रहते पानी डालकर ट्रांसफार्मर को ठंडा किया गया। जिस कारण से क्षेत्रीय जनता को कुछ घंटे के लिए बिजली समस्या से जूझना पड़ा। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि जरूरत पड़ने पर ही विद्युत का उपयोग करें अधिक लोड न डालें। साथ घरों के सारे बिजली उपकरणों का एक साथ प्रयोग न करें। जरूरत पड़ने पर ही विद्युत का इस्तेमाल करें।

### भीषण गर्मी से सड़कों पर पसरा सन्नाटा



ठाकुरद्वारा के बाजार में छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भयंकर गर्मी व तपिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। दिन प्रतिदिन आसमान से अंगारे बरस रहे हैं। क्षेत्र की जनता गर्मी के चलते पसीने में तरबतर है। दोपहर में लू के थपेड़े बुरी तरह क्षेत्र के नागरिकों को घर में कैद होने के लिए मजबूर हैं। वहीं गर्मी से बाजार सूने पड़े हैं। दुकानदारी कम होने से दुकानदार मायूस बैठे हैं। गर्मी के कारण मनुष्य का जीवन तो अस्त व्यस्त है, वहीं पशु-पक्षी भी परेशान हैं। चिलचिलाती गर्मी के चलते लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के कारण कूलर पंखे एसी भी गर्म हवा फेंकने लगे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी व मजदूर वर्ग को उठानी पड़ रही है। वहीं दोपहर में सड़कों पर बहुत कम लोग दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को भीषण गर्मी रही। सुबह से ही लोग पसीने से तरबतर दिखाई दिए। दोपहर में गर्मी और उमस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि लोगों को बर्दाश्त करना मुश्किल हो गया। वहीं, बाजारों में पूरे दिन सन्नाटा छाया रहा। दुकानदार ग्राहक न आने के कारण मायूस दिखाई दिए।

## एक नजर

### घर के बंटवारे को लेकर हुई गाली गलौज व मारपीट

**छजलैट, अमृत विचार :** मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम बगिया सागर थाना छजलैट का है जहां एक महिला ने थाना में घर के बंटवारे को लेकर शिकायती पत्र दिया है। ग्राम बगिया सागर निवासी महिला प्रीति रानी ने थाना में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसके छोटे-छोटे दो बच्चे हैं। काफी समय से ससुर, सास, जेठ, जेठानी, देवर, ननद, मुझे मारते पीटते आ रहे हैं। मैंने घर के बंटवारे को कहा तो वह घर से भगाने की धमकी दे रहे हैं। मेरे पति की कमाई वह सब खुद ही रख रहे हैं। मैं बंटवारे के लिए कहती हूं तो वह गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### पत्नी को जान से मारने का किया प्रयास, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम फरीद नगर निवासी ममता पत्नी बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति सुरेश व देवर टीटू और विजय, बालकिशोर पुत्र बुद्धा शराब का अवैध धंधा करते हैं। वह पति को शराब का धंधा करने से रोकती है तो उसका पति मारपीट करने के साथ ही गाली गलौज करता है। 30 मई को उसने पति से राशन लाने के लिए कहा तो उसने गाली गलौज की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पहुंचकर बचाया। उसने पति बबलू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### दावत में गए व्यक्ति को पीटकर किया घायल

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम मघपुरी में दावत में गए एक व्यक्ति व उसके साथी के साथ तीन युवकों ने मारपीट की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर निवासी अर्जुन पुत्र कृष्णपाल ने थाना में दी तहरीर में बताया कि13 अप्रैल को वह ग्राम मघपुरी में ब्रह्मपाल पुत्र होरी सिंह के घर पर दावत के लिए गए थे। जहां ग्राम नसीरपुर के जितेंद्र, संजीव, मनीष ने मिलकर उनके तथा उनके साथी विक्की पुत्र कृष्ण भी निवासी ग्राम कुंडीपुरा के साथ मारपीट व गाली गलौज की। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित की तहरीर परतीनों आरोपी जितेंद्र, संजीव एवं मनीष के रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### महिला को घर से निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की युवती का विवाह मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में हुआ था। आरोप है कि उसका पति और सास, ससुर समेत ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। 10 मई की दोपहर वह घर पर अकेली थी। इस बीच उसका ससुर घर में आया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया। शाम को उसने घटना की जानकारी पति को दी तो पति और ससुर ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति व ससुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर युवती के अपहरण के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बिलारी के एक गांव निवासी ग्रामीण महिला ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार का पेट पालती है। उसकी 16 साल बेटी को 27 मई को मकरंदपुर गांव का सुभाष पुत्र सतीश व सुभाष व मां भागीरथ बहला फुसलाकर ले गए। इस दौरान घर पर मौजूद लोगों ने रोकने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



गांव भायपुर में घायल गोवंश को पानी पिलाते बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# घायल गोवंश का कराया उपचार व चारा खिलाया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भायपुर में अज्ञात पशुपालक 7-8 गोवंशीय पशुओं को चिलचिलाती गर्मी में छोड़कर फरार हो गए। जिसमें एक गोवंश अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। सूचना पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की टीम ने भायपुर रोड पर पहुंच कर घायल गोवंश पशु का उपचार कराकर उसे चारा आदि उपलब्ध कराया।

गुरुवार बजरंग दल के जिला विद्यार्थी प्रमुख अधिवक्ता साजन शर्मा को इस संबंध की जानकारी मिली। जिस पर उन्होंने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के खंड मंत्री मोहित मीणा, निर्मल मीणा, राकेश चौहान, शरद पाल, आदि को सूचना दी। जिस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर गोवंश पशुओं का उपचार कराकर चारा व पानी उपलब्ध कराया।

## कार की टक्कर से बैल की मौत, एक गिरफ्तार

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट-नूरपुर मार्ग पर कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए किसान के बैल को टक्कर मार दी। जिससे बैल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार एवं उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

थाना छजलैट के ग्राम दाढ़ी महमूदपुर निवासी किसान करन सिंह पुत्र हरि सिंह अपने खेत से छजलैट नूरपुर मार्ग पर सड़क के किनारे बैल लेकर घर जा रहा था। नूरपुर की ओर जा रही कार संख्या डीएल 7 सी 0118 ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बैल को टक्कर मार दी। जिससे बैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। लोगों ने कार चालक को घेरकर पकड़ लिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी एवं उपनिरीक्षक संजय कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और चालक को हिरासत में ले लिया। कार चालक के अनुसार वह अगवानपुर गत्ता फैक्ट्री में नौकरी करता है।

# अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, छह घायल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरादाबाद-चंदौसी नेशनल हाईवे पर गुरुवार को सवारी लेकर जा रहे एक ई रिक्शा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में बैठे बच्चों सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

गुरुवार की दोपहर ई-रिक्शा चालक सलीम पुत्र अली जान निवासी सुजानपुर थाना सोनपुर अपने परिवार में पिता, पत्नी व बच्चों सहित मुरादाबाद से वापस आ रहा था। वही ई-रिक्शा में उसके साथ मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र कृष्ण अवतार और भतीजा प्रेम पुत्र हरिओम गुप्ता निवासी छितौनी जिला रामपुर हाल निवासी मुरादाबाद भी बैठ गए। जैसे ही ई रिक्शा



हादसे में घायल हुई महिला और बच्चा।

मुरादाबाद-आगरा हाईवे के कुंदरकी थाना स्थित ग्राम चकफाजलपुर संपर्क मार्ग के सामने पहुंची तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा पलट गई। ई-रिक्शा में सवार महिला व बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए। घटना के समय आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सूचना मिलने पर कुंदरकी पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और घटना के संबंध में पूछताछ की।

## फल व्यापारियों में चले लाठी-डंडे, एफआईआर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के रतनपुर रोड स्थित मंडी समिति में फलों की दुकान को लेकर दोनों फल व्यापारियों में मारपीट हो गई। पीड़ित फल व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला मछली बाज़ार निवासी फईम पुत्र नन्हे ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति में फलों का थोक व्यापारी है। उसका पड़ोसी दुकानदार ताहिर ज़ाकिर पुत्र शफी अहमद फलों के व्यापार को लेकर आए दिन रंजिश रखता है। आरोप है कि दोनों उसकी दुकान पर लगे बोर्ड को उखाड़ने लगे। दुकान से बोर्ड हटाने की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उसका भाई उसे बचाने पहुंचा तो उसको भी मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव तिसावा चांदपुर के जंगल में स्थित हजरत शेख सलाउद्दीन की दरगाह पर चार दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन किया गया। जिसमें कुल शरीफ का आयोजन हुआ। इस मौके पर हजारों की संख्या में अकीदतमंद पहुंचे और उन्होंने कतारबद्ध होकर चादरपोशी की और दुआ मांगी।

गुरुवार को दरगाह परिसर पर सवेरे से ही चादरपोशी का सिलसिला शुरू हो गया और सवेरे 10:34 पर कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें कश्मीर से आए सैयद नजीर मियां ने दुआ कराई। उन्होंने दरगाह से अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि सूफी संतों की दरगाह से एकता का पैगाम दिया जाता है, जिसमें सभी वर्गों के लोग एक साथ मिलजुल कर रहते हैं। इस दौरान विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने चादरपोशी करके विशेष दुआ की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सभी वर्गों के लोग एकता के साथ रहते हैं। कुल शरीफ से पहले सलातों सलाम पढ़ा गया और इसके बाद मुल्क और मिल्लत के लिए विशेष दुआएं की गई। अंत में तबर्रुक का वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान पति खलील अहमद, दरगाह मस्जिद के इमाम कारी शायर रजा, विधायक मोहम्मद फहीम इरफान, हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, सईद अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान रियाज अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान हाजी मुजीब अहमद, जमील मियां, डॉ. मोहम्मद यासीन सैफी आदि मौजूद रहे।



हजरत शेख सलाउद्दीन की दरगाह पर मौजूद विधायक मोहम्मद फहीम इरफान व अन्य।

● कुल शरीफ में अकीदतमंदों ने की विशेष दुआ

## वकीलों ने किया न्यायिक अधिकारी का सम्मान

**बिलारी, अमृत विचार:** तहसील परिसर में बने ग्राम न्यायालय में काफी समय से न्यायिक अधिकारी का पद खाली चल रहा था। अब जिला जज मुरादाबाद ने बिलारी तहसील में न्यायिक अधिकारी ग्राम न्यायालय के तौर पर अशोक कुमार सिंह की नियुक्ति की है।

उन्होंने गुरुवार को विधिवत तौर पर कार्यभार संभाल लिया और कोर्ट लगानी शुरू कर दी। इस बीच सूचना पर अधिवक्ता न्यायिक अधिकारी से मिलने पहुंचे। जहां बुके देकर उनका स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर चौधरी अजय पाल सिंह, आफाक हुसैनस प्रमोद शर्मा, चौधरी विनय कुमार सिंह, शराफत हुसैन, अखिलेश चंद्र गौड़, परमजीत सिंह, चौधरी विजय वीर सिंह, मनोहर सिंह, यशवंत सिंह, कुंवर पाल सिंह, शराफत हुसैन, सुनील कुमार सिंह, सुमित चौधरी, अनोद चौधरी, भारत सिंह यादव, जबर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### फेसबुक पर की अभद्र टिप्पणी, सर्राफा व्यापारी पर रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** फेसबुक पर बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सर्राफा व्यापारी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की ली है। बुधवार को आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारियों ने कोतवाली में तहरीर दी थी। बिलारी के मोहल्ला शांतिपुरम कॉलोनी निवासी सर्राफ राजीव सक्सेना ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर बाबा साहब के अनुयायियों को अपमानित करने के लिए एक पोस्ट वायरल की। जिसमें अपमानित शब्दों का प्रयोग किया गया था। जिसको लेकर आंबेडकर युवक संघ व दलित संगठन में रोष व्याप्त हो गया। मामले को लेकर कोतवाली में तहरीर दी। अब तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### समाजसेवी यशवीर सिंह का निधन, शोक संवेदना



**कांठ, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट दीपक बिश्नोई के पिता यशवीर सिंह के निधन पर नगरवासियों ने शव यात्रा में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की। नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी एडवोकेट दीपक विश्नोई के पिता यशवीर सिंह का बुधवार की सांय निधन हो गया। वह लगभग 93 वर्ष के थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा में भारत विकास परिषद के पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व कई संगठनों के कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय वीर सिंह, कुंवर सुरेंद्र सिंह ,अशोक कुमार, जितेंद्र बिश्नोई ,अभय बिश्नोई, देवेंद्र सिंह बिश्नोई, गौरव बिश्नोई, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, नवनीत पहलवान, कुलदीप, अनिल शर्मा, चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### सुरजन नगर में सर्पदंश से किसान की मौत

**ठाकुरद्वारा / सुरजन नगर, अमृत विचार :** सुरजन नगर गांव में बुधवार की रात्रि को किसान छत्रपाल सिंह ( 45 ) पुत्र फूलचंद की सर्पदंश से मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बुधवार को छत्रपाल अपने खेत फसल देखने के लिए गए हुए थे। वही उसका पड़ोसी अपने खेत में फसल को पानी दे रहा था। इसी दौरान छत्रपाल ने पानी बंद करने के लिए बिल मैं पैर मारा तभी बिल में बैठे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। सूचना पर परिजन छत्रपाल को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान रात में छत्रपाल की मौत हो गई। गुरुवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### घरेलू विवाद के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ पिया

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। नगर के मोहल्ला पटेगंज निवासी एक महिला ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। चौकी प्रभारी यशवीर सिंह ने बताया कि महिला ने घरेलू विवाद में कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। उन्होंने बताया कि महिला की हालत में सुधार है।

### गाड़ी चालक ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक गाड़ी के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया है। थाना कांठ के नया गांव कासमपुर निवासी मंगलू ( 55 ), कल्याण ( 40 ) दोनों बाइक से छजलैट की तरफ से अपने घर जा रहे थे। तभी खलीलपुर की ओर से तेज गति से आ रही एक गाड़ी के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक मोनू बिश्नोई अपने साथियों के साथ गांव रसूलपुर से कांठ को आ रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी में बैठा कर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### खेत में आग लगाने का आरोप, 50 हजार का नुकसान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज निवासी प्रेम सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने खेत में गन्ना रोक रखा था। वह गन्ने का रस बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। आरोपी है कि एक ठेकेदार ने उसके गन्ने के खेत में आग लगा दी। जिससे उसका गन्ना जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने एसडीएम को भी पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित ने बताया कि उसका करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। आरोप लगाया कि जब उसने ठेकेदार से नुकसान की भरपाई को कहा तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

### मजदूरी की रकम मांगने पर महिला से छेड़खानी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मजदूरी की रकम मांगने पर मजदूर के घर में घुसकर महिला से मारपीट की। साथ ही छेड़खानी की। पति ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पति मजदूरी करता है। उसने गांव के ही कुलदीप के यहां मजदूरी की थी। जब वह कुलदीप से मजदूरी के पैसे मांगने गया तो वह टरकाता रहा। इसकी शिकायत उसने गांव से वालों से की तो 29 मई को कुलदीप घर पहुंचा। उसने पति के बाहर होने की बात कही तो कुलदीप जबरन घर में घुस गया। उसके साथ अश्लील हरकतें की। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। शाम को उसका पति आया तो उसने गांव वालों से शिकायत की। इस पर आरोपी कुलदीप ने रास्ते में रोककर उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कुलदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्रकार निर्भीकता से करें जिम्मेदारी का निर्वहन

**भगतपुर, अमृत विचार :** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक्टिव प्रेस क्लब ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाविर हुसैन एवं संचालन इरफान सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अतीक अहमद अंसारी, डॉ. जमील अहमद, डॉ. नजाकत अली व नबाव जान मसूरी ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में प्रधान अशोक कुमार, यूसुफ भैय्या, साविर हुसैन, ओमकार सिंह, हाजी शाहिद अली, रिजवान हुसैन वफाती, इरशाद अहमद, रहमत अली आदि मौजूद रहे।

### पेड़ के विवाद में मारपीट का मामला पहुंचा थाने

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेड़ काटने के विवाद में दो भाइयों में मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर रईस पुत्र बुद्धा निवासी ग्राम बकीपुर थाना कुंदरकी ने थाने पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके छोटे भाई मोहम्मद नबी ने खेत पर खड़े पेड़ को काट दिया। जब इस बात की शिकायत उससे की तब उसके भाई ने उसके साथ मारपीट की।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्विमिंग पूल व वाहन धोने वाले केंद्र संचालकों को नोटिस जारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका ने जल संचय को लेकर नगर में चल रहे नौ सर्विस सेंटर व चार स्विमिंग पूल के संचालकों के केंद्रों पर पहुंचकर नोटिस चस्पा कर किए हैं। उन्हें बिना वजह पानी का दुरुपयोग करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बताते चलें कि देशभर में बारिश न होने के कारण लगातार जल का स्तर नीचे घटता चला जा रहा है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र बंजार पट्टी का क्षेत्र होने के कारण पहले से ही जल स्तर काफी नीचे है। अब लगातार जल स्तर घट रहा है जिससे हैंडपंप व नलकूपों का पानी भी कम हो गया है। इसी कारण से नगर क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है। ऊंचे वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिस पर नगर पालिका द्वारा टैंकों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। अमृत विचार समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी व अधिशासी अधिकारी ललित आर्य ने जलकल विभाग के सुपरवाइजर मोहम्मद हफीज के नेतृत्व में टीम ने वाहन धुलाई सेंटर व चार स्विमिंग पूल के संचालकों को नोटिस चस्पा कर तत्काल केंद्रों को बंद करने की चेतावनी दी। साथ ही उनकी स्वीकृति के प्रमाण पत्र नगर पालिका उपलब्ध कराए जाने की भी निर्देश दिए । चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी कोई केंद्र चलता पाया गया तो जुर्माने के साथ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ललित आर्य ने बताया कि इन पर पांच हजार रुपए जुर्माना किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पीने का उपयोग सोच समझकर करें।



ठाकुरद्वारा में नोटिस चस्पा करती नगर पालिका की टीम। ● अमृत विचार

● पानी की बर्बादी रोकने के लिए पालिका ने की कार्रवाई

# 287 अभ्यर्थियों ने दी डीएलएड की डायट में द्वितीय आंतरिक परीक्षा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) में डीएलएड 2022 एवं 2023 की द्वितीय आंतरिक परीक्षा का आयोजन किया गया।

आंतरिक परीक्षा में प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर में बाल विकास, शिक्षण अधिगम के सिद्धांत, शैक्षिक मूल्यांकन एवं क्रियात्मक शोध, समावेशी शिक्षा, गणित, विज्ञान, हिंदी संस्कृत, उर्दू एवं कंप्यूटर विषयों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में प्रथम सेमेस्टर के 166 एवं तृतीय सेमेस्टर के 121 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। आंतरिक परीक्षा प्रभारी डॉ. नेहा इकबाल ने बताया कि तीसरी आंतरिक परीक्षा जून के अंत में कराई जाएगी। कम अनुपस्थिति वाले प्रशिक्षुओं को परीक्षा से वंचित कर दिया गया। जिनको वाह्य परीक्षा में भी बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वाह्य परीक्षा प्रभारी अजय विक्रम सिंह ने बताया कि परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा परीक्षा का आयोजन जुलाई में किया जाएगा।



डायट में परीक्षा देते प्रशिक्षु।

आन्तरिक परीक्षा में संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह रावत ने औचक निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ अभिषेक भारद्वाज, डॉ अनिल यादव, डॉ टीना वर्मा, शीतल कुमार, अंशु गुप्ता, आशुतोष त्यागी, डॉ सुनील कुमार, डॉ लोकेंद्र कुमार कक्ष निरीक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार, मुरादाबाद को
रिपोर्टर, सीनियर रिपोर्टर, उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
न्यूनतम योग्यता :- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
प्रसार विभाग में कार्य करने हेतु :- एक्जीक्यूटिव व सीनियर एक्जीक्यूटिव की (अनुभव :- न्यूनतम 2 से 4 वर्ष का )
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com
9838333303, 9450434176, 8476006584
ऑफिस : एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उ0प्र0)

## एक नजर

### घर के सामने जलनिकासी को लेकर दो पक्ष भिड़े

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में घर के सामने जलनिकासी को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। मारपीट में दंपती घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी जितेंद्र व रोहित के बीच घर के सामने पानी निकालने को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार को भी दोनों के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हो गई। लोगों ने दोनों को शांत कराया। मारपीट में जितेंद्र व उसकी पत्नी रश्मि घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**रहरा, अमृत विचार :** गांव सिरसा कला की रहने वाली साबरी (65) पत्नी सूखा बुधवार सुबह 10 बजे अपने घर पर मौजूद थीं। वह पशुओं को चारा डाल रही थीं। तभी सांप ने साबरी को डस लिया। परिजनों ने देखा कि साबरी को सांप ने डस लिया है। परिजन साबरी को जगह-जगह ले गए। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। देर शाम साबरी की मौत हो गई। परिजनों ने बिना कोई कानूनी कारवाई किए ही शव का दफन कर दिया।



# दूध के वाहन व ट्रक की भिड़ंत में दो लोगों की मौत, तीन घायल

## सवा घंटे मेहनत के बाद ग्रामीणों ने वाहन काटकर लोगों को बाहर निकाला, संभल मार्ग पर हुई दुर्घटना

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** नगर में संभल मार्ग पर गुरुवार सुबह दूध के वाहन और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया है। ग्रामीणों ने सवा घंटे मेहनत कर कटर से वाहन काटकर चारों घायलों को बाहर निकला। हादसे के बाद मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।



अरमान।

बताया गया कि दूध के वाहन में रोवी पुत्र ग्रीस निवासी नोला गंगा जिला एटा और सोनू पुत्र उमेंद्र सिंह पंतनगर बिसौली से दूध लेकर मेरठ जा रहे थे। रास्ते में उन्हें अरमान पुत्र शमशाद निवासी हसनपुर को बैठा लिया। उधर, ट्रक में अशोक पुत्र शूरवीर, सोनू पुत्र राजपाल निवासी जिला संभल पानीपत से कंबल लेकर संभल आ रहे थे। तभी कोतवाली क्षेत्र के संभल मार्ग स्थित गांव काला खेड़ा में गुरुवार सुबह पांच बजे ट्रक व दूध के वाहन की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। तेज आवाज होने के कारण ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों वाहनों में चार लोग फंस गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ बचाव कार्य में जुटी। हादसे में अरमान (21) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोवी, सोनू, अशोक और सोनू दोनों वाहनों में फंस गए। ग्रामीणों ने सवा घंटे कटर चला कर वाहनों को काटा और इन्हें बाहर निकाला। चारों घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां रोवी, सोनू, अशोक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। रोवी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और तीन घायल हुए हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।



दुर्घटना के बाद कटर से वाहन की खिड़की काटते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **घायलों में संभल, बिसौली के लोग शामिल, तीन की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर**



हादसे के बाद लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

### वाहनों में फंसे लोगों को निकालने में जुटे ग्रामीण

**हसनपुर।** सड़क हादसा होने के बाद दोनों वाहनों में चार लोग फंस गए। इन्हें निकालने के लिए गांव काला खेड़ा के ग्रामीणों ने सवा घंटे भीषण गर्मी में मेहनत की और खुद जेनरेटर लाकर दोनों वाहनों को कटर से काटा। लोगों ने वाहनों में फंसे चारों घायलों को बाहर निकाला। मार्ग पर जाने वाले लोग ग्रामीणों के काम की प्रशंसा कर रहे थे। संभल मार्ग की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस प्रशासन ने वाहनों को मार्ग से हटवाया। लेकिन जल्दबाजी के कारण वाहन चालक नहीं माने और इससे लगभग आधा घंटा जाम लग रहा। गर्मी में राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### छह बहनों का इकलौता भाई था अरमान

**हसनपुर।** सीएचसी में परिजनों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले अरमान की नानी को हार्ट की समस्या हो गई थी। वह उन्हें देखने के लिए एटा से घर आ रहा था। अरमान दूध के वाहन में बहजोई से बैठा था। उसे नहीं पता था कि जिस नानी को देखने के लिए वह जा रहा है, उनको देख भी नहीं पाएगा। वह मोहल्ले के सभी लोगों को दुआ सलाम करता था। मोहल्ले के लोग उसे याद कर अपने आंसुओं को रोक नहीं पा रहे हैं। अरमान छह बहनों का इकलौता भाई था। एक साल पहले उसकी मांग का भी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया था। अरमान छह बहनों, पिता व रिश्तेदारों का भी दुलारा था। उसकी मौत से पेशे से ट्रक ड्राइवर पिता शमशाद की आंखें पथरा गई हैं। बुधवार रात अरमान ने छोटी बहन को फोन करके कहा था कि गर्मी हो रही है, लोअर व बनियान ले लेना। इसे याद करके बहन बिलख रही थीं।

## महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** महिला की मौत के मामले में मायके वालों ने ससुराल वालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

यह घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के अहरोई रोड स्थित काशीराम कॉलोनी की है। शहर के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी कमाल हैदर ने अपनी बेटी कैफी फात्मा की शादी आठ साल पहले काशीराम कॉलोनी निवासी खुशनूद अब्बास के साथ की थी। कैफी फात्मा अपने परिवार के साथ काशीराम कॉलोनी में रह रही थी। ससुराल में उनकी बेटी को दहेज व अन्य चीजों के लिए प्रताड़ित किया था। इससे आहत कैफी ने गुरुवार दोपहर कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मायके वाले मौके पर पहुंचे। उन्होंने हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

# चार घरों से पांच लाख का माल चुराया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गांव मकनपुर शुमाली में बुधवार रात चोरों ने एयरफोर्स जवान के भाई के घर सहित चार घरों से लाखों की नकदी और पांच लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। कोतवाली पुलिस गांव पहुंची और मौका मुआयना किया। चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत है।

गांव मकनपुर शुमाली में बुधवार रात्रि चोरों ने गंभीर सिंह पुत्र अनूप सिंह के घर से एक लाख रुपये नकद एवं सोने का पेंडल, हार, चार चूड़ी एवं पाजेब सहित लगभग दो लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। घर की छत पर परिजन सो रहे थे, आहट होने पर परिजनों ने शोर मचाया तो चोर भाग गए। अनूप सिंह का छोटा भाई राजीव एयरफोर्स पंजाब में तैनात हैं। गांव निवासी दुष्यंत पुत्र सौनाथ सिंह चंदौसी में ठेकेदारी करता है। उसकी पत्नी काजल बच्चों के साथ घर रहती है। बीती रात में बच्चों के साथ घर की छत पर सो रही थी। देर रात चोर घर में रखे 30,000 नकद एवं मंगलसूत्र, कंठी, चूड़ी, हाथ फूल, बर्तन आदि चुरा कर ले गए। पीड़ित के अनुसार, लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसके बाद चोरों ने गांव निवासी संजय सिंह के घर को निशाना मनाया। संजय सिंह ट्रैक्टर सही करवाने के लिए मेरठ गए थे और वह रात को मेरठ में ही रुके थे। घर में उनकी पत्नी रीना व बच्चे थे। चोरों ने उनके यहां से 20,000 का सामान चुरा लिया। इसके बाद चोरों ने गांव निवासी विजय पुत्र डोरी के घर से 15,000 रुपये नकद, बर्तन, कपड़े आदि चोरी कर लिए। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव में चोरों ने चोरी की है।



मकनपुर शुमाली में चोरी के बाद मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## शादी के दो माह बाद महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट

**चौधरपुर, अमृत विचार :** महिला ने ससुराल वालों पर पीटकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित महिला का कहना है कि दो माह पहले गांव सलारपुर माफी निवासी आकाश पुत्र सुरेश के साथ कोर्ट मैरिज हुआ था। शादी दोनों परिवारों की सहमति से हुई थी। कुछ दिन बाद ससुराल वाले उसे परेशान करने लगे। सास, ससुर, ननद उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे। पति भी उसे मारता पीटता है। 28 मई को पति ने उसे पीटा और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति आकाश, ससुर सुरेश, सास राजरानी, ननद राधिका और मीनाक्षी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवती से दुष्कर्म, वीडियो वायरल करने की धमकी

संवाददाता, गजरौला

**कार्रवाई**

- **आरोपी युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** प्रेमजाल में फंसाकर युवती से दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया वायरल करने की धमकी दी। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपी युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती अप्रैल में गजरौला के एक मोहल्ले की निवासी अपनी बुआ के घर आई थी। आरोप है कि यहां मोहल्ले के निवासी एक युवक ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी करने का झांसा देते हुए आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का अश्लील वीडियो भी बना लिया। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। 10 अप्रैल को पीड़िता युवती आरोपी के घर पहुंची और उसके परिजनों से दोनों की शादी करवाने की मांग की। इस बात को लेकर विवाद के बाद युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। युवती व उसके परिवार वालों ने 12 अप्रैल को इसकी शिकायत एसपी से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परेशान पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली।

प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### जंगली जानवर दिखने से किसानों में दहशत

**सैदनगली, अमृत विचार :** बाग व मक्का के खेत में दो जंगली जानवर दिखने से किसानों और बाग की रखवाली करने वालों में दहशत है। किसानों ने जंगली जानवर मिलने की सूचना वन विभाग को दी है। उझारी के मौजा मंसूरपुर हसनपुर संभल मार्ग पर डॉ. चौधरी नूर मोहम्मद का खेत है। खेत में मक्का की फसल खड़ी है। वहीं बराबर में चौधरी इकबाल का आम का बाग है। चौधरी नूर मोहम्मद व उनका बेटा मोहम्मद फैजान बुधवार रात्रि आठ बजे अपने खेत में मक्का की फसल को पशुओं से बचाव के लिए रखवाली करने गए थे। तभी खेत से एक जंगली जानवर निकलता हुआ दिखाई दिया। वहीं दूसरा जानवर बराबर में बाग में बैठा दिखाई दिया। बाग की रखवाली कर रहे रजोंहा निवासी जबर सिंह सैनी ने बताया कि एक जानवर बाग के अंदर घूमता दिखाई दिया था। चौधरी नूर मोहम्मद ने अपने मोबाइल में इस जानवर की तस्वीर कैद कर ली। जंगली जानवर मिलने पर बाग रखवालियो एवं किसानों में दहशत का माहौल है। किसानों ने जंगल में दो जंगली जानवरों के मिलने की सूचना वन विभाग को दी है।



कार्यक्रम में शामिल नर्सिंग की छात्राएं। ● अमृत विचार

### 156 नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को किया सम्मानित

**गजरौला, अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा स्कूल ऑफ नर्सिंग, रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया एवं सेंट जोंस एंबुलेंस की ओर से क्वालिटी केयर इन एमरजेंसी विषय पर आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह के दौरान चिकित्सकीय सेवाओं में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाने वाले 156 नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रोफेशनल्स को चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी के ऑफिशियल ट्रेनर डॉ. नीरज धर जुयाल एवं डीन नर्सिंग डॉ. एना एरिक ब्राउन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. नीरज धर जुयाल ने कहा कि प्रशिक्षित नर्सिंग प्रोफेशनल्स की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं प्रभावी केयर के बल पर देश भर में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना, चोट, हार्टफेल जैसी गंभीर घटनाओं से होने वाली 10 लाख से अधिक मौतों को काफी हद तक रोकने में सफलता मिली है। इस दौरान डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. वाल्टर, डॉ. मंजरी राणा, अनुषा कर्णवाल, नीमा, पूजा सिंह, सिमरन प्रीत कौर, सुमनदीप कौर आदि रहे।



ईओ डॉ. ब्रजेश कुमार को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

### सुलभ शौचालयों का निर्माण हो, ईओ को सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारी एवं व्यापारी प्रदेश संयोजक एवं जिलाध्यक्ष खत्री मनोज टंडन और नगर अध्यक्ष मोनू यादव के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद पहुंचकर अधिशासी अधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें बाजार में शौचालयों का निर्माण कराने की मांग की। कहा कि मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित फॉगिंग कराई जाए। कुत्तों और बंदरों से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। व्यापारियों और राहगीरों के लिए बाजार में सुलभ शौचालय बनाए जाएं। नगर में शासन के अनुमति के बिना चल रहे साप्ताहिक बाजारों पर रोक लगाई जाए। नालों पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया जाए। इस दौरान समीर खान, कमर नकवी, राकेश वर्मा, अजीम, शशि प्रकाश, सैफ सिद्दीकी, नदीम परवेज, विकास चौधरी, रजा आदिल आदि रहे।

### 24 घंटे बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** व्यापारी नेता पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बुधवार को रहरा अड्डा स्थित कृष्णा फर्नीचर हाउस के स्वामी व व्यापारी सुरक्षा फोरम के युवा जिला उपाध्यक्ष शुभम रस्तोगी पर मोदी कंपनी का पंखा बदलने को लेकर लोगों ने जानलेवा हमला किया था। जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया था। लेकिन 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने व्यापारी नेता पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़ित शुभम रस्तौगी का कहना है कि उन्होंने कोई फैसला नहीं किया है और न ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### छेड़खानी की शिकायत पर युवती व माता-पिता को पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** खेत पर काम कर रही युवती से युवक ने छेड़खानी की। पीड़िता के परिजन शिकायत करने युवक के घर पहुंचे तो आरोपी व उसे भाई उन्हें मारा पीटा। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव की है। दरअसल यहां किसान की बेटी बुधवार को अपने खेत पर काम करने गई थी। आरोप है कि गांव निवासी हिमांशु खेत पर पहुंचा और उससे छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी थी। पीड़िता ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद माता-पिता बेटी को लेकर आरोपी घर पहुंचे तो हिमांशु व उसका भाई दीपांशु मौजूद थे। दोनों भाइयों ने उन्हें मारा पीटा।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद, 43 हजार का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 43 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह घटना छह अप्रैल 2022 की सुबह की मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाले एक किसान की 14 वर्षीय बेटी उस समय निजी कॉलेज में पढ़ाई के साथ ही कोचिंग भी कर रही थी। घटना वाले दिन वह अचानक घर से गायब हो गई थी। काफी तलाश करने के बावजूद उसका कहीं कुछ पता नहीं चला था। किसान की तहरीर पर पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने बाद में छात्रा को बरामद कर लिया था। पूछताछ करने पर उसने मेरठ जिले के कठौर थाना क्षेत्र के गांव सारंगपुर निवासी आमिर पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। मामले में छात्रा के बयान के आधार पर पुलिस ने आमिर के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोतरी की थी।

इस मामले की की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम डॉ. कपिला राघव की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोग अभियोजक रतनलाल लोधी ने मजबूत पैरवी की। गुरुवार को कोर्ट ने मामले में आखिरी सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने आमिर को दोषी करार दिया। उसे 20 साल की जेल व 43 हजार रुपये जुर्माना अदा करने सजा सुनाई।

# एसडीएम ने ओयो पर मारा छापा, छह जोड़े पकड़े

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शहर में अमरोहा मार्ग स्थित ओयो पर उपजिलाधिकारी ने छापा मारा तो हड़कंप मच गया। एसडीएम के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छह जोड़ों को मौके से पकड़ा।

एसडीएम चंदकांता के अनुसार, कई दिन से क्षेत्र के ओयो में अनैतिक कार्यों की शिकायत मिल रही थी। गुरुवार दोपहर एसडीएम ने धनौरा, बछरायूं थानों की पुलिस के साथ अमरोहा मार्ग स्थित ओयो पर छापेमारी की। टीम कर्मचारियों व छह जोड़ों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। एसडीएम ने बताया कि ओयो संचालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। ओयो को खाली कराकर ताला लगवा दिया गया है। दस्तावेज नहीं दिए गए तो ओयो को सील कर दिया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने बताया कि एसडीएम व थाना प्रभारी से कार्रवाई की जानकारी मिली है। युवक युवतियां को थाने लाकर पूछताछ के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।




ओयो के गेट पर ताला लगवातीं एसडीएम चंदकांता। ● अमृत विचार

### ओयो से छात्रों के जीवन पर रहा दुष्प्रभाव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर शिक्षण संस्थानों के आसपास ओयो संचालित हैं। यहां से गुजरने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। सवाल यह है कि लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद भी ऐसे स्थान पर ओयो संचालित हैं। कुछ लोगों ने शिक्षण संस्थानों के आसपास ओयो की आड़ में हो रहे अनैतिक कार्यों की जानकारी देते हुए एसडीएम से शिकायत की थी।

## गजरौला में छापा मारकर गेस्ट हाउस किया सील

**गजरौला, अमृत विचार :** एसडीएम चंद्रकांता व सीओ श्वेताभ भास्कर ने गुरुवार को गजरौला में एक गेस्ट हाउस पर छापेमारी की। गेस्ट हाउस संचालक मौके से फरार हो गया। एसडीएम ने गेस्ट हाउस सील कर दिया।

गुरुवार को एसडीएम व सीओ ने गजरौला के कुमराला में स्थित गेस्ट हाउस पर छापेमारी की। अधिकारियों की कार को देखकर संचालक मौके से फरार हो गया।

एसडीएम ने गेस्ट हाउस सील करा दिया। इसके बाद टीम ने हाइवे के किनारे स्थित गुप्ता गेस्ट हाउस पर छापा मारा। वह भी अपना लाइसेंस नहीं दिखा सका। छापेमारी से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर लोग जमा हो गए।

**समस्या** — अमरोहा और गजरौला रेलवे स्टेशनों पर शौचालयों में पसरी गंदगी

# रेलवे स्टेशनों पर बंद पड़े पंखे, पीने को ठंडा पानी तक नहीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर असुविधाओं के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री भीषण गर्मी में ठंडे पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। शौचालयों में गंदगी व स्टेशन पर सफाई नहीं है। प्लेटफार्म पर कई पंखे भी खराब पड़े हैं। गर्मी में यात्री ट्रेनों का इंतजार करने को मजबूर हैं।

भीषण गर्मी और तेज धूप में अमरोहा के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए शुद्ध और ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में रेल यात्रियों को आसपास की दुकानों से पानी खरीदना पड़ रहा है। रेलयात्रियों के मुताबिक, रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था भी कमजोर है। पुरुषों और दिव्यांगों के लिए बने सुलभ शौचालयों पर ताला लगा रहता है। महिलाओं के शौचालय में गंदगी रहती है। स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पंखे खराब हैं। यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था अच्छी नहीं है। अमरोहा रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जीर्णोद्धार किया जा रहा है। डीआरएम ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद भी धीमी गति से कार्य चल रहा है।




गजरौला रेलवे स्टेशन पर बंद पड़े पंखों के नीचे बैठे यात्री। ● अमृत विचार



अमरोहा रेलवे स्टेशन का यह है हाल

> रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है। प्लेटफार्म नंबर एक पर पंखे व ठंडे पानी की व्यवस्था है। निर्माण के बाद प्लेटफार्म दो पर व्यवस्था कराई जाएगी। स्टेशन पर पानी की कमी होने पर व्यवस्था करवाई जाती है। सफाई कर्मचारी से कई बार सफाई व्यवस्था को सही करवाया गया है। अगर ठंडे पानी व पंखे को लेकर दिक्कत है तो उसे सही कराया जाएगा।
>
> – **देवेंद्र कुमार**, अमरोहा रेलवे स्टेशन अधीक्षक

### गर्मी में पानी के लिए तरसते हैं यात्री, टंकी की टोटियां भी टूटीं

**गजरौला, अमृत विचार :** भीषण गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। इस कारण ट्रेन और बसों में यात्रा करने वाले लोग परेशान हैं। रेलवे स्टेशन पर लगे पंखे नहीं चल रहे हैं।रेलवे स्टेशन पर हवा की उम्मीद में बैठने वाले यात्रियों को उदास होना पड़ रहा है। वहीं साथ में उनके बच्चों भी गर्मी से बेहाल हैं। लेकिन रेलवे अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गजरौला में प्लेटफार्म नंबर एक पर मुरादाबाद की ओर जाने वाली ट्रेनें आती हैं। ट्रेनें लेट आने की वजह से यात्रियों को कई बार घंटों तक प्लेटफार्म पर ही बैठकर इंतजार करना पड़ता है। रेलवे स्टेशन पर पंखे तो लगे हैं, लेकिन शोपीस बनकर रह गए। गुरुवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्रियों को पंखों के बंद होने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शहर का रेलवे स्टेशन पर यात्री मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। गर्मियों के दस्तक देने के बाद भी रेलवे ने अभी तक पंखे व टूटी पड़ी पानी पीने की टोटियों को दुरुस्त कराने पर ध्यान नहीं दिया है। स्टेशन अधीक्षक केएल कश्यप ने बताया कि बिजली नहीं आने के कारण पंखे बंद थे। पानी की टोटियों को सही किया जाएगा।

## खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 10 हजार रुपये

**हसनपुर, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने ग्रामीण के बैंक खाते से बिजली का बिल जमा करने के नाम पर 10 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर निवासी ब्रजमोहन सिंह ने बताया कि 27 मई को एक अनजान नंबर से उसके मोबाइल पर कॉल आई थी। कॉलर ने कहा कि एयरटेल अकाउंट में कुछ कमी है, सही करना है, उसके बाद उन्होंने ओटीपी पूछा। लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। कई बार उसके मोबाइल पर ओटीपी आता रहा। उसके बाद उसके मोबाइल पर संदेश आया कि उसके खाते से 5-5 हजार दो बार में असाम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में बिजली का बिल जमा किया गया है। यह स्मार्ट प्रीपेड रिचार्ज किया गया है। उसने अपना खाता लॉक कर दिया। पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच करने के बाद साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# बिजली न मिलने से गुस्साए ग्रामीणों का प्रदर्शन

## शीतला सराय में एक सप्ताह से नहीं पहुंच रही आपूर्ति, व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** बिजली नहीं मिलने से गुरुवार को किसानों व ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने ढबारसी बिजली घर पहुंचकर विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर चेतावनी दी।

नौतपा में भीषण गर्मी अपना कहर बरपा रही है। इस बीच लोगों को बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। कस्बा ढबारसी स्थित बिजली घर से 35 गांवों को आपूर्ति दी जाती है। इसमें आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव शीतला सराय को भी इसी बिजली घर से आपूर्ति दी जाती है। लेकिन लगभग एक सप्ताह से शीतला शराय में बिजली की समस्या है। इससे किसानों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। गुरुवार को शीतला सराय के गुस्साए ग्रामीण एकजुट होकर ढबारसी बिजली घर पर पहुंच गए। वहां बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा किया। इस मामले में प्रधान के पुत्र का कहना है कि हमारे गांव में लगभग एक सप्ताह से बिजली नहीं जा रही है और आसपास के सभी गांवों में बिजली समय पर दी जा रही है। अगर हमारे गांव में बिजली की व्यवस्था नहीं होती है तो हम उग्र आंदोलन को विवश होंगे। इसकी जिम्मेदारी विद्युत निगम के अधिकारियों की होगी। इस मौके पर जगदीश राणा, राजकुमार, राजबहादुर सिंह, समरपाल सिंह, बिजेंदर, देवराज, धर्मेंद्र, करण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



बिजलीघर में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार



टेलीफोन एक्सचेंज में फूंके उपकरण।

● लोग बोले- खेतों में सिंचाई नहीं होने से सूख रहीं फसलें

### बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में लगी आग उपभोक्ताओं के मोबाइल से नेटवर्क गायब

**ढबारसी, अमृत विचार :** ढबारसी में पुलिस चौकी के पास स्थित बीएसएनएल के निकट टेलीफोन एक्सचेंज में अचानक आग लग गई। इससे दूरसंचार के उपकरण जलकर नष्ट हो गए। आग लगने की वजह से उपभोक्ताओं के मोबाइल से नेटवर्क गायब हो गए। नेटवर्क न आने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार दोपहर दो बजे टेलीफोन एक्सचेंज के निकट टंकी फिटिंग के लिए रखी प्लास्टिक की पाइप में अचानक आग लग गई। इस आग ने टेलीफोन एक्सचेंज को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक्सचेंज में रखे उपकरण भी जलकर नष्ट हो गए। घटना की सूचना दूरसंचार विभाग के हसनपुर कार्यालय को दे दी गई है।

### आंधी से 35 गांवों की आपूर्ति ठप, गर्मी में लोग हुए बेहाल

**ढबारसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ग्रामीणों को बिजली घर के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार रात आंधी से बिजलीघर से जुड़े 35 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीण गर्मी में रातभर बिजली आने का इंतजार करते रहे। गुरुवार सुबह आपूर्ति सुचारू होने पर ग्रामीणों को राहत मिली। ढबारसी बिजलीघर के तीन फीडर कई माह से खराब हैं। इन फीडरों से जिन गांवों को आपूर्ति की जाती थी, उन गांवों को अन्य फीडरों से जोड़ दिया गया है। लोड अधिक होने से फाल्ट होते ही 24 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहती है। समय के अनुरूप, विद्युत आपूर्ति न मिलने से किसानों की फसलें सूख रही हैं। दूसरी ओर आबादी क्षेत्रों में घरेलू बिजली उपकरण न चलने से पशुओं को पानी व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के चलते अधीक्षण अभियंता ने जेई को बिजलीघर पर तैनात रहने के आदेश दिए थे।

## एक नजर

### रैली के माध्यम से नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव पाल में विश्व तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सचिवालय में शिवकुमार भारती के नेतृत्व में किया गया। ग्राम प्रधान के पति वीर सिंह भगत ने लोगों से आह्वान किया कि यदि लंबी व स्वस्थ जिंदगी चाहते हो तो तम्बाकू व अन्य सभी नशीले पदार्थों का सेवन करना त्याग दे। शिवकुमार भारती ने लोगों से कहा कि किसी भी व्यक्ति को तम्बाकू का सेवन नहीं करना है। उन्होंने गांव में भ्रमण करने के लिए एक जागरूकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पूरे गांव में घूमी और लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इस मौके पर राजवीर सिंह, सुरेन्द्र कुमार, महेन्द्र सिंह, धर्म सिंह, अमर पाल,वसंत सिंह, लक्ष्मी, गीता देवी, पारूल रानी, सुरेश आदि मौजूद रहे।

### नौ लोगों के खिलाफ हुई शांति भंग की कार्रवाई

**गजरौला,अमृत विचार :** पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। उन्हें कोर्ट में पेश किया। थाना गजरौला पुलिस ने आजाद, सचिन, जीतू, सुमित, मदन व राजबीर और सोनू, साकिर के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई हुई है।

# विद्युत निगम के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती व लो वोल्टेज से क्षेत्र में हाहाकार मचा है। सिबौरा और बुढनपुर बिजलीघर से कुछ दिनों से विद्युत कटौती की जा रही है। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाराज ग्रामीणों ने विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि 24 घंटे में मात्र 6 से 7 घंटे ही क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। छह घंटे आपूर्ति टुकड़ों में मिल रही है। लो वोल्टेज की समस्य परेशानी बढ़ रही है। लो वोल्टेज की वजह से फ्रिज, कूलर व पंखे शोपीस बने हैं। विद्युत कर्मियों का ध्यान बिजली कटौती में सुधार करने की तरफ नहीं है, बल्कि बिल जमा करने पर ज्यादा है। गुरुवार को डिडौली के उपभोक्ताओं ने विद्युत कर्मियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रमोद शर्मा, सौरभ ठाकुर, अमित ठाकुर, राहुल ठाकुर, विजय गुप्ता, आकाश कुमार, शिवम कुमार, गौरव गुप्ता, देवराज सिंह आदि मौजूद रहे।



डिडौली में विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### मई में बड़े बकाएदारों से वसूले आठ करोड रुपये

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत प्रथम सबडिवीजन क्षेत्र से बिजली विभाग की टीम ने मई में वसूली अभियान चलाकर आठ करोड़ रुपये की वसूली की है। बिजली के बकाएदारों को नोटिस जारी कर बकाया बिल जमा करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को अधिशासी अभियंता ने निखिल कुमार ने बताया कि एक मई से 31 मई तक तक बकाया वसूली के लिए प्रथम सब डिवीजन क्षेत्र में अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम में आठ करोड रुपये की वसूली की है।

## गर्मी में 175 मिलियन बढ़ा बिजली का भार

**अमरोहा, अमृत विचार:** पिछले वर्ष की तुलना में इस बार भीषण गर्मी में 175 मिलियन बिजली का भार बढ़ गया है। बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए ट्रांसफार्मर को पानी से ठंडा किया जा रहा है।

अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष मई में 120 मिलियन बिजली का भार पड़ा था, जो इस साल 175 मिलियन हो गया। उन्होंने बताया कि तापमान बढ़ने से बिजली की मांग बढ़ गई है। लोड से ट्रांसफार्मर गर्म होने लगे हैं। बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए कुछ समय कटौती की जा रही है। इस दौरान गर्म हुए ट्रांसफार्मर को पानी से ठंडा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते लाइन पर अधिक लोड बढ़ने से फॉल्ट हो रहे हैं। कहा कि गर्मी को देखते हुए बिजली का उपयोग कम करें और आवश्यकता पड़ने पर ही बिजली के उपकरण चलाएं।

# मतगणना की तैयारी पूरी करने में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी। इसकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मतगणना स्थल पर कुर्सी लगा दी गई हैं और लाइट, कूलर, पंखे, बिजली, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की गई है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अन्य अधिकारियों ने मंडी समिति में तैयारी का जायजा लिया है। मतगणना के लिए बनाए गए चारों पंडालों में 14- 14 टेबल और कुर्सियां बिछाई गई हैं। जिलाधिकारी के मुताबिक, मतगणना स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल और दूसरी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे। मतगणना के दिन बिजली आपूर्ति को पूरी तरह से सुचारु रखा जाएगा। अतिरिक्त जेनरेटर की व्यवस्था भी की गई है। गर्मी को देखते हुए पेयजल के लिए पानी के टैंकर भी उपलब्ध रहेंगे।

### प्रशिक्षण से गायब रहे कर्मियों को दिया नोटिस

**अमरोहा, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार के निर्देशन में गुरुवार को मतगणना कर्मियों को जोया रोड पर स्थित लिटिल स्कॉलर्स अकादमी में प्रशिक्षण दिया गया है। कर्मचारियों को मशीनों को खोलने वोटों की गिनती करने समेत अन्य बिंदुओं की जानकारी दी गई है। प्रशिक्षण में 268 कर्मियों ने भाग लिया और गैर हाजिर रहे दो कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है, उनको चेतावनी भी दी गई है।

# शाहपुर कला में कुत्ते के हमले से युवक घायल, सीएचसी में भर्ती

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव में कुत्ते ने बाइक सवार युवक पर हमला कर घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार कर उसे घर भेज दिया गया। उधर, ग्रामीणों ने कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

क्षेत्र में कुत्ते हिंसक हो गए हैं। वे अब बच्चों व बड़ों पर भी हमला कर रहे हैं। गांव शाहपुर कला निवासी मजदूर बदरुद्दीन पुत्र इलियासुद्दीन गुरुवार सुबह बाइक सही करने के लिए सड़क किनारे स्थित मिस्त्री की दुकान पर आया था। जैसे ही उसने बाइक मिस्त्री की दुकान पर खड़ी की तो यहां कुत्ते ने उसे पर हमला बोल दिया। उसे नोच कर घायल कर दिया। मुश्किल से ग्रामीणों ने एकत्र होकर बदरुद्दीन को कुत्ते से बचाया।

इसके बाद घायल को परिजनों ने नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि गांव शाहपुर के एक युवक को कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया था, उसका उपचार कर उसे घर भेज दिया गया है।



घायल बदरूद्दीन।

# आसमान से बरस रही आग, रात में भी सुकून नहीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। न दिन को राहत और न रात को सुकून मिल रहा है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस होने से लोगों का मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है।

गुरुवार को नौतपा के बीच गर्मी अधिक हो गई है। हर दिन आसमान से आग बरस रही है। सुबह से लेकर रात तक गर्म हवा से हर कोई परेशान हो रहा है। गुरुवार सुबह से ही भीषण गर्मी होने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। सुबह 9 बजे तापमान 37 डिग्री के पार हो गया और पंखे और कलर राहत नहीं दे सके। दोपहर होते-होते तापमान 44 डिग्री पहुंच गया। जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह का कहना है कि गर्व हवा चल रही है और अभी तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से बचाव के लिए दही, नींबू का पानी और आम के जूस का सेवन करे। घर से बाहर निकलते वक्त शरीर को कपड़े से ढककर निकलें। बाजार से खरीद कर खाने पीने की वस्तु का सेवन न करें।



हसनपुर में भीषण गर्मी व धूप से बचाव को छाता तानकर जाती महिला।

### सड़कों पर पसरा सन्नाटा, घरों में रहे लोग

**हसनपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने लोगों की जीना बेहाल कर दिया है। दोपहर को ऐसा लगता है जैसे कर्फ्यू लगा हो, सड़कें खाली नजर आती हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में रहते हैं। अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। इस बार गर्मी ने पिछले कई सालों का रिकार्ड तोड़ दिया हैं। आने वाले दिनों में रात का तापमान भी बढ़ने के आसार हैं। भीषण गर्मी व तेज धूप के साथ लू भी चल रही है। लू बच्चों व बुजुर्गों के लिए मुसीबत बन रही हैं। भीषण गर्मी में विद्युत उपकरण शोपीस बन गए हैं। ऐसी गर्मी में वे गर्म हवा दे रहे हैं। दोपहर को नगर की सड़कें सुनसान पड़ी रहती हैं और सन्नाटा पसरा रहता है। जो भी अगर किसी जरूरी कार्य के लिए घर से बाहर निकलता है तो छाता या कपड़े का प्रयोग करता है।

### भीषण गर्मी से लोग बेहाल, बिजली उड़ा रही नींद

**रहरा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच दोपहर को लोग घर से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। उधर बिजली लोगों की नींद उड़ा रही है। जिले में फसलों की सिंचाई का भी संकट गहरा गया है। लोग, पशु, पक्षी भी पानी की तलाश में व्याकुल नजर आ रहे हैं। गर्मी में बिजली की व्यवस्था भी चरमरा गई है। ओवरलोड के चलते ट्रिपिंग से परेशानी बढ़ रही है। उधर, चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी में तेज बुखार की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में पेय पदार्थों के साथ हरी सब्जी एवं फलों का सेवन करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने और सिर ढक कर ही घर से बाहर निकले बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें।

जल जीवन मिशन | जयतौली में पानी की जांच में अधिक मिला लौह व नाइट्रेट क्लोराइड

# जल सखी करेंगी पानी की जांच

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव जयतौली के सचिवालय में जल जीवन मिशन के तहत जन जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत में पांच जल सखी बनाई गईं। इसमें जयतौली की ग्राम प्रधान प्रेमवती, आसमा, कहकशां, नन्ही, साजदा को जल की जांच का प्रशिक्षण भी दिया गया।

ग्राम पंचायत जयतौली में घरों के हैंडपंप के जल की जांच में क्लोरीन, लौह, नाइट्रेट, फ्लोराइड की मात्रा के संबंध में जांच की गई। हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं निकला। पानी में लौह एवं नाइट्रेट क्लोराइड की मात्रा पानी में अधिक मिली। इस मिशन के तहत जयतौली में पानी की टंकी का निर्माण वर्ष 2018 में किया गया था। टंकी का पानी हर घर जल योजना के अंतर्गत हर घर जल पहुंचाया जाना सुरक्षित किया गया। लेकिन यह योजना सिर्फ कागजों पर ही दिख रही है। ग्राम प्रधान व जल निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों के घरों में टंकी का पानी नहीं पहुंच रहा है। कई वर्षों से जयतौली में पानी की टंकी बंद पड़ी है। इस कार्यक्रम में सतपाल अंबावता, युवा जिला अध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी, नौशाद चौधरी, फरमान चौधरी, कमर खान, हाजी कलुआ, बब्बू चौधरी आदि उपस्थित रहे।



जयतौली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल जल सखी। ● अमृत विचार

● हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं मिला, कराई जा रही है जांच

## मारपीट के मामले में दंपती और उनके बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** मेढ़ के विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवार में मारपीट हुई। किसान ने अपने परिवार के साथ मिलकर भतीजे को पीटा। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दंपती समेत उनके दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव कैलसा निवासी शमसुद्दीन व स्वर्गीय खुर्शीद हैदर के परिवार के बीच काफी समय से खेत की मेढ़ को लेकर विवाद चल रहा है। खुर्शीद के बेटे तौफीक का आरोप है कि 14 अप्रैल को शमसुद्दीन व इबराना ने इस विवाद में अपने बेटे साजिद व रशिद के साथ साजिश रच कर उसके भाई नफीस व इदरीश को खेत पर बुला लिया। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षण प्रेमपाल सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी दंपती समेत उनके बेटों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### बिजली का तार काटने के विरोध पर महिला को पीटा



**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में विद्युत खंभे पर लगा केबल काटने का विरोध करने पर लोगों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव गंगा चोली निवासी अनीता पत्नी जोगिंदर परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचीं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके घर के सामने लगे विद्युत खंभे पर उसका केबल लगा हुआ था। जहां लगातार दो दिन से गांव के ही जयपाल, बाबू, मुकेश व उनके घर की महिलाओं ने केबल काट दिया। उसने विरोध किया तो उसे लात घूसों व लाठी डंडों से मारा पीटा। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।



शरबत वितरण करते लोग। ● अमृत विचार

### मीठा पानी पिलाकर लोगों की प्यास बुझाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** इस भीषण गर्मी में समाजसेवियों ने स्टॉल लगाकर राहगीरों को शरबत का वितरण किया। गुरुवार को नगर के रहरा मार्ग पर भाजपा नेता योगेंद्र प्रजापति द्वारा कैंप लगाकर शरबत का वितरण किया गया। राहगीरों ने शरबत पीकर प्यास बुझाई। भाजपा नेता ने बताया कि समय-समय पर वह कैंप लगाकर शरबत का वितरण कराते हैं।



कॉलेज में छात्राओं को शरबत बांटते शिक्षक। ● अमृत विचार

### बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में बांटा शरबत

**रहरा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में सभी छात्राओं को शरबत व शिकंजी का वितरण किया गया। डायरेक्टर ब्रहमदत्त त्यागी, संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र सिंह त्यागी और प्रधानाचार्या अनीता शर्मा ने छात्राओं को शरबत पिलाकर किया। डायरेक्टर ने बोर्ड परीक्षा 2025 में जिला टॉपटेन सूची में स्थान प्राप्त करने पर छात्राओं को स्कूटी देने की घोषणा की। इस अवसर पर राजेश चन्द्र त्यागी, श्याम सुन्दर मौर्य, राजपाल सिंह, ब्रजेश कुमार, अरविन्द कुमार, रामफल सिंह, रेखा सिंह, शबाना सैफी, शोभा त्यागी, प्रीति त्यागी, श्रीमती रेखा ठाकुर, आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के बूथ अध्यक्ष सुरेश ने किया शरबत का वितरण

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मायापुरी में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सुरेश प्रजापति के प्रतिष्ठान पर शरबत का वितरण किया गया। लोगों ने उनके इस कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर पूर्व मंडलाध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, योगेन्द्र सिंह, मनमोहन सिंह सेन, चंद्रपाल सिंह पाल, उमेश कुमार, सुरेश प्रजापति, अंकित मिस्त्री मौजूद रहे। नगर में और भी कई स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया।



शरबत का वितरण करते भाजपा नेता।

### फैक्ट्री प्रबंधन को पीटने का आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** हवाई फायरिंग कर फैक्ट्री प्रबंधक को पीटने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। बुलंदशहर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के गांव लडाना निवासी वेदप्रकाश शर्मा गजरौला स्थित एक कंपनी में प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। नवनीत धारीवाल व ऋतिक अपने 20 साथियों के साथ फैक्ट्री के गेटमैन को पिस्टल दिखाकर अंदर घुस आए थे। यहां प्रबंधक कार्यालय में पहुंचकर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायर किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**रहरा, अमृत विचार :** गृह क्लेश के चलते युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव निवासी प्रशांत उर्फ मिंटू (23) पुत्र नरेश कुमार वर्ष की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। वह अपनी ससुराल खैर जिला बुलंदशहर में पत्नी के साथ रह रहा था। बुधवार को वह अपने गांव वापस आया था। पत्नी मायके में थी। बुधवार को वह घर आ गया था। परिवार वालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उसने घर के पीछे 400 मीटर दूर शीशम के पेड़ के सहारे फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वह पांच भाई बहन हैं। एसएसआई आदेश पांचाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### बंदरों के झुंड से डरकर व्यक्ति छत से गिरा, घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी जावेद गर्मी होने की वजह से बुधवार की रात छत पर सो गया था। गुरुवार की सुबह दस बजे जावेद छत से उतरकर नीचे आ रहा था। अचानक से छत पर पहुंचे बंदरों के झुंड को देखकर जावेद घबरा गया और जल्दी जल्दी नीचे उतरने के चक्कर में जावेद छत से रास्ते में गिरकर घायल हो गया। चीख पुकार को सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और जावेद को आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर सराय निवासी हरद्वारी गुरुवार को बाइक पर सवार होकर कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा मोहम्मदपुर से आ रहा था। संभल चंदौसी मार्ग पर जैसे ही अपने गांव के पास पहुंचा। सामने से आ रहे ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे हरद्वारी गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने हरद्वारी को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, एक में आग लगी

## अधिवक्ता ने किसी तरह बचाई अपनी जान, दूसरा बाइक सवार फरार

संवाददाता, संभल/सौंधन



संभल में हादसे के बाद जलती अधिवक्ता की बाइक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने सामने से टक्कर के बाद अधिवक्ता की बाइक में आग लग गई। अधिवक्ता ने किसी तरह जान बचाई। कुछ ही देर में बाइक जल गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव भंड़ा निवासी अधिवक्ता ललित गुरुवार की सुबह 11 बजे बाइक पर सवार होकर कचहरी संभल आ रहे थे। ललित बाइक लेकर जैसे ही कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर स्थित गांव मूसापुर व रायपुर के बीच पहुंचे। सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने ललित की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ललित की बाइक में आग लग गई। आग लगती देखकर ललित ने आनन फानन में सड़क किनारे बाइक खड़ी कर किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। अधिवक्ता मिट्टी डालकर बाइक की आग बुझाने की कोशिश करते रहे लेकिन आग ने बाइक को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। बाइक में आग लगती देखकर दूसरा व्यक्ति अपनी बाइक लेकर मौके से भाग गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर इकठ्ठा हो गई। कुछ ही देर में बाइक जलकर पूरी तरह से बर्बाद हो गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि बाइक जलने का मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम अधूरा

कार्यालय संवाददाता, संभल



फायर फाइटिंग सिस्टम के बारे में जानकारी लेते अग्निशमन अधिकारी।

● अग्निशमन विभाग की टीम जायजा लेने पहुंची अस्पताल

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम के कार्य को देखने के लिए अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची। टीम ने कार्य देखते हुए अभिलेखों के बारे में जानकारी ली। कार्य पूर्ण होने पर आडिट करने की बात कही।

जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम तैयार कराने को लेकर पूर्व में ही शासन से मंजूरी मिल चुकी है। डेढ़ करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के लिए शासन से 77.44 लाख रुपये की किस्त जारी होने पर मुजफ्फरनगर की कंपनी ने काम शुरू कराया था। करीब 50 प्रतिशत कार्य हो चुका है। इस बीच गुरुवार को अग्निशमन विभाग से स्टेशन प्रभारी बाबूराम टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने फायर फाइटिंग सिस्टम के कार्य को देखा। जिला अस्पताल की डॉ. जया कौशल से फायर फाइटिंग सिस्टम के अभिलेखों के बारे में जानकारी की। डॉ.जया कौशल ने बताया कि पत्राचार करने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर फाइटिंग सिस्टम के काम को देखा है। कार्य पूर्ण होने के बाद फिर से अस्पताल आकर आडिट करने की बात कही है। बताते चलें कि जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम तैयार होने पर आग की घटनाओं पर काबू पाया जाना आसान होगा। मरीजों और तीमारदारों का जीवन भी सुरक्षित रहेगा।

## सार संक्षेप

### योगेश बने अध्यक्ष, कपिल दीवाना को चुना गया सचिव

**बहजोई, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद बहजोई मंगलम की बैठक में नई कार्यकारिणी गठन के लिए सदस्यों ने चर्चा की। चर्चा के बाद योगेश कुमार एडवोकेट को अध्यक्ष तो कपिल दीवाना को सर्व समिति से सचिव चुना गया। भारत विकास परिषद बहजोई मंगलम की आयोजित बैठक में सर्वप्रथम नई कार्यकारिणी गठन को लेकर सदस्यों ने आपस में चर्चा के बाद योगेश कुमार एडवोकेट अध्यक्ष, कपिल दीवाना का सचिव पद के लिए नाम प्रस्तावित किया। जिस पर सभी ने आपसी सहमति के बाद योगेश कुमार एडवोकेट को अध्यक्ष व कपिल दीवाना को सचिव निर्वाचित घोषित किया। इसके अलावा सोम प्रकाश वार्ष्णेय को उपाध्यक्ष व लव कुमार आर्य को कोषाध्यक्ष चुना गया। सोम प्रकाश वार्ष्णेय ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे। हम सभी को साथ मिलकर भारत विकास परिषद के उद्देश्य को आगे बढ़ना होगा। इस दौरान प्रांतीय संपर्क प्रमुख राहुल टाइगर, जिलाध्यक्ष दिवाकर गुप्ता, पंकज आर्य, विनीत सर्राफ, विनोद कुमार, मुकेश वार्ष्णेय, विद्युत आर्य, यशवर्धन, सुमित डीआर, मृदुल बाबू, सोनू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता योगेश कुमार एडवोकेट ने और संचालन लव कुमार आर्य ने किया।

### अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए 6 जून को मतदान

**संभल, अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन संभल की चुनाव प्रक्रिया में गुरुवार को मात्र एक नामांकन वापस हुआ। अब अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए छह जून को मतदान होगा। कई पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन प्रकाशवीर सिंह एडवोकेट ने बताया कि गुरुवार को एक नामांकन वापस हुआ है। अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार गुप्ता व राजीव कुमार भटनागर, सचिव के लिए अमित उठवाल व चंद्रप्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए मोहम्मद वसी हसन, उपाध्यक्ष के लिए मोहम्मद जफर, कौशल कुमार त्यागी व आदित्य रस्तोगी, कोषाध्यक्ष के लिए अली सादिक व नीरज कुमार, उप सचिव के लिए अक्षय कौशिक, रामकिशन सिंह व गुलजार इरशाद के नामांकन वैध पाए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष वसी हसन, उपाध्यक्ष मोहम्मद जफर, कौशल कुमार त्यागी, आदित्य रस्तोगी, उप सचिव अक्षय कौशिक, रामकिशन व गुलजार इरशाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान एल्डर्स कमेटी के सदस्य देवेंद्र पाल, सत्यवीर शर्मा, मुस्तकीम रहे।



रजपुरा में चीनी मिल कर्मचारियों की आंखों की जांच करते नेत्र चिकित्सक।

### चीनी मिल के 200 कर्मचारियों की आंखों की हुई जांच

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में रोटरी क्लब बबराला की ओर से शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष राहुल यादव और शुगर मिल के यूनिट हेड आशीष शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैंप में भानु आई हॉस्पिटल बबराला के डॉ. भानु यादव और उनकी टीम ने 200 कर्मचारियों की आंखों की जांच की। शुगर मिल के यूनिट हेड आशीष शर्मा ने कहा कि आंखें हमारी सबसे बड़ी धरोहर हैं। आंख हमें दुनिया की खूबसूरती का अहसास कराती है। इसलिए हर कर्मचारी को आंखें समय समय पर चेक कराते रहना चाहिए। इस दौरान राजन कुमार दीक्षित, अभय शर्मा, सुधीर त्यागी, संजीव कुमार, संतोष कुमार, आंचल बिंदल, आकाश ठाकुर, विमलेश त्रिपाठी, ध्रुव चौधरी, आशुतोष कुमार, सुभ्रा भट्टाचार्य, गुरप्रीत सिंह, लविश कुमार, अंकुर शर्मा, देवानंद तिवारी, निर्भय सिंह, योगेश गुप्ता आदि रहे।

### चाकू से हमला कर भाई बहन को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछौली निवासी मोहम्मद वसीम ने गुरुवार को बताया कि गांव की ही युवती प्रेम प्रसंग के चलते भाई कासिम के साथ रहने की मांग को लेकर दो माह पहले घर आ गई थी। इस बात खफा होकर व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराकर कासिम को जेल भिजवा दिया था। बुधवार की देर रात साढ़े नौ बजे मोहम्मद वसीम अपने तहेरे भाई इल्यास के किराना स्टोर पर बैठा हुआ था। आरोप है कि व्यक्ति यहां पहुंचा और इल्यास के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करते हुए मोहम्मद वसीम अपने घर चला गया। व्यक्ति पीछे पीछे अपने बेटों व परिजनों के साथ मोहम्मद वसीम के घर पर आ गया और चाकू से हमला कर मोहम्मद वसीम व उसकी बहन निशा को घायल कर दिया।

### गर्म मसालों के इस्तेमाल से हो रहा सेहत से खिलवाड़

**संभल, अमृत विचार :** जिला संघर्ष समिति के सदस्यों ने एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। कहा कि शादी विवाह में भोज व पकवान बनाने में गर्म मसालों का इस्तेमाल हो रहा है। यह लोग गर्मी और सर्दी दोनों में ही एक फॉर्मूला अपनाते हैं। स्वाद के नाम पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। जिस कारण लोग बीमार हो रहे हैं। वहीं मैरिज हॉलों में विदाई के समय आतिशबाजी का चलन मजदूरों की नींद हराम कर रहा है। सदस्यों ने दोनों समस्याओं पर ध्यान देकर समाधान कराने की मांग उठाई। इस दौरान डॉ.मुहम्मद नाजिम, यासीन अंसारी, कमांडर अली, रविराज चाहल एडवोकेट, गजराज सिंह, सफदर अली आदि रहे।

### कनेक्टिविटी फेल होने से कार्य प्रभावित

**संभल, अमृत विचार :** एआरटीओ कार्यालय में गुरुवार को बीएसएनएल की कनेक्टिविटी फेल होने से कार्य प्रभावित हुआ। ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा वाहनों से संबंधित तमाम कार्य नहीं हो सके। लोग हाथ में फाइल लेकर घूमते रहे तो बाबुओं ने भी समस्या होने की जानकारी दी। घंटों के बाद कनेक्टिविटी आई, तब जाकर कामकाज ने रफ्तार पकड़ी। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि कुछ समय के लिए कनेक्टिविटी की समस्या आई थी। सही होने पर कार्य ठीक तरह से चलता रहा।

# हापुड़ के गैंग ने की थी एएनएम के आवास में चोरी, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



रजपुरा में पुलिस की गिरफ्त में वारदात में शामिल बदमाश व बरामद बाइक व जेवर।

● रजपुरा सीएचसी परिसर में एएनएम के आवास में 17 मई को दिन में हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** रजपुरा में एएनएम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित आवास से दिनदहाड़े लाखों की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात को हापुड़ के गिरोह ने अंजाम दिया था। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तारी कर लिया है जबकि एक फरार है। पुलिस ने लूटे गए कुछ जेवर व नकदी के साथ ही घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की है।

एएनएम लक्ष्मी देवी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर राजपुरा में स्थित आवास में बदमाशों ने 17 मई को सुबह 10 बजे चोरी की वारदात को उस समय अंजाम दिया था जबकि लक्ष्मी देवी देवर के साथ एक गांव में टीकाकरण के लिए कई थी और पति ओंकार सिंह गाजियाबाद गए हुए थे। इसी दौरान बदमाशों ने बंद घर के ताले तोड़कर जेवर व साठ हजार की नकदी सहित लगभग साढ़े चार लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया था। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि चोरी की वारदात को हापुड़ के बदमाशों ने अंजाम दिया था। एसएसआई ललित शर्मा के नेतृत्व में रजपुरा थाने की पुलिस टीम ने पुख्ता जानकारी के बाद अनूपशहर पुल के बाएं तरफ कुटिया के पास से चोरी की घटना में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम अली जान पुत्र सईद उर्फ शहीद निवासी मजीद पुरा गली नंबर 5 थाना हापुड़ हाल निवासी मोहल्ला लडपुरा आदर्श नगर कस्बा गढ़मुक्तेश्वर व नईम उर्फ सोनू पुत्र आस मोहम्मद निवासी गोजी सलाई थाना हापुड़ देहात को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी किए गए जेवर में से कुछ जेवर, 1500 रूपये की नगदी एक छैनी व घटना में इस्तेमाल सीबीजेड मोटरसाइकिल यूपी 14 बीजेड 0634 बरामद की गई है। पकड़े गये बदमाशों ने घटना में शामिल अपने तीसरे साथी का नाम पिंटू उर्फ विकास पुत्र मुन्नालाल निवासी चेहशोरे पापड़ वाली गई हापुड़ बताया है। पुलिस पिंटू की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

**संभल।** अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि एएनएम के आवास पर हुई चोरी के खुलासे के लिए पुलिस ने ऑपरेशन दृष्टि के तहत आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। घटना के बाद एक कैमरे में बदमाश बाइक पर जाते नजर आये तो पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी। बताया कि इस गिरोह को नहीं पकड़ा जाता तो यह जनपद में दूसरी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।

### शातिर बदमाशों का है लंबा आपराधिक इतिहास

**संभल।** रजपुरा थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित कुमार शर्मा ने बताया कि चोरी में शामिल अली जान व नईम उर्फ सोनू का लंबा आपराधिक इतिहास है। नईम उर्फ सोनू के खिलाफ कानपुर, गाजियाबाद व हापुड़ जनपदों में चोरी व अन्य अपराधों को लेकर 13 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह अली जान के खिलाफ भी बांदा, गाजियाबाद व कानपुर आदि जनपदों में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# चोरी के स्टार्टर और केबिल सहित पकड़ा

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के जंगल में नलकूप से चोरी का स्टार्टर, केबिल व अन्य सामान सहित युवक को पकड़कर नलकूप स्वामी ने पुलिस को सौंप दिया।

हयातनगर के मुहल्ला आला हजरत मस्जिद के पास निवासी नबी हसन का हयातनगर से जा रहे थाना क्षेत्र के गांव दतावली मार्ग पर सिंचाई करने के लिए खेत पर नलकूप लगा हुआ है। बुधवार की दोपहर नबी हसन खेत पर नहीं थे। मुहल्ला अंबेडकर गेट निवासी अनिकेत नबी हसन के खेत पर पहुंचा और नलकूप से स्टार्टर व केबिल चोरी कर बोरी में रखकर लेकर जाने लगा। तभी नबी हसन खेत पर आ गए। स्टार्टर व केबिल गायब देखकर अनिकेत को पकड़ लिया। नबी हसन ने बोरी खोलकर देखा तो उसमें स्टार्टर व केबिल सहित अन्य सामान रखा हुआ था। नबी हसन सामान सहित अनिकेत को लेकर थाने पहुंचे और सामान सहित अनिकेत को पुलिस के हवाले कर दिया।



पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

# एसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** मतगणना पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी ने पुलिस बल के साथ शहर में पैदल मार्च किया । साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

4 जून को मतगणना होनी है। जिसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन व पुलिस जुटी हुई है। मतगणना के दिन जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखना जरूरी है। गुरुवार की रात आठ बजे आवास विकास चौराहा से एसपी कुलदीप सिंह गुनावत पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां से एसपी ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च निकाला।

इस दौरान मतगणना के दिन लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बताया कि जो शांति व्यवस्था को भंग करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह व पुलिस बल मौजूद रहा।

# छीना गया ई रिक्शा बरामद, एक गिरफ्तार

**संभल/मनोटा, अमृत विचारः** ऐचोड़ा कंबोह थाना पुलिस ने सात माह पहले नशा सुंघाकर चालक से छीने गये ई रिक्शा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार को रामपुर जिले के गांव चमरौआ निवासी अनवार उर्फ अनवर ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में गांव नहरोली तिराहे पर लगे टेढ़े खंभे के पास खड़ा था। पुलिस ने अनवार को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि अक्टूबर में नखासा थाना के गांव मन्नीखेड़ा निवासी चालक जयप्रकाश का किराये पर ई रिक्शा लेकर अपने साथी के साथ संभल जोया मार्ग पर गांव मनोटा पुल पहुंचा। अनवार ने साथी के साथ शराब पी और जयप्रकाश को भी पिला दी। जिसके बाद अनवार साथी के साथ वापस सैदनगली आने लगे। जयप्रकाश ई रिक्शा लेकर जैसे ही गांव भटपुरा के पास पहुंचा। अनवार ने जयप्रकाश को रुमाल से नशा सुंघाकर ई रिक्शा, नकदी व मोबाइल लेकर भाग गए थे।

# 'आओ बबराला संवारें' की हुई शुरूआत

संवाददाता, बबराला



रोडवेज बस अड्डे पर सफाई अभियान चलवाते चेयरमैन व ईओ। ● अमृत विचार

## अभियान

● रोडवेज बस स्टैंड पर हुई सफाई, पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण होगा

**अमृत विचार :** नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने 'आओ बबराला संवारें' अभियान की शुरूआत सालों से से वीरान पड़े रोडवेज बस स्टैंड की सफाई कराकर की। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर यहां वृहद पौधरोपण किया जाएगा।

गुरुवार को नगर पंचायत के सफाई मित्रों ने राजघाट रोड पर वर्षों से वीरान पड़े रोडवेज बस स्टैंड पर सफाई अभियान चलाया। परिसर में उगे झाड़ फूस को उखाड़ फेंकने के साथ ही ऊबड़ खाबड़ जमीन को समतल किया गया। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि साफ सफाई और पेड़ लगाने के बाद सुबह टहलने के वाले लोगों को सुविधा होगी। यहां 21 जून को योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन प्रस्तावित है। इसी क्रम में नगर पंचायत की ओर से सरकारी भूमि और प्लॉट को पार्क के जैसे विकसित करने की मुहिम शुरू की गयी है। इसे 'आओ बबराला संवारें' अभियान नाम दिया गया है। इसके तहत राजघाट रोड पर ही खाली जमीन कब्जे में लेकर स्वच्छ भारत मिशन 'वंडर पार्क' विकसित किया गया है। गुरुवार को निष्प्रयोज्य रोडवेज बस स्टैंड पर साफ-सफाई शुरू की गई है। चेयरमैन ने बताया कि इस अभियान में लोग बढ़ चढ़ कर श्रमदान कर रहे हैं।

### पंक्चर होने से पलटा ऑटो

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी चालक शाकिर हुसैन ऑटो में दो युवती सहित तीन सवारी बैठाकर असमोली आ रहा था। पंक्चर होने से ऑटो सड़क किनारे पलट गया। जिससे शाकिर हुसैन घायल हो गया। जबकि दोनों युवतियां और गांव सदीरनपुर निवासी नरेश हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गए।

नाम-परिवर्तन

मेरा नाम आधार कार्ड मे Rudr Choudhry अंकित है। अब उसमे शुद्धीकरण कराकर मैंने अपना नाम Rudra Chaudhary अंकित करा लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। रूद्र चौधरी पुत्र श्री विशाल निवासी दौलत बाग, बाल्मीकि नगर, जनपद मुरादाबाद।

चिंता | तरबूज व खरबूजे उगाने वाले किसान परेशान

# गंगा में बढ़ा जलस्तर, पालेज को खतरा

संवाददाता, संभल/बबराला



संभल जनपद के गुन्नौर में बढ़ा गंगा का जलस्तर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच गंगा का जलस्तर अचानक बढने लगा है। गंगा का बढ़ता जलस्तर पालेज करने वाले किसानों को फसल तबाह होने का डर सताने लगा है। राजघाट में गंगा की लहरें किनारे पर प्रहार कर रही हैं। किसान पेड़ों की टहनी को कटान वाले स्थानों पर लगातार कटान रोकने की कवायद में जुटे हैं।

पिछले चार दिन से गंगा नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ है। जिससे पालेज करने वाले किसानों की चिंता बढ़ गई है। एसडीएम रमेश बाबू ने कहा कि गंगा के जल स्तर में मामूली वृद्धि हुई है। फिर भी टापू पर पालेज करने वाले किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है। राजघाट सहित कई स्थानों पर तो जलस्तर में बढ़ोतरी होने के कारण भू कटान भी शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग नरौरा बैराज से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम को गंगा में 8850 क्यूसेक पानी रिलीज हो रहा है। खतरे या अलर्ट जैसा कुछ नहीं है। जलस्तर में मामूली रूप से वृद्धि हुई है जो सामान्य है। पहले यह करीब छह हजार क्यूसेक चल रहा था।

### पालेज लगाने वाले किसान चिंतित

**संभल।** गंगा के किनारे की जमीन पर किसान तरबूज व खरबूजे की फसल उगाते हैं। इस समय यह फसल तैयार है और तरबूज व खरबूजे बिक्री के लिए मंडी ले जाये जाने लगे हैं। इस बीच गंगा का जलस्तर बढ़ा तो पालेज उगाने वाले किसान परेशान होने लगे हैं। रजपुरा क्षेत्र के किसान अमरपाल का कहना है कि अब और थोड़ा भी जलस्तर बढ़ा तो फसल तबाह होने लगेगी।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम जनपद रामपुर

पृ0सं0- सी0एम0ओ0/त0नि0 कार्यक्रम/2024-25 दिनांक -30-05-24

तम्बाकू मुक्त रामपुर के सपने को साकार करने में आप सभी सहयोग करें:-

- तम्बाकू सम्बन्धी कानून कोटपा अधिनियम 2003 का पूर्ण पालन करें।
- सार्वजनिक स्थल पर धुम्रपान प्रतिबन्धित है। उलंघन करने पर जुर्माना हो सकता है।
- शिक्षण स्थानों में एवं आसपास तम्बाकू पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है एवं 100 गज के दायरे में बेचना भी अपराध है।
- तम्बाकू आज ही छोड़े एवं सहायता के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें। निशुल्क इलाज उपलब्ध है।

जिला सलाहकार त0नि0 कार्यक्रम, रामपुर। | नोडल अधिकारी त0नि0 कार्यक्रम रामपुर। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी त0नि0 रामपुर।

## एक नजर

### गुस्से में युवक ने कमरे में लगाई आग, अफरा-तफरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पतरौआ में बल्लू पुत्र गुननाम अपनी मां सुनीता, पत्नी अनामिका व पुत्री गौरी तीन वर्ष व आरब नौ वर्ष के साथ रहता है। गुरुवार की शाम युवक नशे की हालत में घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए छत पर चला गया। मां ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। गांव के लोगों ने युवक को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद युवक ने गुस्से में आकर कमरा बंद कर आग लगा दी। आग की लपटें निकलने पर परिजनों ने कमरा खोल दिया। शोर शराबा होने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कुछ देर आग पर काबू पा लिया। आग से घरेलू सामान जल गया। घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और मगर तब तक आरोपी फरार हो गया।

### गाली गलौज करने पर चार लोग गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव अर्थल निवासी सगे भाई चंद्रपाल व नेम सिंह और गांव के ही कल्याण सिंह व करण सिंह के बीच गुरुवार को किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो रहा था। विवाद बढ़ता देखकर किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चंद्रपाल, नेम सिंह, कल्याण सिंह और करण सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर शांतिभंग की धारा में सगे भाइयों सहित चारों का चालान कर दिया।

### सीएचसी परिसर में कूड़े के ढेर में लगी आग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुरुवार की दोपहर 12 बजे सीएचसी परिसर में पार्किंग के पास कूड़े में किसी ने आग लगा दी। कुछ ही देर में कूड़े में आग धू-धूकर जलने लगी। आग व धुएं से उपचार कराने पहुंचे मरीज व उनके साथ आए तीमारदारों को धुएं से परेशानी का सामना करना पड़ा। आग की लपटों से गर्मी बढ़ गई। जिससे लोग दूर जाकर खड़े हो गए और आग बुझने का इंतजार करने लगे। आग किसने और क्यों लगाई इसकी जानकारी नहीं हो सकी। वहीं सीएचसी प्रभारी हरवेंदर सिंह ने बताया कि हमारे यहां कूड़े में आग नहीं लगाई जाती है। उसे उठवाकर बाहर फिकवा दिया जाता है। आग किसने लगाई इसकी जानकारी कराई जा रही है।

# बाइक सवार मजदूर को चार बदमाशों ने मारपीट कर लूटा

## बाइक व नकदी छीनी, मारपीट कर सड़क पर फेंका, 6 घंटे में आया होश

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के इस्लामनगर रोड पर बुधवार की रात साढ़े नौ बजे कोल्ड स्टोरेज से कार्य घर लौट रहे मजदूर को चार बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने मजदूर से 1200 रुपये व बाइक लूट ली। विरोध करने पर मजदूर को जमकर पीटकर सड़क किनारे डाल गए। छह घंटे बाद रात तीन बजे मजदूर को होश आया। घर पर पहुंच घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन घायल को कोतवाली लेकर पहुंचे। पुलिस ने घायल का सीएचसी में उपचार कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल निवासी तोताराम 45 वर्ष पुत्र रामकिशोर बदायूं रोड स्थित एसआर कोल्ड स्टोरेज में पल्लेदारी का कार्य करता है। रोजाना की तरह बुधवार की रात साढ़े नौ बजे कोल्ड स्टोरेज कार्य कर बाइक पर सवार होकर मजदूर घर लौट रहा था। जब मजदूर औरछी-बर्रई के बीच पहुंचा तो सड़क पर खड़े चार बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने मजदूर की तलाशी लेनी शुरू कर दी, विरोध करने पर मजदूर को जमकर पीटा और उसके जेब में रखे 1200 रुपये व बाइक छीन ली। इसके बाद बदमाश मजदूर को सड़क किनारे डाल कर बाइक लेकर फरार हो गए। छह घंटे बाद मजदूर को होश आया, वह जैसे-तैसे घर पहुंचा और घटना की सूचना परिजनों को दी। गुरुवार की सुबह पांच बजे मजदूर का पुत्र अरविंद घायल पिता को लेकर कोतवाली पहुंचा और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने मजदूर की उपचार सीएचसी में कराया है। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।


सीएचसी में घायल तोताराम।

> मजदूर के साथ लूटपाट की घटना गलत है। यह व्यक्ति नशे की हालत में सड़क पर पड़ा था। मैंने खुद सड़क से हटाकर साइड किया था। सुबह परिजनों के साथ घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचा। मारपीट की तहरीर घायल की ओर से दी गई है।
> -अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक

# गर्मी ने तोड़े सारे रिकार्ड, पारा 45 के पार, पेय पदार्थों की बढ़ी बिक्री

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** गर्मी ने अपने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगा है। शीतल पेय पदार्थों की बिक्री अधिक हो गई है। वहीं लोग ठंडा पानी पीकर गर्मी से राहत महसूस करने की कोशिश कर रहे हैं।

पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी ने अपने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। सुबह दस बजे तेज धूप होने पर लोग घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। गुरुवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस हो गया। गर्मी में कोल्ड ड्रिक, आइसक्रीम की बिक्री अधिक हो गई है। अधिक गर्मी व धूप के चलते लोगों ने दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक घर से निकलना बंद कर दिया है। अस्पताल में मरीजो की संख्या में इजाफा हो रहा है। प्रशासन की ओर से भी भीषण गर्मी का अलर्ट जारी है।

### पारा चढ़ा तो असहनीय हुई गर्मी

**संभल, अमृत विचार :** कई दिनों की तरह गुरुवार का दिन भी बेहद गर्म रहा। पारा चढ़ने पर गर्मी में लोगों को सिर चकराने और दर्द की शिकायत हुई। गुरुवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो लोग परेशान नजर आए। कामकाज में जुटे लेकिन पसीने में तरबतर रहने की वजह से दुश्वारियां झेली। दोपहर के वक्त पारा 45डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो आसमान से आग बरसने जैसे हालात हो गए।

### इमामे सबील में बांटा गया ठंडा शरबत

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की इमाम बारगाह सादात के पास में हजरत इमाम हुसैन की याद में भीषण गर्मी को देखते हुए सबीले इमाम हुसैन शुरू की गई। जिसमें ठंडा शरबत वितरित किया गया। लोगों ने राहत महसूस की। बताते चलें कि नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास की ओर से शरबत की सबील लगाई गई है।

## सार संक्षेप


मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### एसोसिएशन ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गोशाला रोड स्थित अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी। इसके उपरांत समाज में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। संगठन की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि 30 मई 1826 को उदंत मार्तंड के नाम से पहला हिंदी समाचार पत्र निकाला गया था। तभी से इस दिन को पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाते हैं। अध्यक्ष पूनम अरोरा ने कहा कि भीषण गर्मी हो या सर्दी पत्रकार अपना दायित्व निभाते है। इनका योगदान किसी मायने में कम नहीं है। संगठन की पदाधिकारियों ने दिल्ली से पीयूष रस्तोगी सीए को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस दौरान रेखा रस्तोगी, योग्यता कोहली, अनु गांधी, मीनू आहूजा, अभिषेक गुप्ता, रुपाली, प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहे।

### मतदाताओं को अपना सीओपी नंबर लाना अनिवार्य

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर एल्डर कमेटी की बैठक का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित बार रूम में किया गया। जिसमें बताया गया कि चुनाव शुक्रवार की सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे संपन्न होगा। चुनाव में भाग लेने वाले मतदाताओं को मतदान के लिए अपना सीओपी नंबर लाना अनिवार्य होगा। मतदान कक्ष में कोई भी मतदाता अपना मोबाइल नहीं ला सकेगा। साथ ही किसी भी मतपत्र का फोटो खींचना भी वर्जित होगा। कोई भी मतदाता बार कक्ष में मतदान के समय अपना मतपत्र बाहर नहीं ले जा सकेगा। शाम पांच बजे के बाद मतदाता को वोट नहीं डालने दिया जाएगा। यदि मतदाता शाम पांच बजे मतदाता की पंक्ति मे होगा उसको ही बार कक्ष में मतदान के लिए प्रवेश दिया जाएगा। मतदाता अपने मतपत्र पर मोहर का प्रयोग कर सकेंगे। अन्य चिंह या पहचान का मतपत्र निरस्त माना जाएगा। इस दौरान एल्डर कमेटी के अनिल कुमार गुप्ता, शकील अहमद वारसी, मोहम्मद सगीर सैफी, हरीश कुमार आरोरा, कृष्णौतार शर्मा, नवनीत सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### रात भर बिजली की लुकाछिपी से उपभोक्ता परेशान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लोगों को बिजली भी रुलाने लगी है। गणेश कॉलोनी में बुधवार की रात बिजली लुकाछुपी का खेल खेलती रही। गर्मी होने पर लोगों को रात भर परेशानी का सामना करना पड़ा। कॉलोनी में तीन ट्रांसफार्मर लगे हैं, एक ट्रांसफार्मर खराब होने पर उपभोक्ताओं को एक-एक घंटे काटकर बिजली दी जा रही है। गर्मी के चलते तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। गर्मी से बचने का बिजली का ही सहारा है। मगर बुधवार की रात गणेश कॉलोनी में एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिससे पूरी रात बिजली आने व जाने का क्रम जारी बना रहा। गर्मी में बिजली गुल होने पर उपभोक्ताओं को पूरी रात जाग कर काटने को मजबूर होना पड़ा। हनुमानगढ़ी फीडर पर तैनात जेई वरुण कुमार ने बताया कि गणेश कॉलोनी में तीन ट्रांसफार्मर लगे हैं। जिसमें से एक ट्रांसफार्मर बुधवार की रात खराब हो गया। गर्मी में लोगों को परेशानी न हो, इसलिए एक-एक घंटे बिजली आपूर्ति की गई। खराब ट्रांसफार्मर को सही कराया जा रहा है।

### बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी के दस दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। जिसमें बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को आवास विकास कालोनी स्थित काली मंदिर पर चल रहे कैंप में स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, पूर्व प्रेसिडेंट पदमा भार्गव, भूतपूर्व अध्यक्ष कृष्ण अवतार गुप्ता व डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल दीप प्रज्वलित व जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। प्रशिक्षिकों ने बच्चों को ढोलक, प्लास्टिक की बोतलों का सही सदुपयोग, मेंहदी ताइक्वांडो के अलावा सड़क पर चलने के नियमों आदि के बारे में जानकारी दी गई। कैंप में अपनी कलाओं का उत्तम प्रदर्शन किया। ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना, फेडरेशन अफसर शिखा शर्मा ने बताया सभी को बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्य कराते रहना चाहिए।। इस मौके सुनीता शर्मा, मोना शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, नीरू सिंह, नीतू रस्तोगी, सुमन सैनी, विमलेश सैनी आदि मौजूद रही।


समर कैंप के समापन पर प्रमाण पत्र लिए बच्चे। ● अमृत विचार

### समर कैंप में सीखी कलाओं का किया बेहतरीन प्रदर्शन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कल में आयोजित समर कैंप का समारोह पूर्वक समापन हुआ। जिसमें बच्चों द्वारा सीखी गई विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि समर कैंप की अवधि में जो बच्चों ने सीखा उसे बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। समापन कार्यक्रम में बच्चों ने रैंप वॉक कर सभी का मनमोह लिया। नृत्य सीखने वाले बच्चों ने गीतों पर प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। बच्चों ने आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो के गुर सीखे। हैंडराइटिंग में बच्चों ने प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा बच्चों को प्रशिक्षकों द्वारा कई इंडोर गेम्स भी खेलना सिखाया गया। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान निशा, शाल, प्रिया, काजल, इशिता, दिव्या, नेहा, सोनल, दीक्षा, रक्षा, अर्शी, श्वेता, मुस्कान, रुपाली, नीरज, दिया, अंकुश, गौरव, अनुषा, सरिता, अंजू, याशी, पारुल, लक्षिता, हुमा आदि मौजूद रहीं।

### दो आरोपियों को सुनाई जेल में बिताई अवधि की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** युवक से 12 किलोग्राम प्लास्टिक के पाइप चोरी करने पर जिला न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम ने जेल में बिताई अवधि चार माह दस दिन कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस ने मुकेश पुत्र हरपाल निवासी मोहल्ला लोधियान को चोरी के 12 किलो प्लास्टिक के पाइप के साथ गिरफ्तार किया था। गुरुवार को पत्रावली का अवलोकन करते हुए सिविल जज ने आरोपी को जेल में बिताई चार माह दस दिन कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट ने आर्म्स एक्ट में आरोपी को जेल में बितायी दो माह नौ दिन के कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। संभल पुलिस ने शाहनवाज कुरैशी मोहल्ला तस्तपुर मियां सराय को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया। गुरुवार को न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई।

# डिवाइडर पर चढ़कर पलटी पिकअप, डीसीएम टकराईं

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी चौराहे के पास चालक को नींद आने से डिवाइडर पर चढ़कर पेंट व दवा लेकर जा रही पिकअप सड़क पर पलट गई। जिससे पेंट सड़क पर बिखरने से नुकसान हो गया। वहीं कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर बुधवार की रात नींद आने से आमने सामने से दो डीसीएम आपस में टकरा गईं। जिसमें एक चालक घायल हो गया।

गाजियाबाद निवासी चालक ओमवीर गुरुवार की तड़के चार बजे पिकअप में पेंट व दवाईयां लेकर बिलारी लेकर जा रहा था। दोपहर में डेढ़ बजे के आसपास कोतवाली क्षेत्र में संभल में चंदौसी चौराहा के पास मुरादाबाद मार्ग पर पहुंचा तो ओमवीर को नींद आने से अनियंत्रित होकर पिकअप डिवाइडर पर चढ़कर सड़क पर पलट गई। पेंट व दवाईयां सड़क पर बिखर गईं। जिससे कॉटन में रखा पेंट डिब्बे से निकलकर सड़क पर फैल गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने लोगों की मदद से पिकअप को सीधा कराकर ओमवीर को बाहर निकाला। गनीमत रही कि ओमवीर को चोट नहीं आई।


हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम।

**हादसा**

- पेंट व दवाईयां लेकर बिलारी लेकर जा रहा था पिकअप चालक
- पेंट डिब्बे से निकलकर सड़क पर फैल गया

वहीं कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर गांव सकरपुर के पास दो डीसीएम आमने सामने टकरा गईं। जिसमें उत्तराखंड निवासी चालक दीपक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दीपक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाकर क्षतिग्रस्त डीसीएम को हटाकर सड़क पर यातायात को सुचारु कराया।

### चालक को आई झपकी से हुआ हादसा

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गजरौला की ओर से आ रहे चालक को नींद की झपकी लगने से मुर्गियों से लदी पिकअप सड़क किनारे खंदक में पलट गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चमन सराय निवासी चालक अकरम गुरुवार की सुबह साढ़े छह बजे मुहल्ला के ही परिचालक नावेद के साथ गजरौला की ओर से पिकअप में मुर्गी लेकर संभल आ रहा था। गांव खग्गूपुरा के पास अकरम को नींद की झपकी लग गई। जिससे अकरम का पिकअप से नियंत्रण हट गया और अनियंत्रित होकर पिकअप सड़क किनारे खंदक में पलट गई। इस हादसे में अकरम घायल हो गया। जबकि नावेद बाल बाल बच गया। नावेद ने बताया कि मुर्गी से लदी पिकअप पलटने की सूचना मिलने पर दर्जनों ग्रामीण मौके पर आ गए। अकरम को उपचार के लिए पास के ही निजी चिकित्सक के पास पहुंचाकर ग्रामीण पिकअप से मुर्गी निकालकर अपने साथ ले गए।


हसनपुर रोड पर पलटी पिकअप।

# पंचायत सचिव ने नशे में किया डीपीआरओ दफ्तर में हंगामा

संवाददाता, बहजोई

- कार्यालय में तैनात महिला कर्मियों के साथ अभद्रता की
- डीपीआरओ ने बहजोई कोतवाली में सचिव के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार :** पंचायत सचिव ने शराब के नशे में डीपीआरओ दफ्तर में जमकर हंगामा किया। कार्यालय में तैनात महिला कर्मियों के साथ अभद्रता की। डीपीआरओ ने सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए बहजोई पुलिस में कार्रवाई बहजोई थाने में तहरीर दी है।

डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्व में कार्यालय में क्लर्क के रूप में काम कर चुका पंचायत सचिव अवनीश कुमार दो वर्ष पूर्व स्थानांतरित होकर अन्य जिले में चला गया था। फिर से स्थानांतरित होकर जनपद में आ हाय। जिलाधिकारी के निर्देश पर अवनीश को गुन्नौर ब्लाक में संबद्ध किया गया था लेकिन वहां पर उसने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। कार्यालय की महिला व कुछ अन्य कर्मियों के द्वारा शिकायत की गई कि दो दिन पहले सचिव ने शराब नशे में जमकर हंगामा काटा। गाली गलौज के साथ दुर्व्यवहार भी किया। दफ्तर में तैनात महिला कर्मियों के साथ भी अभद्रता की। डीपीआरओ ने बताया कि इस पूरी घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। उन्हीं के निर्देश पर बहजोई कोतवाली में कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई है। जल्द ही आरोपी सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

### लड़की पसंद नहीं होने पर खाया जहरीला पदार्थ

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ में शादी तय होने के बाद लड़की पसंद नहीं होने पर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

गांव मौलागढ़ निवासी युवक की 20 मई को रिश्ता पक्का हुआ था। युवक को लड़की पसंद नहीं थी। उसने परिजनों से विरोध भी किया था। मगर परिजनों ने युवक की नहीं सुनी और उसी लड़की से शादी करने की बात कही। गुरुवार की रात नौ बजे युवक अपने कमरे में चला गया और जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद जब हालत बिगड़ी तो परिजनों को जानकारी दी। परिजन आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत खराब होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

# बाइकों की टक्कर में महिला घायल, जेठ के साथ मारपीट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित गांव देवरखेड़ा मोड़ पर बाइक सवारों को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि महिला के जेठ के साथ दूसरी बाइक पर सवार युवकों ने मारपीट की।

गांव देवरखेड़ा निवासी अजय यादव की पत्नी श्रुति यादव अपने जेठ सरदार सिंह पुत्र बालकिशन के साथ थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद से बाइक से लौट रही थी। गुरुवार की रात नौ बजे जब बाइक सवार बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित गांव देवरखेड़ा मोड़ पर पहुंचे तो सामने से दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला घायल हो गई। जब महिला के जेठ ने टक्कर मारने का विरोध किया तो आरोप है कि दूसरी बाइक पर सवार युवकों ने उनके साथ जमकर मारपीट की। जिसमें जेठ सरदार सिंह भी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने परिजन मौके पर पहुंचे और तो आरोपी फरार हो गए। परिजन निजी वाहन से दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।


महिला का उपचार करते चिकित्साकर्मी।

### उधार के रुपये मांगने पर की भाभी के साथ मारपीट

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी खिलेंद्र की पत्नी पुष्पा ने गुरुवार को थाने पहुंचकर अपने देवर समरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि कुछ दिन पहले देवर समरपाल ने रुपये उधार लिए थे। गुरुवार को पुष्पा ने उधार में दिए रुपये समरपाल से वापस मांगे। आरोप है कि इस बात को सुनकर समरपाल पुष्पा के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो समरपाल ने पुष्पा के साथ मारपीट की। पुष्पा ने पुलिस को तहरीर देकर रुपये वापस दिलाने व समरपाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े गांव चंदनपुर निवासी युवक हरेंद्र (19 वर्ष) को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत हो गई।

**पड़ताल** मुख्य मार्गों पर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ओवरलोड दौड़ रहे ऐसे ई-रिक्शे, नहीं हो रही प्रभावी कार्रवाई

# भारी सामान लादकर दौड़ते ई-रिक्शों से हादसे का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों पर दौड़ रहे वैध और अवैध ई रिक्शे हादसे का सबब बने हैं। इन ई रिक्शों में लोहे के सामान और अन्य वस्तुओं को बेतरतीब तरीके से लाने- ले जाने का काम हो रहा है। मुख्य मार्गों के अलावा भीड़भाड़ वाले रास्तों पर ऐसे ई रिक्शे देखे जा सकते हैं। फिर भी प्रभावी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा।

बैटरी चलित ई रिक्शों में लोगों को यहां से वहां पहुंचाने का काम होना चाहिए लेकिन संभल में इस नियम की खूब अनदेखी हो रही है। जागरूकता का अभाव इतना है कि चालक तमाम तरह के सामान को ई रिक्शों में खतरनाक तरीके से लादकर फर्राटा भर रहे हैं।

अमृत विचार ने गुरुवार को पड़ताल की तो यही सच्चाई सामने आई। चंदौसी चौराहा से गुजर रहे ई रिक्शे में लोहे के पाइप लदे थे। यह पाइप ई रिक्शे से आगे और पीछे निकल रहे थे। दूसरे ई रिक्शे में लोहे की एंगिल लदी हुई नजर आईं। एक अन्य ई रिक्शे के अंदर और छत पर कबाड़ की बोरी रखी थीं। इतना ही नहीं, पीछे की तरफ भी कबाड़ की बोरी लटकी हुई थी। ई रिक्शा से वाहनों के टायर ढोहने का नजारा भी दिखा। इसके अलावा अन्य चौराहों से भी ऐसे कई ई रिक्शे गुजरे जो खतरनाक तरीके से सामान को लादकर दौड़ रहे थे। चालकों को न तो नियम का पालन करने की चिंता थी और न ही हादसा होने का डर।

बहरहाल, इतना तो साफ है कि यहां हादसे को न्योता दे रहे ई रिक्शों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। जिस कारण चालकों के हौसले बुलंद हैं। वह भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोहे का सामान लादकर ई रिक्शों से फर्राटा भर रहे हैं। जिससे आमजन के साथ कभी भी हादसा हो सकता है। यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि नियम विरुद्ध ई रिक्शा संचालन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।


संभल में लोहे के गार्डर लादकर ले जाता ई रिक्शा चालक।


छत से नीचे तक बोरे लादकर ले जाता ई रिक्शा चालक।


ई रिक्शा का चालान करते यातायात पुलिस कर्मी।

# तंबाकू उत्पादों के विरुद्ध किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू उत्पाद कंपनियों के विरुद्ध फव्वारा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही तंबाकू पर पाबंदी लगाने की सरकार से मांग की गई।

संगठन के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि आज का युवा तंबाकू का अत्यधिक सेवन करने लगा है। जिससे युवा कैंसर जैसी बीमारी की चपेट में आकर अपनी जान तक गवां बैठते हैं। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से टीवी चैनलों पर तंबाकू का प्रचार किया जा रहा है। विज्ञापन अभिनेता-अभिनेत्री खुलकर तंबाकू का प्रचार कर रहे हैं। युवा पीढ़ी की जिंदगी को देखते हुए सरकार को तंबाकू के उत्पादों पर रोक लगानी चाहिए। ताकि युवा कैंसर जैसी बीमारी से बच सके। अगर शीघ्र ही सरकार की ओर से सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो भयंकर परिणाम आमने से आ सकते हैं।

प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा कि तंबाकू खाने से शरीर में कई बीमारी पैदा हो रही है। इसके सेवन से एक व्यक्ति नहीं पूरा परिवार तबाह होता जा रहा है। इस दौरान निशांत शर्मा, इरफान मंसूरी, अन्ना खान, जाकिर सलमानी, जेनुयाल, आकाश वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, तुषार कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।


विरोध प्रदर्शन करते युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने की सरकार से प्रतिबंध की मांग

यथा चतुर्भि : कनकं परीक्ष्यते निर्घषणच्छेदन तापताडनै : ।
तथा चतुर्भि : पुरुष : परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा ॥

घिसने, काटने, तापने और पीटने, इन चार प्रकारों से जैसे सोने का परीक्षण होता है, इसी प्रकार त्याग, शील, गुण, एवं कर्मों से पुरुष की परीक्षा होती है।

संपादकीय

# संभावनाशील अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चालू वित्त वर्ष में सात फीसदी की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास दर के लिए आरबीआई ने जो अनुमान दिया है वो जानकर राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण है कि यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। ग्रामीण और शहरी परिदृश्यों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, वृद्धिशील विकास में बढ़ोतरी हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गति में डीजल की खपत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। दूसरी ओर शहरी आर्थिक गति में यात्री वाहनों की बिक्री, हवाई अड्डे पर यात्री यातायात, जीएसटी संग्रह, क्रेडिट कार्ड लेनदेन, पेट्रोलियम खपत और टोल संग्रह सभी चीजों में सुधार का संकेत है। यानी वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारूपन दिखाया।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में प्रबल एवं प्रत्यास्थी वृद्धि प्रदर्शित की है, जहां यह विश्व स्तर पर 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ती हुई 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और भारत जी-20 देशों के बीच सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय जिंस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित मौसमी घटनाक्रम वृद्धि के कम होने तथा मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम उत्पन्न करते हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जैसे सीमा विवाद और व्यापार संघर्ष, वैश्विक व्यापार पैटर्न को बाधित कर सकते हैं। इसलिए आरबीआई ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई/एमएल (कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ बार-बार आने वाले जलवायु झटकों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन और आगामी सरकार के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के संभावनाशील क्षेत्रों रोजगार के अवसर सृजित करना, निजी निवेश का पुनरुद्धार करना, कृषि सुधार, घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

# बायोलॉजिकल इंसान की मातृ कथा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.



साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

हां मैं बॉयोलॉजिकल एनिमल या अंधभक्त जुबान में देहधारी इंसान हूं। आसमान से नहीं टपका। मुझे मां की कोख ने जन्म दिया। यही वैज्ञानिक सच है। नाते रिश्तेदार, डॉक्टर, पास-पड़ोस के लोग गवाह हैं। अभी सुना कोई कह रहा था मुझे शायद मां ने जन्म दिया हो, लेकिन परमात्मा ने भेजा है। उसके भी दस साल पहले मुझे भी परमात्मा ने धरती पर भेजा। नासूर में गलती मां की जिंदगी खत्म होने को थी। कृष्ण भक्त नानी ने वृंदावन में तपस्या की। उन्हें सपने में कृष्ण ने आकर कहा जाओ तुम्हारी बेटी के घर वंश चिराग जलेगा, लेकिन उसे उसकी मां ही जन्म देगी। वह बायोलॉजिकल ट्रुथ होगा। बाई और नानी ने जान दे दी। तब भी मेरे बायोलॉजिकल ट्रुथ में आध्यात्मिकता नहीं आई। परमात्मा की भी इतनी हैसियत नहीं थी कि कह सकें कि इसे इसकी मां पैदा नहीं करेगी।

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी।

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी। रात एक आदमी को प्यास लगी। उसने पानी पिया। बार-बार पिया। चाय पी। काफी पी। दूध पिया। सब पी लिया, लेकिन प्यास नहीं बुझी। फिर शराब पी। तब भी नहीं। प्यासे आदमी में हिंसा भड़कती है, लेकिन इन दिनों खासतौर पर गरीब तबके के लोगों को भी पीने का पानी नहीं मिलने से हिंसा क्यों नहीं भड़क रही है? अचानक उसे सड़क पर एक बच्चा दिखा। उस बच्चे को कैनिबॉल की तरह मारकर उसका खून पी लिया। प्यास तब भी नहीं बुझी। उसे गिरफ्तार कर फांसी पर चढ़ाने हुक्म हुआ। फांसी के तख्ते पर चढ़ रहा था। तब अचानक उसे याद आया। उसने चीखकर कहा। सुनो सब लोगों! मेरी प्यास क्यों नहीं मिट रही?

अब समझ आ गया। मुझे जन्म देते ही मां की मृत्यु हो गई। मैंने उसका स्तनपान नहीं किया। यह मेरी अमिट प्यास है। उसके लिए मर चुकी मां तक संभावना नहीं हो पाई। उसकी देह में प्राण बनी रही। लोग हैं कि मूछों पर ताव देते दाढ़ी पर हाथ फेरते कह लेते हैं कि संभावना है कि शायद मेरी मां ने मुझे पैदा किया हो। अंग्रेजी के विश्व प्रसिद्ध निबंधकार चार्ल्स लैंब मेरे बहुत प्रिय हैं। उनके एक लंबे निबंध 'ड्रीम चिल्ड्रन' याने स्वप्निल शिशु में महाकाव्यों जैसी त्रासद अनुभूतियां भी हैं। दिवास्वप्न देखते लेखक को आसमान में दो बच्चे दिखते हैं। एक लड़का। एक लड़की। दोनों कहते हैं तुमने हमारी मां को धोखा दिया। उससे प्यार किया, लेकिन शादी नहीं की। हमारी मां ने हमें जन्म देने के बाद आत्महत्या कर ली। तुम हमारे हत्यारे पिता हो। मां से ज्यादा हमारे। लेखक पिता पूछता है। आप क्या हैं? वे कहते हैं, हम इंसान होने की संभावनाएं हैं। पानी के बुलबुले हैं। तुम्हारी गोद में आएंगे या हमें छू लोगे तो हम मिट जाएंगे। अस्तित्वहीन हो जाएंगे। मां के लिए संभावनायुक्त बच्चे भी नहीं कहते कि हमारी मां हमारी संभावना मात्र थी।

लैंब की बहन मेरी ने अपनी मां की पागलपन में हत्या की थी। इसलिए आत्मीय रिश्तों के दुनिया के शीर्ष निबंधकार ने सब रिश्तों पर लिखा, लेकिन मां पर नहीं लिखा कि कहीं उसे पढ़कर मेरी बहन पर पागलपन का दौरा न चढ़ जाए। अपनी मां की याद को अपने जेहन से खरोंच डाला लैंब एक महान भाई ने। मां के नहीं होने की टीस उसके ड्रीम चिल्ड्रन जैसे निबंधों में आंखों में आंसुओं को भिगोने लगती हैं। एमए फाइनल के परचे में मैंने लिख दिया था कि लैंब का सबसे बेहतर निबंध तो उसकी मां पर है, जो उसने लिखा ही नहीं। धन्य है वह सहनशील कोख जिसने लैंब में मनुष्य होने की संभावना को पैदा किया। प्रसिद्धि की संभावनाओं के क्षितिज पर जाकर भी वह मां का बायोलॉजिकल बेटा ही तो रहा। मशहूर प्रो. एसआर स्वामीनाथन ने मेरे गलत जवाब के बावजूद मुझे यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा नंबर दिए थे। मां की याद में छलके दर्द को उकेरती संभावनाओं का निबंध प्रो.स्वामीनाथन को भी उनकी मां की याद दिला गया होगा।

साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

क्या आईटी सेल के उत्पाद को भी आध्यात्मिकता कह सकते हैं? सुनो रवीश कुमार! मैं भी तुम्हारे रिटायर्ड अंकिलों की उम्र में आ गया हूं। यदि शक करूं शायद मां ने मुझे जन्म दिया होगा तो मेरे घर के लोग पागलखाने में भर्ती कर देंगे। मेरी मां तो संभावना रही होंगी, ऐसा कहने से मनुष्य होने की संभावना क्या बच भी सकती है? अंग्रेजी के बड़े कवि लॉर्ड बॉयरन के लंगड़े होने से शायद उसकी मां लंगड़ा कहकर बुलाती थीं। आक्रोश में बायरन ने सौतेली बहन से ब्याह कर लिया। उद्दाम रोमांस और हिंसक प्रतिहिंसा को समेटे लड़ाई के मैदान में जाकर मर भी गया। किस्सा है परशुराम ने अपनी मां की हत्या कर दी थी। क्या यह आध्यात्मिकता भी है? संसद में 544 बायोलॉजिकल प्रोडक्ट के ऊपर एक आध्यात्मिक शक्तिमान बैठे तो क्या कलियुग सतयुग में बदल जाएगा?

मां मुझे कनक याने सोना कहतीं थीं। मैं जीवन भर पुकार रहा हूं मां! अगर मैं तेरे लिए सोना हूं तो तू मेरे लिए हीरा है। जब मां का नाम हीरा हो तो वह संभावना कैसे हो सकती है? बेटा भले ही मनुष्य होने की असफल संभावना हो। मां तो देवकी थीं जिन्होंने अपने लाल को मथुरा के राजा से निपटने के लिए वृंदावन में जसोदा के पास जेल यातना सहकर भी भेजा था। मां वे थीं जब चाफेकर बंधुओं को मौत की सजा सुनाई गई। तब भीड़ से चीख चीखकर कह रही थीं 'काश! मेरे दो बेटे और होते तो उनकी लाशों को भी तिरंगे झंडे में लिपटा देखकर मेरा मातृत्व धन्य हो जाता। मां की कोख ही इतिहास की जननी होती है। जिसे माता पर भरोसा नहीं हो, वह नफरती तो हो सकता है। आध्यात्मिक कैसे है? मां की बुराई करने वाले को लोग नराधम कहने लगते हैं।

प्रसंगवश

# साइबर अपराधों से सावधान

आज के समय में माता-पिता अपने बच्चों को खुशी देने के लिए बड़े से बड़ा समझौता करने को भी तैयार हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आज माता-पिता अधिक जागरूक हुए हैं। बच्चा स्कूल जाता है तो माता-पिता को यह सोचकर प्रसन्नता होती है कि उनका बच्चा शारीरिक और मानसिक विकास कर रहा है और प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीख रहा है, लेकिन आज के समय में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के बीच में विलेन की भूमिका निभाते हुए मोबाइल फोन आ गया है। इस छोटे से यंत्र में वह नशा है, जो बड़े-बड़ों को ले डूबता है। फिर बच्चों की क्या बिसात!



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

वे इसके फायदे और नुकसानों का आकलन सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। एक बार जब मोबाइल हाथ में आया तो फिर इसका नशा सा छा गया और इसे इसे अपने से दूर कर पाना बहुत मुश्किल लगने लगा। एक समय था जब जन्मदिन के अवसर पर हम माता-पिता से छोटे-छोटे खिलौनों के उपहार की उम्मीद करते थे, पर आज किसी भी बच्चे से पूछिए तो उसे आधुनिक फीचर्स वाला बढ़िया मोबाइल चाहिए होता है। अधिकतर माता-पिता भी बच्चे का यह शौक पूरा कर रहे हैं। आज छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हैं और माता-पिता बहुत ही गर्वानुभूति के साथ दूसरों को यह बात बताते हैं। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन में वीडियो देखते हुए खाना खाते हैं और लोरी सुनकर सोते हैं। माता-पिता और दादी-नानी की भूमिका खत्म सी हो गई है। वर्तमान समय में माता-पिता की व्यस्तता और बच्चों की आजादी भी बढ़ी है।

आज पुराने समय की तरह न तो बच्चे हर समय निगरानी में रहते हैं और न ही माता-पिता फुर्सत में। महिलाएं घर बाहर दोनों की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, जो नौकरी नहीं करतीं, वह भी किसी न किसी सामाजिक गतिविधि में शामिल होने के बहाने घर से बाहर निकलना चाहती हैं। परिणाम स्वरूप बच्चों को अकेले रहने का मौका अधिक मिलता है। ऐसे में उनके व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है जिससे उनकी परफॉर्मेंस में भी असर पड़ रहा है और यह बात माता-पिता को तब समझ में आती है जब पानी सिर के ऊपर से गुजर चुका होता है। कई बार बच्चा दबंग वाली छवि अपना लेता है और दूसरे बच्चों से मारपीट करता है तो कई बार वह डरा सहमा रहता है। हम बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य पर तो थोड़ा बहुत ध्यान फिर भी देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर हमारे यहां ध्यान बहुत कम दिया जाता है और यहां तक कि मानसिक बीमारी को बीमारी ही नहीं माना जाता।

इस संदर्भ में साइबर बुलिंग एक खतरनाक टर्म है। डब्ल्यूएचओ ने भारत सहित लगभग 45 देशों के स्कूली बच्चों के व्यवहार पर एक शोध किया है जिसके अनुसार आज अधिकांश बच्चे सोशल मीडिया में 6-7 घंटे बताते हैं, जो इनके जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करता है। ऐसे बच्चे खुद को परिवार और समाज से दूर रखने की कोशिश करते हैं। आज ऑनलाइन गेम का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। अश्लील रील्स और शॉर्ट्स की भरमार है। ब्लू व्हेल चैलेंज, फायर चैलेंज, पास आउट चेलैंज जैसे कई गेम खेलने के दौरान बच्चों ने खुद को नुकसान पहुंचाया है और अपनी अंतरंग तस्वीरें भी शेयर की हैं। जब तक माता-पिता को खबर पहुंचती है, बच्चा इस दलदल में फंस चुका होता है।

हालांकि साइबर क्राइम को लेकर शिकायत करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी है और साथ-साथ स्थानीय थाने के क्राइम ब्रांच ऑफिस में भी शिकायत की जा सकती है। साइबर अपराधों पर धारा 66 ए,बी लागू होती है जिसके तहत तीन साल की जेल की सजा और जुर्माना भी वसूला जाता है। समय-समय पर पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा साइबर खतरों को लेकर सचेत किया जाता है, पर बच्चों को सदमे से बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। निष्कर्ष यही कि माता-पिता को भी कुछ प्रतिमान गढ़ने होंगे, बच्चों के सामने कुछ आदर्श रखने होंगे। खुद को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से अपडेट रखना जरूरी है, पर स्क्रीन टाइम हमें भी घटाना होगा।

गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। बच्चों के लिए इंडोर एक्टिविटीज की व्यवस्था की जा सकती है और उन्हें घर के छोटे-छोटे कामों में व्यस्त रखा जा सकता है। लंबे समय तक हेडफोन का इस्तेमाल बहरेपन को बढ़ा रहा है। बच्चों की आंखों में मोटे चश्मे लग रहे हैं। टिनिटस और मायोपिया की समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों को प्रेम पूर्वक नियंत्रण में रखना जरूरी है और यह पता लगाना भी जरूरी है कि एक छोटा सा यंत्र जो हमने उनके हाथों में दिया है, उंगलियों की नन्हीं शरारत उन्हें कहां से कहां ले जा रही है।

# विश्व मीडिया की प्रवृत्तिः झूठ का उद्योग



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है।

आज की पत्रकारिता तो हम सभी देख ही रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस उस पत्रकारिता को भी याद करने का दिन है। आजादी की लड़ाई के जमाने की वह पत्रकारिता, जो व्यवसाय नहीं, एक जुनून और एक मिशन थी। विज्ञापन निकला-स्वराज्य अखबार को संपादक की आवश्यकता है। वेतन : दो सूखी रोटियां और एक गिलास पानी। ध्यान रहे एक संपादकीय लिखने पर 10 साल की सजा हो सकती है। वह जमाना था, जब भारत की लोक चेतना ज्वालामुखी बन गई थी। आठ लोगों ने एक के बाद एक संपादक का काम संभाला और आठों को जेल-शांतिनारायण भटनागर, रामदास, मोतीलाल वर्मा, प्रकाशानंद सरस्वती, बाबूराम हरि, नंद गोपाल चोपड़ा, लड्ढाराम कपूर।

आजादी की लड़ाई पत्रकारिता और साहित्य ने भी लड़ी थी। इलाहाबाद से कर्मयोगी और अभ्युदय पत्र निकलते थे, किंतु एक साप्ताहिक (उर्दू) था - स्वराज्य। इसने तो तहलका मचा दिया था। उसका सिद्धांत वाक्य था- जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। प्रचार तंत्र ने झूठ को सच और सच को झूठ बनाकर पैसा कमाया है। आदमी के लिए यह जहर से अधिक विनाशक है। ढिंढोरचीः वे ढिंढोरची हुआ करते थे, ढिंढोरा पीटना उनका काम था, बस्ती में जाकर घंटा, घड़ियाल, ढोल या और कोई वाद्य बजाते थे, ताकि लोग जमा हो जाए, मजमा लग जाए, फिर वे राजा या अपने हाकिम की कही हुई बात को सुना देते थे। आजकल ये काम चैनलों के जिम्मे हो गया है। कोई-कोई मजमेबाज तो हाथ-पैर पीट कर राजा की बात सुनाता है और कोई बात सुनाते-सुनाते नाचने लगता है। कोई हुड़दंग करता है तो कोई हाहाकार करने लगता है। कभी कभी तू-तू, मैं-मैं होती है तो कभी धामक-धाई हो जाती है। मालिक लोग ढिंढोरची से कहते हैं-रोबै मत, हम तुझे पत्रकार की उपाधि दिलवाए देते हैं, तुझे हम पत्रकारिता का कोई इनाम भी दिलवा देंगे। हम भी इनको ढिंढोरची नहीं पत्रकार कह देंगे, अब काम ढिंढोरची का करते हैं तो क्या हो गया? नेता भी तो डीलर का ही काम करता है, किंतु उसे डीलर कौन कहता है?

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे विश्व बाजार के साम्राज्य का विस्तार हुआ, वैसे-वैसे विश्व मीडिया का चरित्र बदलता चला गया। यह बात मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने 2006 में ही बतला दी थी। मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने बतलाया था कि संसार का सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य जिस कंपनी का था, उसी की दूसरी कंपनी हथियार बनाने और परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के कार्य भी कर रही थी। क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने बतलाया था कि आज के पेशेवर मीडिया का दायित्व उन शक्तिशाली लोगों के प्रति है, जो उनकी वित्त व्यवस्था का स्रोत है। आज का मीडिया लोगों को घोटालों, युद्धों, विनाशकारी आपदाओं के इर्दगिर्द अटका कर रखता है।

क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स ने बतलाया कि जनता के जीवन से जुड़े हजारों मुद्दे छिपा दिए जाते हैं। यदि उन कंपनियों के शेयरधारकों को हानि होती हो तो पर्यावरण तक के समाचार गोल कर दिए जाते हैं। उन्होंने इराक का उदाहरण देते हुए लिखा है कि मीडिया पर नरसंहारों की सूचना तक नहीं थी। इस खबर को छिपाया गया कि इराक में 350 टन गोले बिखेर दिए गए थे। क्रोमवेल तथा एड्वर्ड्स कहते हैं कि पेशेवर पत्रकार यह मानकर चलता है कि दुनियां वैसी ही है, जैसी शक्तिशाली और धनाढ्य लोग बतला रहे हैं।

बीबीसी के एक पत्रकार ने तो यह भी स्पष्ट कर दिया कि वे समाचार जिनमें ईराक के दृश्य दिखाए गए थे, इराक के नहीं थे, अपितु पाश्चात्य दुनिया के स्टुडियोज में फिल्माए गए थे जिनमें वह पत्रकार स्वयं भी था। अब किसी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि मीडिया जनता की आवाज है। आज का मीडिया शक्तिशाली की आवाज है, सत्ता की आवाज है, विश्व बाजार की आवाज है और उसकी बुनियाद केवल और केवल झूठ है। मीडिया झूठ का उद्योग है। झूठ का उत्पादक। झूठ का प्रचारक।

सोशल फोरम

# मनुस्मृति में दंड विधान

ऋग्वेद में मनु का उल्लेख मिलता है -विश्वो हिष्मा मनवे विश्ववेदसो, यामथर्वा मनुष्पिता, यान मनुरवृणीता पिता जिसमे मनु को विश्वदेव कहा गया, जो समस्त प्रजाओं के पिता हैं। मनु को मनुष्य जाति का कुलपुरुष अथवा पूर्वपुरुष माना जाता है। मनुष्य से समुदाय बना समुदाय से धीरे-धीरे समाज बना, समाज से राज्य अस्तित्व में आया। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक तीन में कहा गया कि इस जगत में राजा न होने से सब भय से व्याकुल होते हैं। इसलिए इन सबकी रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा को उत्पन्न किया। राज्य की अवधारणा व्यवस्था के लिए बनी और राजा ईश्वर का प्रतिनिधि माना गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी जनता जनार्दन रूपी ईश्वर से राज्य और राजा अस्तित्व में आते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता जनार्दन रूपी ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक चौदह में कहा गया कि राज्य की व्यवस्था लिए राज्य के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्मरूप और ब्रह्म तेजरूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न कर रखा था। दंड कोई राजा की इच्छा नहीं है। दंड धर्मानुसार ज्ञानपूर्ण तरीके से स्थापित व्यवस्था है। सातवें अध्याय के श्लोक सत्तरह के अनुसार दंड ही राजा, दंड ही पुरुष दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक होता है। ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के साक्षी कहा है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति के अनुसार दंड ही राज्य का प्रहरी होता है-दंडः सुप्तेषु जागर्ति-जब दुनिया सोती रहती है तो यह दंड ही जागता रहता है। पंडितों ने इसीलिए दंड को धर्म कहा है -दंड धर्मं विदुर्बुधा। दंड की महत्ता को देखते हुए दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। सातवें अध्याय में श्लोक छब्बीस में पात्रता के संबंध में कहा गया है कि दंड देने वाले को सत्यवादी, विचार कर काम करने वाला भली प्रकार से धर्म, अर्थ, काम जैसे पुरुषार्थ की बारीकियों का ज्ञाता तथा बुद्धिमान होना चाहिए। इस प्रकार दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी अध्याय के श्लोक सत्ताईस में कहा गया-यदि राजा भली प्रकार विचार कर दंड देता है तो धर्म, अर्थ, काम की वृद्धि होती है और जो राजा नीच, कामी और अनुचित दंड देने वाला होता है, वह उसी दंड से मारा जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है



अनूप शुक्ल
कानपुर

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें?

सबेरे-सबेरे टहलते हुए बड़े रोचक नजारे दिखते हैं। दिखते तो हर समय हैं, लेकिन टहलने का काम आमतौर पर सुबह होता है तो उसी समय दिखते हैं। सुबह टहलने निकले तो सामने से एक जोड़ा आता दिखा। उनके अंदाज-ए-टहलाई से लगा कि मियां-बीबी रहे होंगे। साथ-साथ टहलते हुए भी दोनों के बीच इतनी दूरी थी कि उनके बीच से एक पूरा परिवार निकल जाए। कोरोना काल की टहलाई कर थे। दूरी अलबत्ता दो की जगह चार से भी ज्यादा गज हो गई थी। दूसरे जोड़े ने अगल-बगल की दूरी को आगे-पीछे की दूरी में बदल दिया था। पति आगे, पत्नी पीछे। अनुगामिनी सी। ऐसा नहीं कि मियां की स्पीड तेज हो, बीबी की धीमी। दोनों समान गति से एक दूसरे से समान दूरी बनाए टहल रहे थे।

एक आदमी कुत्तों के साथ टहल रहा था। कुत्ते उसके इशारे पर जीभ निकाले इधर-उधर मुंह करते टहल रहे थे। कुत्ते उछल-कूद करते हुए अपनी मर्जी से टहलने का नाटक कर रहे थे, लेकिन चल आदमी के पीछे ही रहे थे। कुत्तों की हरकतें किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के इशारे पर चलती सरकारों सरीखी लग रही थीं, जो नाटक भले अपनी जनता के भलाई का करें, लेकिन नीतियां उन कंपनियों की अनुमति से ही बनाती हैं जिनके चंदे से वे सत्ता में आईं हैं। सरकारें भी एहसान फरामोश होने से परहेज करती हैं। टहलते हुए नहर किनारे चले गए। जगह-जगह छठ पूजा की शुभकामनाओं के होर्डिंग लगे थे जिनको विधायक निधि से बनवाया गया था। ताकतवर जनप्रतिनिधियों की शुभकामनाओं की इतनी भरमार देखकर लगा कि इंच दर इंच पसरी शुभकामनाओं के बावजूद कैसे इतना अशुभ होता रहता है। लगता है शुभकामनाओं में मिलावट है। कौन जांच करवाए। नहर के पानी का बहाव हमारे विपरीत था। हमारी सोच में तमाम दिनों से नहर के पानी का बहाव जिधर अंकित है, वास्तव में पानी उसकी उल्टी तरफ बहता है। जब भी पानी देखते हैं, बहाव की दिशा दिमाग में दुरुस्त करते हैं, लेकिन अगली बार फिर लगता है कि पानी उल्टी तरफ बह रहा है। दिमाग में नहर के पानी की दिशा 'सेव' नहीं होती। यह बात देश-दुनिया पर भी लागू होती है। दुनिया चाहे जिधर जा रही हो, लेकिन लोग उसको अपनी सोची हुई दिशा में जाते ही देखते हैं।

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें? जो करेगा यही करेगा, इसको नायक बना लिया, हमारा काम खत्म। उनको पता नहीं होता कि उनका नायक भी अपनी अक्क़ल का कुतुबनुमा किसी और के पास रखकर आया है। थोड़ी दूर तक पक्की सड़क के बाद कच्ची जमीन और पगडंडी शुरू हो गई। लगा किसी जंगल में आ गए। दाईं तरफ एक आदमी उकड़ू बैठा अपने सामने मोबाइल का पर्दा लगाए निपटने में तल्लीन था। उसकी साइकिल बगल में खड़ी थी। सामने पनकी पावर हाउस की चिमनी धुंआ उगल रही थी।

लौटते में एक जगह कुछ लोग खड़े दिखे। हम उनके बगल से होते हुए अंदर हो गए। देखा सड़क किनारे तरण ताल बना था। पानी अलबत्ता नहीं था। आधे में घास उगी थी, आधा सूखा था तरण ताल। सूखे सीमेंट वाले हिस्से में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तरण ताल के किनारे कुछ लोग जिनमें अधिकांश बुजुर्ग थे, बाबा रामदेव घराने की एक्सरसाइज करने में जुटे थे। एक बुजुर्ग अपने पेट को इतनी तेजी से घुमा रहे थे कि हमको डर लगा कहीं उनके पेट की चूड़ियां न खुल जाएं। बगल में शाखा का झंडा लगा था। किसी ने कहा कि झंडा उतारने की जिम्मेदारी जिसकी है वह तो दौरे पर गया है। बुजुर्ग लोग ही दिखे वहां। लगता है इस वाली शाखा में युवा लोग कम आते हैं। झंडे की बात आगे बढ़ी तो किसी ने कहा -"हमारा समर्थन नहीं चाहिए अब उनको।" बात और भी आगे बढ़ी। कुछ हंसने लगे तो कुछ बतियाने। उनकी बातें सुनते हुए लगा कि सोशल मीडिया में चलने वाली बहसें हमारे आस-पास भी कितनी तेजी से पसरती हैं। रास्ते में तमाम जान-पहचान के लोग मिले। कई लोगों ने नमस्ते किया। हमने भी किया। कई लोगों के नाम हमको नहीं पता। पूछने की हिम्मत भी नहीं होती। डर लगता है कि अगला सोचेगा कि पचीसों नमस्ते डकारने के बाद अब नाम पूछ रहा है। सड़क किनारे आदमी तेजी से टहलते हुए अचानक उल्टे चलने लगा। ऐसा लगा जैसे कोई विकास की बात करता हुआ नेता अचानक कहे-"प्यारे देश वासियों, मैं आपको स्वर्णिम अतीत में ले चलता हूं, जो मजा वहां है वो यहां नहीं मिलेगा।" हमारे देखते-देखते वह आदमी फिर पलट गया और सीधे चलने लगा।

लोग अपने नेताओं से कितना कुछ सीखते हैं। आगे एक महिला सड़क के बीच के डिवाइडर पर बैठी दूसरी महिला से बतिया रही थी, जो कि डिवाइडर के नीचे सड़क पर बेतकुल्फ़ी से फसक्का मारकर बैठी थी। सड़क से गुजरते वाहन उससे बचते हुए निकलते जा रहे थे। एक बच्ची सड़क पर रनिंग करती जा रही थी। धीरे-धीरे। एक आदमी उसके बगल में साइकिल चलाते हुए उसको कुछ निर्देश दे रहा था। बच्ची उसके निर्देशों को चुपचाप सुनते हुए दौड़ती जा रही थी। क्या पता कल को किसी अखबार में बच्ची इंटरव्यू देते हुए कहे-"मैंने अपने दौड़ने का अभ्यास अर्मापुर में किया था। रोज दौड़ती थी मैं।"

लौटते हुए सूरज भाई आसमान से मुस्कराते हुए गुडमार्निंग कर रहे थे। उनकी देखा-देखी सड़क किनारे के अमलताश और गुलमोहर भी सुप्रभात करने लगे। हमने भी कर दिया। दोनों मुस्कराने लगे। सबकी मुस्कान को याद करके अपन भी मुस्करा रहे हैं। मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है। आप भी मुस्करा लीजिए।

## एक नजर

### परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 15 जून से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक सम सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 15 से 30 जून तक सुबह की पाली में 7 से 10 बजे तक होगी। विश्वविद्यालय ने अब सत्र 2023-24 की लगभग सभी परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। सभी परीक्षाएं लगभग नया सत्र शुरू होने से पहले खत्म हो जाएंगी। इस दौरान अधिकांश परीक्षाएं ग्रीष्मकालीन अवकाश में रखी गई हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

### बीएससी और एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक व मिड टर्म परीक्षा कल से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएमएससी कृषि की प्रयोगात्मक और मिड टर्म परीक्षा का समय निर्धारित कर दिया है। महाविद्यालयों को 1 जून से 30 जून तक परीक्षाएं करानी होंगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि बीएससी कृषि, बीएससी कृषि ऑनर्स और एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक और मिड टर्म निर्धारित समय में करानी होंगी और इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### बीटेक, बीफार्मा, एमटेक और पीएचडी के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बीटेक, बीफार्मा-2024 के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर और एमटेक-पीएचडी 2023 के विषम सेमेस्टर की संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म 31 मई से दोबारा भरे जाएंगे। छात्रों को 3 जून तक फार्म भरकर जमा करने होंगे। कई छात्र फार्म भरने से रह गए थे, इसलिए विश्वविद्यालय ने तिथि में विस्तार किया।

### मकान में चोरी, पुलिस से की गई शिकायत

**किरतपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला आंबेडकर नगर में सेंट पीटर स्कूल के सामने नागेंद्रपाल ने मकान बनाने का कार्य प्रारम्भ कराया। जहां कुछ ही दिन में चोरों ने तीन बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित नागेंद्रपाल ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

# 515 दिन में आजम को 6 मामलों में हुई सजा

## आजम खां के खिलाफ भैंस चोरी, जमीन कब्जाने, लूटपाट के मामले हैं दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**


पुलिस सुरक्षा के बीच सपा नेता आजम खां। फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** सपा शासन काल में डिप्टी सीएम कहलाए जाने वाले सपा नेता आजम खां इस समय सीतापुर जेल की सलाखों के पीछे हैं। 515 दिनों में उन्हें छह मामलों में सजा हो चुकी है जबकि चार मामलों में वह बरी हो चुके हैं।

किसी सपा नेता समय आजम खां पर एक भी मुकदमा दर्ज नहीं था। इसलिए वह हमेशा कहते थे कि उनका दामन साफ है, उस पर कोई दाग नहीं है। लेकिन 2017 में उन पर एक मुकदमा दर्ज हो गया था। 2020 के बाद से आजम खां के ऊपर मुकदमों की झड़ी लग गई। अब तक आजम खां पर 108 मुकदमें दर्ज हो चुके हैं। इनमें भैंस चोरी व जमीन कब्जाने तक के मामले दर्ज हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 80 मुकदमों में ट्रायल चल रहा है। जबकि 515 दिनों में छह मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। चार मामलों में उन्हें बरी कर दिया गया है। सपा नेता आजम खां चार बार कैबिनेट मंत्री और दस बार विधायक रहे हैं। लेकिन 2019 में ऐसी घेरांबदी हुई कि वह कोर्ट की तारीखों से घिरे हुए चल रहे हैं। उन पर मुरादाबाद, फिरोजाबाद तक में मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि उनके अधिवक्ता हर मुकदमे में मजबूती से परैवी कर रहे हैं।

### सजा के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे आजम के अधिवक्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां को डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में गुरुवार को दस साल कैद की सजा सुनाई गई है। आजम खां के अधिवक्ता ने बताया कि वह इस सजा के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। बहुत से साक्ष्यों का कोर्ट ने आकलन तक नहीं किया है। बता दें कि सपा नेता आजम खां पर दो जन्म प्रमाण पत्र से लेकर भैंस चोरी, लूटपाट तक के करीब 100 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें शत्रु संपत्ति और किसानों की संपत्ति कब्जाने के आरोप भी लगे हैं।

### इन मामलों में हुई सजा

27 अक्टूबर 2022 को मिलक में दर्ज लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां को तीन वर्ष की सजा सुनाई थी। सेशन कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था। हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन है। 15 फरवरी 2023 को मुरादाबाद के छजलैट मामले में दो वर्ष की सजा सुनाई गई। 15 जुलाई 2023 को शहजादनगर थाने में आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में दो वर्ष की सजा और जुर्माना लगाया गया। 18 अक्टूबर 2023 को दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा सुनाई गई। 18 मार्च को डूंगरपुर के मामले में सात साल की सजा सुनाई। गुरुवार को डूंगरपुर मामले में आजम खां को दस साल की सजा सुनाई और 14 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया। इस तरह यह पहली सजा है जो दस साल की सुनाई गई है।

### इन मामलों में बरी हो चुके हैं आजम खां

पड़ोसी से मारपीट करने और डूंगरपुर के दो मामलों में आजम खां बरी हो चुके हैं। इसके अलावा भड़काऊ भाषण मामले में सरकार की ओर से अपील दायर की जा चुकी है। आजम खां सीतापुर जेल में 18 अक्टूबर 2023 से दो जन्म प्रमाण पत्र मामलों में सात वर्ष की सजा काट रहे हैं।

## ट्रॉली के पहिए के नीचे दबकर मजदूर की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में ट्रॉली के नीचे दबकर मजदूर की मौत हो गई। किशोर रामपुर से ट्रॉली में गोबर भरवा कर वापस आते समय हादसे का शिकार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांवमंसूरपुर निवासी आले हसन का 16 वर्षीय बेटा शान अली मजदूरी करता था। गुरुवार की सुबह शान अली मजदूरी पर ट्राली में गोबर भरने रामपुर गया था। दोपहर बाद किशोर ट्रैक्टर पर बैठकर वापस घर आ रहा था। मंसूरपुर गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक को देख ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगा दिए। ब्रेक लगाते ही ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर पर बैठा किशोर ट्रॉली के पहिए के नीचे दब गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर आ गए। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे किशोर को निकाला गया। लेकिन तब तक शान अली की मौत हो चुकी थी। किशोर की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

# दवा की ओवरडोज से नर्स की मौत, 16 दिन बाद होनी थी शादी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** दवा के ओवरडोज से नर्सिंग होम में काम करने वाली नर्स की मौत हो गई। वह साथ काम करने वाली साथी नर्स को बाथरूम में बेहोश हालत में मिली थी। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी 16 दिन बाद शादी होनी थी।

मूलरूप से गौना बडालू झूलाघाट पिथौरागढ़ निवासी नीलम (23 वर्ष) पुत्री लक्ष्मण चंद मुखानी चौराहे के पास स्थित एक नर्सिंग होम में नर्स थी। नीलम के पिता फौज में हैं और वह दो भाई-बहन में बड़ी थी। नीलम डेढ़ माह पहले ही नर्सिंग होम में काम करने आई थी और नर्सिंग हॉस्टल में रहती थी। 16 जून को उसकी शादी होने वाली थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात उसके साथ काम करने वाली नर्स आशा जब ड्यूटी करके नर्सिंग हॉस्टल पहुंची तो नीलम बाथरूम में बेहोश पड़ी थी।

### नीलम के हाथ में लगी थी कैथ, मिली शीशी

**हल्द्वानी :** नीलम को जब डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया तो उसके हाथ में कैथ लगी थी। इसी कैथ के जरिये मरीजों को ग्लूकोज चढ़ाया जाता है। बताया जाता है कि जब वह बाथरूम में पड़ी मिली तो भी उसके हाथ में कैथ लगी थी। तलाशी में घटना स्थल पर एक खाली शीशी भी मिली है। सूत्रों का कहना है कि ये शीशी बेहोशी की दवा की थी।

## टब में डूबकर डेढ़ साल के बच्चे की गई जान

**पंतनगर, अमृत विचार :** पंतनगर विवि परिसर में एक डेढ़ साल के बच्चे की टब में डूबने से मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि परिसर के झा कॉलोनी शिवालय मंदिर निवासी आबिद विश्वविद्यालय परिसर में टुक-टुक चलाने का काम करता है। बुधवार की शाम लगभग सात बजे उसके परिजनों ने भीषण गर्मी के चलते अपने डेढ़ साल के बच्चे को टब में पानी भर कर उसमें उसे नहलाते हुए खेलने के लिए छोड़ दिया और घर के बाहर निकल गए। कुछ देर बाद जब बच्चे की मां घर के अंदर गई तो बच्चों को टब के अंदर मूर्छित अवस्था में देखा। आनन-फानन में उसे लेकर विवि चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# बाइक सवार बदमाशों ने किसान पर चलाई गोली

**संवाददाता, हापुड़**

**अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जखेड़ा रहमतपुर में खेत से घर लौट रहे बाइक सवार किसान पर दो बाइक चार बदमाशों ने गोली चला दी। घटना के दौरान किसान के पीछे बैठा उसका साथी बाल बाल बच गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां से चिकित्सकों ने उसे हापुड़ के लिए रेफर कर दिया है।

गांव भैना निवासी संजीव कुमार ने क्षेत्र के ही गांव जखेड़ा रहमतपुर में दिल्ली के मदनपुर खादर निवासी कृष्ण बिधूड़ी का आठ बीघा खेत पांच महीने पहले बंटाई पर लिया था। इसमें उसने गन्ना और चारे की फसल की बोआई की है। बुधवार शाम संजीव गांव के ही रहने वाले मुकेश कुमार के साथ अपने खेत पर गया था। जहां से वापस आते हुए रास्ते में दो बाइक सवार चार अज्ञात लोगों ने उस पर फायरिंग कर दी। इससे एक गोली कमर में लगने से संजीव घायल हो गया। वहीं मुकेश ने बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। फायरिंग करने के बाद बदमाश मौके से भाग निकले। घायल संजीव को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर मुकेश ने पुलिस को सूचना दी। सीओ आशुतोष शिवम व बहादुरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई। जखेड़ा समेत आसपास के जंगल में बदमाशों की तलाश के लिए कांबिंग भी की गई। उधर, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने संजीव को हापुड़ के लिए रेफर कर दिया है। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि घायल एवं उसके साथी से पूछताछ की गई है।

## सार-संक्षेप

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

**हापुड़, अमृत विचार :** पिलखुवा नगर पालिका परिषद के सभागार में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर जनपद हापुड़ पत्रकार एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी जितेंद्र शर्मा, एसडीओ भूपेंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी अखिलेश कुमार त्रिपाठी, मनोज सिसोदिया, डॉक्टर प्रशांत रुहेला, लज्जा रानी गर्ग ने पत्रिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में चंद्र मोहन चौहान, विपिन अग्रवाल, डॉ. राजेश कुमार, ब्रह्म सिंह राणा, अशोक गोयल, सुरेंद्र शर्मा, पंकज राठी, सुमित सिसोदिया ने अपने विचार व्यक्त किए।

### जिला जज ने वादों को चिह्नित करने के दिए निर्देश

**हापुड़, अमृत विचार :** जिला जज, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ मलखान सिंह की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक का संचालन अपर जिला जज/नोडल अधिकारी हापुड़ डॉ. रीमा बंसल की निगरानी में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ डॉ. ब्रहमपाल सिंह ने किया। जिला न्यायाधीश मलखान सिंह ने न्यायिक अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए चिह्नित वादों में से पूर्व दो बार नोटिस/सम्मन जारी करने के निर्देश दिया। बैठक में अपर जिला जज प्रथम विपिन कुमार द्वितीय, अपर जिला जज (एससी/एसटी) एक्ट हापुड़, हनी गोयल, अपर जिला जज (स्पेशल पोक्सो) हापुड़, उमाकान्त जिंदल, अपर जिला जज द्वितीय, ग्यानेन्द्र सिंह यादव, अपर जिला जज पोक्सो द्वितीय आदि रहे।

### कमरे में मिला सिडकुल कर्मी का शव

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप में कमरे में एक सिडकुल कर्मी का शव मिला है। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से फतेहपुर उत्तर प्रदेश व हाल निवासी रविंद्र नगर 37 वर्षीय अमित द्विवेदी सिडकुल की सेक्टर 12 स्थित एक कंपनी में काम करता था, जबकि पत्नी आशा व चार साल का बेटा पैतृक गांव में ही रहते हैं। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति सिडकुल कर्मी बुधवार की देर शाम रविंद्र नगर स्थित किराए के मकान में पहुंचा और खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। जब गुरुवार की सुबह युवक नहीं उठा तो पड़ोसी किराएदारों ने कमरे में जाकर देखा तो युवक बिस्तर पर मूर्छित अवस्था में पड़ा हुआ था। आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सिडकुल कर्मी को मृत घोषित कर दिया। उधर आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हृदय गति रुकना प्रतीत हो रहा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर लूट ली क्रेटा कार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** बाइक सवार बदमाशों ने बुधवार की रात 12 बजे पिस्टल दिखाकर क्रेटा कार लूट ली। वारदात की सूचना मिलते ही शहर में नाकाबंदी कर दी गई और सीमाओं पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी। बावजूद बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा, जबकि पुलिस चालक से लगातार पूछताछ कर रही है। ग्राम डिबडिबा बिलासपुर यूपी निवासी युवराज सिंह की क्रेटा कार को मानपुर ओझा बिलासपुर निवासी छोटू विश्वास चलाता है। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात 12 बजे चालक चंडीगढ़ नंबर की क्रेटा कार को लेकर काशीपुर बाईपास स्थित एक दुकान पर जा रहा था। इस बीच बाइक पर सवार दो बदमाश आये और पिस्टल दिखाकर धमकी देने लगे। इसके बाद बाइक सवार में से एक युवक क्रेटा कार को लूट कर किच्छा की ओर फरार हो गया। बताया कि चालक द्वारा आनन-फानन में डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार और बाजार चौकी प्रभारी पंकज मेहर पुलिस बल के घटनास्थल पहुंचे और नाकाबंदी की। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। वहीं चालक द्वारा बदलते बयान के कारण पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही जल्द खुलासा किया जाएगा।

### बुजुर्ग की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं। अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव मिहौना निवासी श्रीराम (62) पुत्र तोताराम ने अपने गांव निवासी सुरजीत को रुपये उधार दिए थे लेकिन सुरजीत उनके रुपये नहीं लौटा रहा था। जिसके चलते दोनों पक्ष में अक्सर ही विवाद होता था। पांच मई को श्रीराम खेत पर जा रहे थे। उन्होंने रास्ते में सुरजीत से रुपये मांगे। सुरजीत और उसके परिजनों ने श्रीराम को लाठी-डंडे से पीटा। दरांती से उनके गले पर वार किए। श्रीराम की मौके पर मौत हो गई। मृतक के बेटे पुष्पेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने सुरजीत, गिरीश, मदन लाल, सचिन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। सुरजीत को उसी दिन जेल भेज दिया था। गुरुवार को पुलिस ने अन्य तीनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

### गुलजार नजीबाबाद ब्लॉक क्षेत्र के अध्यक्ष मनोनीत

नजीबाबाद, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव रानीकोटा में युवा कांग्रेस कमेटी की बैठक में शेख गुलजार अहमद को नजीबाबाद ब्लॉक क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। युवा कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गौतम सिसोदिया ने गुलजार को मनोनयन पत्र सौंपा। गुलजार ने प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, जिलाध्यक्ष गौतम सिसोदिया व नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। शेख वसीमउद्दीन ने अध्यक्षता और अभिनव अग्रवाल ने संचालन किया। इस दौरान जैद बिन मेहताब, शीतल चौहान, एम अकरम खां, रईस कुरैशी, शारिब अंसारी, अमजद सिद्दीकी, शाही दिलशाद, वसीम अख्तर, नदीम फारुकी, विजयपाल, हाजी हनीफ, मोहम्मद राशिद, मेहर सिंह, मोहम्मद आमिल, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद इरफान, फैसल, अयाज आदि मौजूद रहे।

### मीडियाकर्मियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के बैनर तले संगठन से जुड़े मीडियाकर्मी गुरुवार को तहसील पहुचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गाजियाबाद में खनन कवरेज के दौरान एक चैनल की महिला पत्रकार के साथ अभद्रता व मारपीट की गई। दो सप्ताह पूर्व रायबरेली में एक जनसभा के दौरान पत्रकार राघव त्रिवेदी को मारा पीटा। इससे मीडिया जगत में आक्रोश है। उन्होंने शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद, नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी, महामंत्री मयंक कश्यप, तहसील अध्यक्ष शहजाद नोमानी, जिला महासचिव अफजाल अंसारी, आफताब आलम, अल्ताफ रजा, डॉ. वसीम बारी, सुहैल राजू, डॉ. आफताब नोमानी, शाही अराफात, गुलजार शेख, मरगूब हुसैन नासिर, अब्दुल रऊफ, कुलदीप राजपूत, जिया अब्बास, अशरफ अली, नसीम उस्मानी, रिहान, संजीव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन पर लगाई जाएगी एस्केलेटर और लिफ्ट

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज में ऊपर चढ़ने और नीचे उतरने के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट लगाई जाएगी। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय को जानकारी दी थी। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत हुआ है। इसमें एक फुटओवर ब्रिज का निर्माण कराने प्रस्तावित है। अगर इस फुटओवर ब्रिज में एस्केलेटर और लिफ्ट लगा दी जाएं तो वृद्ध और दिव्यांग, बीमार व्यक्तियों को ऊपर चढ़ने और नीचे उतरने में काफी सहूलियत होगी। इस पर संदेश के जरिये मंडल प्रबंधक कार्यालय ने बताया कि फुटओवर ब्रिज में एस्केलेटर और लिफ्ट लगाने का कार्य प्रस्तावित है। ये चरणबद्ध तरीके से कार्य कराया जाएगा। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन के लिए कुल 15 करोड़, 85 लाख 53 हजार 627 रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### कठिन परिश्रम से ही मिलती है सफलता : लीना

**नहटौर, अमृत विचार :** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं व 12वीं के टॉपरों के सम्मान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। इसमें अभिभावकों, छात्र-छात्राओं से प्रबन्ध निदेशिका व पूर्व चेयरमैन नगर पालिका धामपुर लीना सिंघल ने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम मात्र से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। यह युग विज्ञान का युग है और इसके लिए शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। नहटौर डिग्री कॉलेज के विवेकानन्द हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। स्कूल व नहटौर की प्रथम तथा जनपद की द्वितीय टॉपर 12वी की छात्रा अनु कुमारी व उसके माता पिता को सम्मानित किया गया। 10वीं की स्कूल टॉपर वंशिका पाल व उसके माता पिता को भी सम्मानित किया गया। 12वीं की कनिष्का चौहान, खुशी चौधरी, प्रभलीन कौर, मान्सी चौधरी, 10वीं की इशिता सिंह, प्रिंस चौधरी, शगुन, आरुषी सिंह आदि को सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष इंजीनियर आशीष सिंघल ने कहा कि भविष्य में मेहनत, लगन से आगे बढ़ा जा सकता है।

### हल्दौर चौराहे पर वृद्ध की मौत

**नहटौर, अमृत विचार :** हल्दौर चौराहे पर जीवन व्यतीत कर रहे एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी है। शव अस्पताल में रखावा दिया गया है। स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव बेरखा निवासी बाबू सिंह (65) पांच वर्षों से अपनी पत्नी के साथ नहटौर के हल्दौर चौराहे के पास यात्री स्टैंड व दुकानों के सामने रहकर जीवन व्यतीत कर रहा था। कुछ माह पहले उसकी पत्नी चली गई थी। तभी से वह अकेला ही यात्री स्टैंड पर रह रहा था। आसपास के क्षेत्र में कबाड़ बीनकर वह अपना जीवन व्यतीत कर रहा था। दोपहर के समय वह यात्री स्टैंड पर आराम करने के लिए लेट गया।

## बिजनौर

# बैंक्वेट हॉल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

## इमारत की दूसरी मंजिल पर रखे सामान में भड़की आग पर पाया काबू

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**


बैंक्वेट हॉल में आग लगने के दौरान निकलता धुआं। ● अमृत विचार


बुलेट बाइक मे लगी भीषण आग।

**अमृत विचार :** शहर क्षेत्र में एक बैंक्वेट हॉल में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। बताया कि फायर स्टेशन में गुरुवार सुबह 11:30 बजे राजमिलन बैंक्वेट हॉल में आग लगने की सूचना मिली।

इसके बाद चार फायर टेंडर यूनिट को घटनास्थल पर भेजा गया। आग बैंक्वेट हॉल की दो मंजिल इमारत के ऊपरी हिस्से में रखे सामान में लगी थी। शॉर्ट सर्किट से आग लगी। अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोतवाली शहर इलाके में स्थित राजमिलन बैंक्वट हॉल में गुरुवार को अज्ञात कारण से आग लग गई। इस दौरान वहां अफरा तफरी मच गई।। विभागीय अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। चार दमकल की गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम आग लगने के सही कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### चलती बुलेट में लगी आग, युवक ने कूदकर बचाई जान

**किरतपुर, अमृत विचार :** चलती बाइक में आग लग गई। बाइक सवार ने कूद कर जान बचाई। मोहल्ले के लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। भीषण गर्मी से आम आदमी परेशान हैं। वाहनों पर चलना भी पेरशानी का सबब बन रहा है। गुरुवार दोपहर मोहमद जावेद पुत्र अमीनुद्दीन निवासी मोहल्ला अंसरियान अपनी बुलेट से घर से कही जा रहा था। जैसे ही वह घर से लगभग 200 मीटर दूर गया तो अचानक बाइक में आग लगने लगी। बाइक में आग लगती देख मोहमद जावेद बाइक से कूद गया। देखते ही देखते बाइक में तेजी से आग लगने लगी।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

# जिला प्रोबेशन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत 10 नवीन और 17 पुराने लंबित प्रकरणों पर निर्णय लेने के लिए जिला संचालन समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों में शिथिलता एवं अरूचि मिलने पर नाराजगी जताई। जिला प्रोबेशन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में तेजी लाने और मानक के अनुरूप करने के लिए कार्य का विभाजन करें। महिला पीड़िताओं के प्रकरणों को गंभीरता से लें और उनको समुचित न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में पीड़िता को रानी लक्ष्मीबाई महिला एंव बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत पारदर्शिता के साथ लाभ पहुंचाएं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामअर्ज, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश चन्द्र गुप्त, महिला अस्पताल की सीएमएस प्रभा रानी आदि रहे।

### शहर में अतिक्रमण हटाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**बिजनौर, अमृत विचार :** जय तिरंगा अभियान के संस्थापक जोगेन्द्र वालिया के नेतृत्व में डीएम, एसपी और पीडब्ल्यूडी में ज्ञापन देकर शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में बढ़ते अतिक्रमण के कारण मोहल्लों की सड़कें संकरी हो गई हैं। लोग नव विकसित कॉलोनियों में जाने को मजबूर हो रहे हैं। अतिक्रमण करने वाले दुकानदार के कारण कोई जनहानि होती है तो उस दुकानदार के विरुद्ध हत्या के आरोपी में रिपोर्ट दर्ज की जाए। इस मौके पर नबील कस्सार, इरशाद अहमद, दिनेश केसरिया, सलीम अहमद, मेहम्मद सकावत आदि रहे।

### मस्जिद की दुकान को लेकर दो पक्षों में विवाद

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला घास मंडी में मस्जिद की दुकान को लेकर विवाद में जांच करने पहुंची टीम जाने के बाद मुतवल्ली व दूसरे पक्ष में गाली-गलौज हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला घास मंडी में मस्जिद की दुकान को लेकर विवाद चल रहा है। सीओ कार्यालय से जांच टीम मौके पर पहुंची थी। मोहल्ला मंगू चर्खी शेखान के फहीम अहमद ने आरोप लगाया कि लईक अहमद उर्फ अम्मू मुतवल्ली बनकर जबरन दुकान पर कब्जा करना चाहता है।

### चोरी की बाइक पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

**शेरकोट, अमृत विचार :** पुलिस ने एक बिना नंबर की बाइक सहित दो दोपहिया वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें और बरामद की गई हैं। रात में चेकिंग के दौरान देवदास निवासी गांव सरकड़ा चकराजमल व सुहेल निवासी गांव सरकल थानी को एक बिना नंबर की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले चांदपुर से एक बाइक खरीदी थी।

## निशुल्क ट्यूशन पढ़ाने के बहाने बालिका से बाली लेकर महिला हुई फरार

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला सराय जोखा सिंह निवासी शाहनवाज ने पुलिस को बताया कि एक महिला उनके घर आई। बालिका अयात परवीन के स्कूल का नाम बताते हुए कहा कि वह स्कूल की पूर्व शिक्षिका है और बच्चों को निशुल्क ट्यूशन पढ़ा रही है। इसके लिए किताबें भी निशुल्क दी जा रही हैं। यह कहकर वह बालिक को साथ ले गई। बालिका से कहा कि तुम्हारे कानों में सोने की बाली है। तुम संपन्न परिवार की लग रही हो इसलिए कानों की बाली निकालकर उन्हें दे दो और अगली गली में एक घर से किताबें ले आओ। बालिका किताबें लेने के लिए चली गई, लेकिन उसे किताबें नहीं मिलीं।

# मीडियाकर्मी निर्भीक होकर करें पत्रकारिता : सुलेमान

**संवाददाता, कासमपुरगढ़ी/अफजलगढ**

**अमृत विचार :** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गुरुवार को आदर्श प्रेस क्लब की ओर से आयोजित समारोह में मदरसा शिक्षा बोर्ड उत्तराखंड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने मीडियाकर्मियों से निर्भीक होकर पत्रकारिता करने को कहा। उन्होंने कहा कि वे पत्रकार बने, पक्षकार न बने।

कृष्णा बैंक्वेट हाल में आयोजित समारोह उप्र अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शेख सुलेमान ने अध्यक्षता की और संचालन इरशाद धामपुरी व एसएम असलम ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रकाश डाला और इसका इतिहास बताया। डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा कि भारत मे हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 से हुई। पूर्व विधायक शेख सुलेमान ने पत्रकारों से किसी के दबाव में आकर पत्रकारिता न करने व पत्रकारिता के धर्म को निभाते हुए निष्पक्ष काम करने का आह्वान किया। उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, बिरला फार्म मैनेजर महेंद्र मान सिंह शेखावत, महिला शिक्षक संघ की ब्लाक अध्यक्ष पूनम रानी, थाना अध्यक्ष रेहड़ धीरज सिंह सोलंकी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नफीस कुरेशी आदि ने विचार व्यक्त किए।

## 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ अधिकतम तापमान

**नगीना, अमृत विचार :** गुरुवार को जिले में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सूर्यदेव ने दिन निकलते ही आग बरसानी शुरू कर दी। दिन भर उमस भारी गर्मी रहने से लोग बेहाल हो गए।

आम जनता घरों से गर्मी से बचने के लिए छाता व चश्मा लगाकर निकली। दोपहर बाद सूर्य के ढलने के साथ ही मौसम में तपिश कम हुई। इसके बाद लोग घरों के सामान आदि लेने के लिए निकले। इधर गर्मी के कारण नगीना चिकित्सालय व निजी चिकित्सकों के यहां बुखार के मामले आ रहे हैं। गर्म हवा चलने से ज्यादातर लोग घरों में ही रहते हैं। भीषण गर्मी के कारण लकड़ी का कारोबार भी पूरी तरह प्रभावित है।

# पूर्वांचल के अंतिम 13 द्वार, किसे मिलेगा जीत का उपहार

## सातवें चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में वोट डाले जाएंगे। इसी के साथ लोकसभा चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मतदान वाली सभी 13 सीटें पूर्वांचल की हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से नौ सीटें जीती थी, जबकि दो सीटें उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीती थीं। दो सीटें सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी बसपा के हिस्से में आई थीं। इस बार इन सभी सीटों पर दोनों गठबंधनों एनडीए और इंडिया ने प्रचार में जमकर पसीना बहाया है। भाजपा जहां सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं करीब आधा दर्जन सीटों पर कड़ी टक्कर दे रहा सपा-कांग्रेस गठबंधन भाजपा के मिशन-80 में पलीता लगाना चाहता है। चार से पांच सीटों पर लड़ाई त्रिकोणीय बना रही बसपा के सामने चुनौती पिछली बार की दो सीटों का स्कोर बचाना है। इन 13 सीटों में पांच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर के आसपास और चार सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी से सटी हैं। भाजपा की कोशिश इन नौ सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल करने की है।









### इन सीटों पर नजर आ रहा कांटे का मुकाबला

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया के लिए कठिन हुई जीत की राह

कुर्मी बहुल मानी जाने वाली मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र एस बिंद की चुनौती से पार पाने में उनके सामने बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी लगातार मुश्किल और बढ़ाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अनुप्रिया को इस बार जीत की हैट्रिक लगाने में मोदी और योगी के नाम और काम का ही सहारा है। यहां भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों का एक हिस्सा अगर बसपा के साथ जाता है, तो अनुप्रिया के लिए खतरा हो सकता है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र एस बिंद जिनका मुंबई में कारोबार है, इलाके में बिंद समाज कल्याण संघ के माध्यम से सक्रिय रहे हैं। मिर्जापुर में पिछड़े वर्ग में कुर्मी के बाद सबसे ज्यादा सवा लाख से ज्यादा बिंद मतदाता हैं और उनके एक मुश्त वोट सपा की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं। इन परिस्थितियों में अनुप्रिया ने बैठे ढाले एक और मुसीबत कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के खिलाफ बयान देकर ले ली है, इससे राजपूत वोटरों के एक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है।

- सपा की चुनौती से पार पाने में बचानी होगी अगड़े वोटों में बसपा की सेंध

### घोसी में दांव पर लगी ओमप्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा

मऊ जिले की घोसी लोकसभा सीट पर योगी सरकार के मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। घोसी से उनके बेटे अरविंद राजभर मैदान में हैं। यहां सपा ने राजीव राय के सहारे भूमिहार दांव खेला है, तो बसपा के नोनिया समुदाय से आने वाले प्रत्याशी पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान पिछड़े वोटों में बंटवारा करते नजर आ रहे हैं। इस चुनावी परिदृश्य से घोसी में राय और राजभर के बीच सिमटती जा रही जंग में चुनाव का फैसला जातीय समीकरणों से ही निकलने के आसार बढ़ गए हैं। ओमप्रकाश राजभर के सामने सवर्ण और राजभर वोटों के सहारे अपने बेटे को जीत दिलाने की चुनौती है। लेकिन सवर्ण वोटरों का रुख सपा के राजीव राय की तरफ भी है। ऐसे में महेंद्र राजभर के सुभासपा का दामन छोड़कर सपा के साथ आने से ओमप्रकाश राजभर की चुनौती और बढ़ गई है। यहां यादव और मुस्लिम मतदाता राजीव राय के लिए लामबंद नजर आ रहा है, तो बसपा प्रत्याशी बाल कृष्ण नोनिया और दलित वोटर जोड़ने में सफल होते दिख रहे हैं। भाजपा के समर्थन के बावजूद ओमप्रकाश राजभर द्वारा सवर्णों के खिलाफ दिए गए बयान उनके लिए मुसीबत बने हैं।

- सपा के राजीव राय से मुकाबले में बसपा के पूर्व सांसद बालकृष्ण बढ़ा रहे मुसीबत

### तीन बार के रनर सदल प्रसाद बन पाएंगे विनर

- बांसगांव सीट सुरक्षित सीट से पिछली बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा के कमलेश पासवान इस बार चौथी जीत दर्ज करना चाहते हैं, जिसे रोकने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद लगे हैं। वह बसपा से 2004, 2014 और 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन हर बार दूसरे नंबर पर रहे थे। सदल प्रसाद बांसगांव विधानसभा सीट से दो बार विधायक भी रहे हैं। इस बार जीत के लिए उनके सामने दलितों के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ने की चुनौती है। बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ कॉडर वोट मजबूत करके सदल प्रसाद की लड़ाई कमजोर कर रहे हैं।

### कुशीनगर में स्वामी समीकरण बनाएंगे या बिगाड़ेंगे

- कुशीनगर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद विजय कुमार दुबे के मुकाबले सपा से अजय प्रताप सिंह और बसपा के शुभ नारायण चौहान ने पूरा जोर लगाया है। लेकिन चर्चा में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य हैं। माना जा रहा है कि बसपा के वोटर उनकी तरफ मुड़ रहे हैं। 2014 भाजपा के राजेश पांडेय ने कांग्रेस सांसद रतनजीत सिंह को हराया था। 2019 में भाजपा के विजय कुमार दुबे जीते थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा के खिलाफ पड़ने वाले वोटों का ध्रुवीकरण सपा या स्वामी प्रसाद के बीच हो सकता है। ऐसे में सीधी लड़ाई होने पर हार-जीत का आंकड़ा कम रह सकता है।

### महाराजगंज में आसान नहीं कांग्रेस की जीत का गणित

- महाराजगंज लोकसभा सीट से छह बार सांसद चुने जा चुके और मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मैदान में हैं। उनको कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने टक्कर दी है। साल 2019 के चुनाव में पंकज चौधरी को 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। लेकिन कुर्मी वोटरों की बहुलता वाली इस सीट पर दोनों प्रत्याशी कुर्मी समुदाय में होने से माना जा रहा है कि कुर्मी वोटों में बड़ी सेंधमारी करके ही वीरेंद्र चौधरी भाजपा के दिग्गज पंकज चौधरी से लड़ पाएंगे। इसके साथ ही उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी मो. मौसमे आलम से मुस्लिम वोटों का बंटवारा रोकने की भी चुनौती है।

### सलेमपुर में त्रिकोणीय संघर्ष, फायदे में दिख रही भाजपा

- सलेमपुर में भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला 2009 में बसपा से सांसद चुने गए वर्तमान में सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर से है। बसपा ने यहां भीम राजभर को मैदान में उतारकर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर में 32 प्रतिशत कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। इनमें 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। दलित मतदाता 15 फीसदी हैं। 2019 के चुनाव में रवींद्र कुशवाहा ने बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार वोट मिले थे। सुभासपा अब भाजपा के साथ है। यहां रवींद्र कुशवाहा को सपा प्रत्याशी पर मामूली बढ़त बताई जा रही है।

### देवरिया में बसपा की सेंधमारी से मुश्किल में कांग्रेस

- देवरिया में जातीय गुणा-भाग जोरों पर है। भाजपा के पास यहां जीत की हैट्रिक लगाने तो कांग्रेस के सामने चार दशक बाद जीत दर्ज करने का मौका है। लेकिन कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव प्रत्याशी की सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है। पिछले दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, इसी कारण भाजपा ने मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा था। कांग्रेस से पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह उनका मुकाबला कर रहे हैं। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ा रहे हैं।

### राबर्ट्सगंज में कोल वोटरों पर भरोसा आ सकता काम

- राबर्ट्सगंज सुरक्षित सीट पर भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा मुकाबला देखने में आया है। छोटेलाल 2014 में इस सीट पर भाजपा से जीते थे, लेकिन 2019 के बाद इस बार भी भाजपा सीट अपना दल (एस) को दिए जाने से भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। बसपा से चुनाव लड़ रहे धनेश्वर गौतम कॉडर वोट सहेजने में ताकत लगाए रहे हैं। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं और मिर्जापुर के छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं।





### गोरखपुर में अभिनेता बनाम अभिनेत्री का मुकाबला

- गोरखपुर लोकसभा सीट पर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। सपा से चुनाव लड़े निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया था। निषाद पार्टी अब भाजपा के साथ है। 2019 के चुनाव में फिल्म अभिनेता रवि किशन ने योगी के गृह नगर में कमल फिर से खिलाया था। इस बार रवि किशन के सामने सपा ने अभिनेत्री काजल निषाद को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है, बसपा के जावेद सिमनानी यहां पिछड़ते नजर आ रहे हैं। गोरखपुर सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। योगी आदित्यनाथ लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। सपा काजल निषाद से उपचुनाव जैसे करिश्मे की उम्मीद लगाए बैठी है।

### बलिया में ब्राह्मण लगा पाएंगे 'सनातन' की जय का नारा

बलिया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सीट है। भाजपा ने यहां से अपने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की जगह चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को चुनाव मैदान में उतारा है। चंद्रशेखर बलिया से आठ बार चुनाव जीते थे। इस लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन सिंह यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं। सनातन पांडेय पिछला चुनाव सिर्फ 15 हजार वोटों से हार गए थे। बलिया सीट पर लगभग तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण मतदाता हैं। इसके बावजूद कभी यहां से ब्राह्मण सांसद नहीं चुना गया है। लोकसभा क्षेत्र में ढाई लाख यादव, ढाई लाख राजपूत और तकरीबन इतने ही दलित मतदाता भी हैं। ऐसे में सपा का अगर ब्राह्मण-यादव समीकरण परवान चढ़ता है, तो भाजपा को यह सीट जीतने में कड़ी मुश्किल पेश आ सकती है।

### 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे के बीच संघर्ष

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अफजाल अंसारी का कब्जा है। वह इस बार समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय से आने वाले पारसनाथ राय ने उनको कड़ी टक्कर दी है, तो बसपा के ठाकुर समाज से आने वाले प्रत्याशी उमेश सिंह लड़ाई तिकोनी बनाने में जुटे नजर आए हैं। गाजीपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में नौ बार ठाकुर या भूमिहार प्रत्याशी जीतने में सफल रहे हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय का प्रत्याशी होने से ठाकुरों का एक तबका अंदरखाने अफजाल अंसारी के साथ खड़ा दिख रहा है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत इस चुनाव में एक मुद्दा है। प्रचार के दौरान इस मुद्दे पर खूब बार-पलटवार देखने में आते रहे हैं। पिछले चुनाव में अफजाल ने भाजपा के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को 1.19 लाख मतों से हराया था। इस बार का चुनाव 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे की बहस में उलझा है। पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद अफजाल के लिए यह पहला चुनाव है, जब मुख्तार अंसारी के बाहुबल का कोई सहारा नहीं है। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें जीतकर भाजपा का सफाया कर दिया था। लेकिन तब सपा के साथ गठबंधन में एक सीट जीतने वाली सुभासपा अब भाजपा के साथ है। अफजाल ने अपनी सजा के मद्दे नजर विकल्प के तौर पर अपनी बेटी नुसरत अंसारी को भी प्रत्याशी बनाया था। कांटे के संघर्ष में यहां करीब 20 फीसदी दलित मतदाताओं पर दारोमदार बताया जा रहा है।

- गाजीपुर में माफिया मुख्तार की मौत के बाद सांसद अफजाल अंसारी को हराने में भाजपा ने लगा रखी है ताकत

### केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को इस बार छूट रहा पसीना

चंदौली में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सतेंद्र मौर्य से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां चुनाव भाजपा और सपा में ब्राह्मण बनाम ठाकुर के बीच मुड़ गया है। राजपूत बिरादरी से आने वाले सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हैं और कांग्रेस तथा बसपा में भी रह चुके हैं। वह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीतकर विधायक बने थे। 2003 में चिरईगांव सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा के टिकट पर जीत कर दोबारा विधानसभा में पहुंचे थे। इसके बाद कांग्रेस और सपा में होते हुए 2017 में फिर से बसपा और दो साल पहले सपा में शामिल हुए थे। बसपा प्रत्याशी मौर्य बिरादरी से आते हैं और अब तक भाजपा के परंपरागत वोटर रहे मौर्य समुदाय में सेंध लगा रहे हैं। मौर्य वोटों के दम पर ही भाजपा के आनंद रत्न मौर्य ढाई दशक पहले यहां से तीन बार जीते थे।

- सपा को मात देने में बसपा के दांव से फंसी नजर आ रही जीत की हैट्रिक



**जीत का जयघोष** अमृतसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रचार के अंतिम दिन गदा उठाकर पंजाब में चुनाव जीतने का जयघोष किया।



**जीतेंगे हम** पटना में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी के साथ विक्ट्री का निशान बनाते हुए।

### कुल 57 सीटें 904 प्रत्याशी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों में पंजाब की सभी 13 और हिमाचल की सभी चार लोकसभा सीटों के साथ उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इन 57 सीटों पर 904 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### यूपी: 13 सीटों की 48 विस सीटें एनडीए के पास



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में जिन 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। उनके अंतर्गत आने वाली 65 विधानसभा सीटों का हिसाब-किताब देखें तो 2022 के विधानसभा चुनाव में 48 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। 15 सीटें सपा गठबंधन और एक-एक सीट बसपा तथा कांग्रेस के खाते में आई थी।

**2019 में 50 फीसदी से ज्यादा था भाजपा का वोट प्रतिशत:** पिछले 2019 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सातवें चरण की लोकसभा सीटों पर भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले थे जबकि विपक्षी सपा-बसपा गठबंधन के खाते में 37.43 वोट ही आए थे।

# पूर्वांचल के रणक्षेत्र में राम का नाम मोदी का चेहरा और जाति की पतवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में छठे और सातवें चरण की चुनावी लड़ाई में भाजपा को राम का नाम, मोदी के चेहरे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगे बढ़कर चुनावी कमान संभालने के बावजूद जातीय समीकरणों पर जिस तरह फोकस करना पड़ा है, उससे साफ है कि जमीन पर इंडिया गठबंधन ने उसके सामने कड़ी चुनौती पेश की है। पूर्वांचल के रण में जातीय समीकरण साधने का खेल नया नहीं है। पहले यहां ब्राह्मण और राजपूत चुनाव की दिशा तय करते थे। लेकिन मंडल आयोग के बाद अधिकतर सीटों पर जीत-हार का तराजू पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हाथ में चला गया। प्रदेश में जातीय आधार पर राजनीति करने वाले अधिकतर दलों का आधार भी पूर्वांचल के अलग-अलग इलाकों में ही नजर आता है। अनुप्रिया पटेल का अपना दल (एस), संजय निषाद की निषाद पार्टी, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा, संजय चौहान की जनवादी सोशलिस्ट पार्टी दो तिहाई सीटों पर अपने वोट बैंक की ऐसी ताकत रखता है, जो किसी भी बड़े दल का खेल बना और बिगाड़ सकता है। ऐसे में 2024 का लोकसभा चुनाव पिछड़े वर्ग की उप जातियों की राजनीति करने वाले इन दलों का लिटमस टेस्ट भी साबित होने वाला है। दरअसल इन पार्टियों के आक्सीजन पाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि पूर्वांचल में जातियों का चक्रव्यूह ऐसा है कि कोई भी बड़ा दल चाहकर भी अपने कोर वोटर को सहेज कर नहीं



अनुप्रिया पटेल।



ओप्रकाश राजभर।



संजय चौहान।



संजय निषाद।

सख सकता है। अधिकतर मौकों पर किसी भी बड़े दल के कोर वोटर तभी तक उसके साथ खड़े दिखाई देते हैं, जब तक उनकी जाति का प्रत्याशी होता है। अगर दलीय प्रत्याशी किसी और जाति का हुआ तो मुकाबले में खड़े अपनी जाति के प्रत्याशी के लिए उनका दिल मचलने लगता है। अपना दल (एस) को कुर्मी, निषाद पार्टी को मल्लाह और केवट, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को राजभर तो जनवादी पार्टी को लोनिया (चौहान) वोट बैंक की राजनीति करने वाले दलों के रूप में गिना जाता है। इनमें अपना दल को यादवों के बाद कुर्मी जाति को प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी ओबीसी जाति होने के कारण सबसे बड़ा दल माना जाता है। अपना दल (एस) विधानसभा में तीसरा सबसे बड़ा दल भी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उसके 13 उम्मीदवार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) को दो सीटें मिली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) के साथ बाकी तीन दल भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं।

ऐसे में समाजवादी पार्टी जिसका मुख्य आधार भी ओबीसी में ही है, के मुखिया अखिलेश पटेल ने हर सीट पर ओबीसी उपजाति में गैर यादव वोट बैंक देखते हुए जातीय समीकरण को वरीयता देकर भाजपा के लिए कांटे बिछा दिए थे। सपा ने पीडीए के तहत पूर्वांचल में 10 से अधिक गैर यादव ओबीसी प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे दिए थे। पार्टी ने केवल तीन टिकट ही अगड़ी जाति के लोगों को मौका दिया है। कांग्रेस ने भी पूर्वाचंल में अपने हिस्से में आई चार सीटों पर एक दलित, एक ओबीसी और दो अगड़ी जाति के लोगों को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह बसपा ने कई सीटों पर अगड़ी जाति तो कई सीटों पर भाजपा या सपा प्रत्याशी की जाति वाले ही उम्मीदवार उतारकर अपनी जातीय व्यूह रचना कर दी थी। यही कारण रहा कि भाजपा को मतदान के दो दिन पहले तक जातीय गोलबंदी के समीकरण में जुटना पड़ा। एक-एक सीट पर ऐसा संघर्ष हुआ है कि नारद राय और राम इकबाल सिंह जैसे नेताओं को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भाजपा में शामिल कराने के लिए प्रयास करने पड़ गए।

### इसलिए चौहान और राजभर की पड़ी जरूरत

घोसी में लोनिया और राजभर वोटर की संख्या काफी है। राजभर उम्मीदवार उतार कर भाजपा ने 2014 में पहली बार कमल खिलाया था। इस बार भी सुभासपा से अरविंद राजभर मैदान में हैं। बसपा ने चौहान जाति के बालकृष्ण को उतारा तो भाजपा ने तुरंत जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के संजय चौहान को साध लिया। चौहान जाति का दबदबा बलिया, चंदौली, गाजीपुर, सलेमपुर, देवरिया में भी है। घोसी की घोसी और मधुबन विधानसभा में चौहान जाति निर्णायक भूमिका में है। सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर की भाजपा को जरूरत इसलिए रही क्योंकि राजभर मतदाता गाजीपुर, वाराणसी, बलिया, सलेमपुर में बड़े पैमाने पर हैं। कुर्मी मतदाता मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, राबर्ट्सगंज में जीत में तय करते हैं।

## सार-संक्षेप

### प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**बिजनौर,एजेंसी :** जिले में मेरठ—पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आदमपुर गांव का निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुशील कुमार बुधवार रात अपनी दुकान पर था तभी पैदल आए दो नकाबपोश बदमाश उसकी कनपटी पर गोली मारकर फरार हो गए। कुमार को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आस—पास लगे सीसीटीवी की फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। जांच जारी है।

### फतेहपुर में पुलिस मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर,एजेंसी :** फतेहपुर के खखरेरू क्षेत्र में गुरूवार तड़के हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग आते दिखे। पुलिस ने उनको रूकने का इशारा किया लेकिन वह भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तब बदमाशों ने पुलिस पर गोलिया चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ गोलीयां चलाई जिससे तीनो मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। दो के पैर में गोली लगी जबकि तीसरा भागने का प्रयास करते समय पकड़ा गया। उन्होंने अपना नाम तकसीर, जीसान और आसिफ बताया। तकसीर और जीसान खाका थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जबकि आसिफ सुल्तानपुर घोष का निवासी है।

### एसटीएफ ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ की मेरठ इकाई ने गाजियाबाद में एक हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को लोनी डिपो से गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा था। एसटीएफ के एएसपी वृजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती 5 मई को राहुल उर्फ रामबाबू निवासी गाजियाबाद ने विक्रम मावी निवासी टीला शहवाजपुर के ऊपर धारदार हथियार से हमला करके हत्या करने का प्रयास किया था। इस घटना में विक्रम मावी बाल-बाल बच गए थे। बाद में बीती 11 मई की रात्रि राहुल ने घात लगाकर पाइपलाइन रोड के पास विक्रम मावी की हत्या कर दी। गुरुवार को पता चला कि राहुल लोनी डिपो के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। इसी दौरान वहां पहुंचकर उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

### अधिकारियों व कर्मियों की होगी क्षमता वृद्धि

**लखनऊ, अमृत विचार :** आप अपने ही काम को और कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं, इसको लेकर कर्मियों और अधिकारियों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। पहले चरण की कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी की ओर से विभिन्न कोर्स और स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया गया। समाज कल्याण निदेशायल में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को और अधिक ऊर्जावान बनाने के लिए क्षमता विकास को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने कर्मियों और अधिकारियों को स्किल डेवलपमेंट के गुर बताए।

### योगी को अपशब्द कहने वाले को जेल भेजा

**बहराइच, एजेंसी :** जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक ने बीती रात अपनी मूंछों पर ताव देते हुए मुख्यमंत्री को अपशब्द कहे। गुरुवार को वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिदरखा निवासी सत्यम सोनी ने बीती रात कुछ लोगों के सामने वीडियो बनवाया। इसमें सत्यम ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द कहे। वहां मौजूद लोगों ने अपशब्द कहने पर हंसी भी उड़ाई। इसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि सत्यम सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# चौथी की छात्रा से रेप में डांस टीचर को 20 साल की कैद

## वर्ष 2016 में स्कूल परिसर में वारदात को दिया था अंजाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे 13 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 50 हजार जुर्माना भी



**अमृत विचार :** किदवई नगर स्थित स्कूल में डांस सिखाने के बहाने कक्षा चार की छात्रा से रेप करने वाले डांस टीचर को एडीजे 13 की कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। मई 2016 में टीचर ने छात्रा को बुलाकर एक्टिविटी हॉल में वारदात को अंजाम दिया था। घर लौटने पर पीड़िता ने परिजनों को बताया था। जिस पर परिजनों ने नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि उनकी बेटी किदवई नगर के ब्लॉक स्थित मदर टेरेसा में कक्षा चार की छात्रा थी। तीन मई 2016 को बेटी स्कूल गई थी, जहां गुजैनी निवासी डांस टीचर किशन राठौर बेटी की क्लास में गया और डांस सिखाने के बहाने एक्टिविटी हॉल में छात्रा को ले गया। जहां टीचर ने उसके साथ रेप किया। डरी सहमी छात्रा ने घर लौटने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने नौबस्ता थाने में किशन राठौर के खिलाफ रेप व पॉक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। मामला एडीजे 13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि मामले में पीड़िता के पिता, पीड़िता समेत सात गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने आरोपी डांस टीचर को दोषी पाते हुए 20 साल का कारावास व 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

## ट्यूबवेल के पानी में करंट उतरने से किशोर की मौत

**फतेहपुर, एजेंसी :** जिले में एक किशोर दोस्तों के साथ खेलते-खेलते ट्यूबवेल पर पहुंचकर नहाने लगा। इस दौरान अचानक टंकी में उतरे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। थरियांव थाना क्षेत्र के सुखपुर गांव निवासी सूरजभान का 14 वर्षीय बेटा साजन गुरुवार सुबह पड़ोस में रहने वाले अपने दो दोस्तों के साथ खेलने गया था। इस दौरान गांव किनारे जैसे ही बच्चे पहुंचे तो वहां चल रहे नलकूप को देखकर साजन नहाने लगा। नहाते समय अचानक टंकी के भरे पानी में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से साजन चीख कर तड़पने लगा। यह देख आसपास खेतों में काम कर रहे मजदूर दौड़कर मौके पर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन साजन को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आजम के भड़काऊ भाषण मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकार्ड तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान संवैधानिक पदों पर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए लोगों को भड़काने तथा अधिकारियों को उकसाने, निर्वाचन आयोग और वर्तमान मुख्यमंत्री के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में सपा नेता आजम खान के मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड तलब किए हैं।

अपर महाधिवक्ता ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा है। कोर्ट ने महाधिवक्ता का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामले को आगामी 5 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मोहम्मद आजम खान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर के धमौरा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आजम खान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियों के साथ ही उच्च पदासीन अधिकारियों के विरुद्ध अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए व्यक्तिगत आक्षेप किये, जिससे वे उत्तेजित हो जाएं। इसके साथ ही आजम खान ने चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लगाए गए वीडियोग्राफर के कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न किया। निर्वाचन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाए गए सुरक्षा बलों तथा पुलिस के विरुद्ध भी भड़काऊ भाषण दिया।

## बंद इकाइयां चालू न होने से बिजली संकट बरकरार

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

- समय पर बिजली आपूर्ति बहाल करें अधिकारी: आशीष गोयल

अमृत विचार : बंद इकाइयों के चालू न होने से प्रदेश में गुरुवार को भी बिजली संकट बना रहा। अधिकतम बिजली की मांग 29,077 मेगावाट दर्ज हुई। इस बीच, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति का जायजा लिया।

भारी मांग के कारण ठप हुई अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे, पर देर रात तक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। हालांकि, बिजली अभियंता इकाइयों के चालू कर लिये जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, ओबरा बिजलीघर की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि जहां कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित हो, वहां के उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों व मीडिया को जानकारी उपलब्ध कराई जाय। समय पर बिजली आपूर्ति बहाल करें। उपभोक्ता सेवा 1912 पर भी इसकी सूचना दी जाय। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत आदि अधिकारी शामिल थे।

## अवैध खनन के दौरान घड़े में मिले मुगल कालीन सिक्के

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** मेंहदावल तहसील क्षेत्र के बेलहर थानाक्षेत्र अंतर्गत लोहरौली मिश्र गांव में जेसीबी मशीन से अवैध खनन के दौरान एक मिट्टी के बर्तन में रखे सैकड़ों की संख्या में मुगल कालीन चांदी जैसी धातु के सिक्के बरामद हुए हैं। ग्रामीणों में सिक्के लूटने की होड़ मच गई। देखते ही देखते अधिकांश सिक्के ग्रामीण लूट ले गए। जैसे ही यह जानकारी तहसील प्रशासन को हुई। तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर 168 सिक्के बरामद कर लिया। शेष सिक्कों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। बरामद सिक्कों को पुरातत्व विभाग को सौंपने की तैयारी है।

गुरुवार को मेंहदावल तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बेलहर थानाक्षेत्र के



खेत में घड़े के अंदर मिले मुगल कालीन सिक्के।

लोहरौली मिश्र गांव में सुबह अंकित मिश्रा के खेत में भट्ठा मालिक बहाउद्दीन के द्वारा बिना किसी अनुमति के जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। इसी दौरान खेत मे मिट्टी का घड़ा मिला। घड़े में मुगलकालीन शासकों के चित्र बने चांदी के सिक्के भरे थे। सिक्कों पर अरबी और फारसी भाषा के शब्द लिखे थे। सिक्के मिलने की खबर गांव में आग की तरह फ़ैल गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों में सिक्के लूटने की होड़ मच गई। जेसीबी चालक तबरेज और चार ट्रैक्टर चालकों ने तमाम सिक्के समेट लिये। इसी गांव के निवासी दिवाकर मिश्र 80 सिक्के अपने साथ उठा ले गए। तहसील प्रशासन के पहुंचने पर उन्होंने महज नौ सिक्के वापस किया। कलावती पत्नी राम सांवर भी दर्जनों सिक्के ले गयी थीं। उन्होंने सिर्फ पांच सिक्के ही वापस लौटाया। 20 से ज्यादा अज्ञात लोग भी सिक्के ले गए हैं। उनमें से किसी ने भी सिक्के वापस नहीं लौटाया है। तहसील प्रशासन को मौके से महज 168 सिक्के ही मिले हैं। बरामद सिक्कों को सील करके पुरातत्व विभाग को सौंपने की तैयारी की जा रही हैं। पूरे मामले की वृहद जांच पुरातत्व विभाग के द्वारा की जाएगी। चांदी के सिक्कों पर फारसी व उर्दू शब्दों में मुगल बादशाह के नामों का उल्लेख है। यह सिक्के लगभग 500 वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं।

## प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपियों पर लगेगा गैंगेस्टर जब्त होंगी संपत्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रही है। मामले में अब तक गिरफ्तार हुए करीब 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है।

आरोपियों के द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गईं संपत्तियों को भी जब्त करने का निर्णय लिया गया है। मालूम हो कि दोनों परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में अब तक 250 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस मामले में 16 आरोपी मास्टर माइंड श्रेणी के हैं, जिन्हें एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अब इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी है। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से 100 आरोपी ऐसे पाए गए हैं, जो प्रश्नपत्र लीक करने की योजना में भी शामिल थे। इनके खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। अभी करीब 150 आरोपी और ट्रेस किए गए हैं।

## राममंदिर निर्माण कार्य के समय में हुआ बदलाव

**अयोध्या, अमृत विचार :** निर्माणाधीन राम मंदिर के कार्य पर भी गर्मी का असर पड़ रहा है। निर्माण कार्य में बदलाव कर दिया गया है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप के कारण कार्यों को बंद कर दिया गया है। अब सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम 4 से देर रात तक ही कार्यों को किया जा रहा है। प्रथम तल का कार्य पूरा होने के बाद द्वितीय तल पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही शिखर निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। मंदिर की परिधि में बन रहे परकोटा का कार्य प्रगति पर है। जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडपम, शेषवतार मंदिर का कार्य भी चल रहा है।

## मदरसे में रखने, धर्मांतरण कराने वाले आरोपी को जमानत से इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़के को बहला-फुसलाकर जबरन धर्मांतरण करने के उद्देश्य से मदरसे में रखने के आरोपी मौलवी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने मौलवी को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ विशेष आरोप है और पीड़ित ने भी सीआरपीसी की धारा 161 के तहत अपने बयान में उसके खिलाफ आरोपों का समर्थन किया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने मौलवी सैयद शाद काजमी उर्फ मोहम्मद शाद की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। हालांकि याची के अधिवक्ता का तर्क है कि उसे झूठे आरोपों के आधार पर फंसाया गया है। कथित पीड़ित मानसिक रूप से विक्षिप्त था। याची ने उसे कभी भी धर्मांतरण के लिए विवश नहीं किया। दूसरी ओर सरकारी व्यवस्था ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि याची मस्जिद में मौलवी है, जिसने न केवल शिकायतकर्ता के मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग बेटे को अपना धर्म बदलने के लिए बहलाया बल्कि उसे बदलने के लिए जबरन मदरसे में भी रखा और उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। अंत में कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

## वर्ग पहेली-86

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।
3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।
5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।
6. 1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।
8. 1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।
2. 1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।
4. बादशाह, सम्राट।
5. 1. वहन करना, ले जाना 2. हवा
7. 1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।



### वर्ग पहेली -85 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | | | 2 प |
| | | | | 3 फ | फो | ला |
| | | 4 ढौं | | ड़ | | |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | | 7 आ |
| | टा | | | ना | | द |
| | य | | | | | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

## साइबर अपराधियों के निशाने पर आईएएस अफसरों की फेसबुक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख सचिव नमामि गंगे और विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म हुए शिकार

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों के निशाने पर आईएएस अफसरों की फेसबुक आईडी है। राजधानी में तैनात दो आईएएस अफसर इसके शिकार हुए हैं। जालसाजों ने दोनों की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर परिचितों से रकम की मांग की है। शिकार हुए अफसरों में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव और विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विजय कुमार शामिल है। दोनों अधिकारियों ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

**परिचितों को मैसेज भेज मांगे रुपये :** भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के विशेष सचिव विजय कुमार के नाम से साइबर जालसाजों ने फर्जी फेसबुक आईडी बना ली। विशेष सचिव ने साइबर क्राइम थाने की पुलिस को बताया कि 23 मई की रात को फर्जी फेसबुक आईडी से उनके कई मित्रों व परिचितों को मैसेज किया गया। जिसमें इमरजेंसी बताकर रुपये की मांग की गई। यह रुपये उनके नाम पर मांगे गए। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि फर्जी फेसबुक के माध्यम से कोई आपराधिक घटना को अंजाम दिया जा सकता है। वहीं, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव के नाम का फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर साइबर जालसाजों ने वसूली करने का प्रयास किया है। इस मामले में विनम्रखंड निवासी राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन आईटी सेल के प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

## सुडोकू -165

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| | 8 | | | 9 | | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 1 | | | | | 8 |

### सुडोकू -164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 09.38 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 06.14 तक तत्पश्चात पूर्वाभाद्रपद 01 जून 04.48 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज आप अपने खर्चों का प्रबंधन करने का प्रयास करेंगे। यद्यपि आप व्यापार में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल हो सकता है। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। आप किसी फाइनेंशियल मामले को सुलझाने में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** — आज कानूनी मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। विवाह से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए दिन शुभ है। कई दिनों से जिस मामले को लेकर आप अनिर्णय की स्थिति से जूझ रहे थे, उस पर आप महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज यदि आपने किसी से कर्ज लिया है तो उसे लेकर भी विवाद होने की आशंका है। आपको किसी से भी झगड़ने से बचना चाहिए। सावधान होकर परिस्थितियों का आकलन करें,शीघ्र ही आपको सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।

**कर्क** — आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से शुभ नहीं है। धन को लेकर परेशानियां भी साथ में जुड़ सकती हैं। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। बाहर के और अशुद्ध खानपान से बचें। उल्टी-दस्त की शिकायत होने की आशंका है। लोग आपको गलत समझ सकते हैं।

**सिंह** — आज जॉब कर रहे लोग अपनी पदोन्नति को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर सकते हैं। युवा प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय में नए प्रयोग की योजना बना सकते हैं। आपके काम से कई लोग प्रभावित रहेंगे।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की डांट खानी पड़ सकती है। सरकारी कार्यों में कुछ रुकावट संभव है। उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनावश्यक दबाव डालने का प्रयास कर सकते हैं,किंतु आप समझदारी पूर्वक काफी समस्याओं को सुलझा भी लेंगे।

**तुला** — आज गूढ़ विद्याओं से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आपको स्वप्न के माध्यम से भविष्य के संकेत मिल सकते हैं। किसी उधार को चुकता करने के लिए दिन उत्तम है। आप नई और रोचक विषयों पर जानकारी लेने को उत्सुक रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यवसाय में धन लाभ होगा। इसके बावजूद आपको कुछ मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम नहीं मिल रहा है।

**धनु** — आज गुप्त शत्रुओं की पहचान करने में सफलता मिलेगी,जो कार्य किसी कारणवश रुक गए थे,उनकी वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

**मकर** — आज घर बदलने का विचार कर सकते हैं। आय बढ़ाने के नए विकल्पों की खोज कर सकते हैं। दार्शनिक विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। आप संतान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन आपकी चिंता का समाधान अवश्य ही हो जाएगा।

**कुंभ** — आज नया घर खरीदना चाह रहे हैं तो इच्छानुसार डील मिल सकती है। मित्रों की सहायता कर सकते हैं। आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। पुराने निवेश का आपको लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** — आज लोगों से सोच-समझकर ही बातें करें। आध्यात्मिक चर्चाओं से मन शांत होगा। व्यापारियों को अपनी दुकान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। अनावश्यक यात्राओं पर जाना पड़ सकता है। गले में दर्द और जुकाम की शिकायत हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- दरार — सुबह : 10.03
- अरुंधती — दोपहर : 03.04

**&pictures**
- पार्टनर — सुबह : 11.06
- थलाइवी — रात : 08.00

**Sony Pix**
- ग्रान टूरिस्मो — सुबह : 10.59
- स्पाइडर-मैन 2 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- जिस्म — सुबह : 11.10
- तारे जमीन पर — रात : 07.15

**Colors Cineplex**
- डुप्लीकेट — सुबह : 10.49
- भेड़िया — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू- मैं यहां नहीं रहूंगा! इतना छोटा सा कमरा न तो कोई खिड़की है और न बाथरूम! मुझे मेरे पैसे वापस चाहिए
वेटर- लेकिन सर ये तो
संता- नहीं-नहीं, मुझे पैसे वापस दे दो।
वेटर- अबे गंवार ऊपर रूम में तो चल, यह तो लिफ्ट है।

पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति- शायद मैं भी मर जाऊं
पत्नी- क्यों?
पति- कभी-कभी ज्यादा खुशी भी जानलेवा होती है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। जबकि चांदी अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी की कीमत 1,100 रुपये टूटकर 96,000 रुपये प्रति किग्रा रह गई। बुधवार को चांदी 97,100 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी।

### इंडिगो ने छह लोगों ड्यूटी से हटाया

नई दिल्ली। विमानन सेवा इंडिगो ने दिल्ली-वाराणसी उड़ान में बम की अफवाह के बाद 176 यात्रियों को विमान से निकाले जाने के मामले में दो पायलटों समेत छह चालक दल सदस्यों को ड्यूटी से हटा दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इंडिगो की दिल्ली-वाराणसी उड़ान में 28 मई को बम की धमकी मिली थी जो जांच में झूठी पाई गई।

# 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

## आरबीआई ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट, मुद्रास्फीति में कमी आने की जताई उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। केंद्रीय बैंक ने 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कुल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने का संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशील बनी रहेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह पाकिस्तान के कुल सकल घरेलू उत्पाद (करीब 340 अरब अमेरिकी डॉलर) का करीब 2.5 गुना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया। जीडीपी वृद्धि को बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामकीय तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय परिवेश से जूझ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की अच्छी स्थिति में है।

### बीते वित्त वर्ष बैंकों में बढ़े धोखाधड़ी के मामले

बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के मामले बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बढ़कर 36,075 रहे। हालांकि, इस दौरान धोखाधड़ी वाली राशि 46.7 प्रतिशत घटकर 13,930 करोड़ रुपये रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी में शामिल राशि 13,930 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 26,127 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी के मामलों की संख्या 36,075 हो गई, जो एक साल पहले 13,564 थी। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और भुगतान अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नये अधिनियम डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण कानून, 2023 के अनुपालन के तहत वास्तविक रूप से कोष अंतरण से पहले भुगतान प्राप्त करने वाले के नाम की वास्तविक समय पर सत्यापन की संभावना टटोली जाएगी।

### एमएसपी ने उत्पादन लागत पर 50% का न्यूनतम मुनाफा किया सुनिश्चित

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि 31 मार्च 2024 तक खाद्यान्नों का समग्र सार्वजनिक भंडारण कुल तिमाही भंडारण मानक का 2.9 गुना था। सरकार ने 29 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की योजना को एक जनवरी 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। रिपोर्ट में कहा कि असमान तथा कम दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा के साथ ही अल नीनो की स्थिति के मजबूत होने से कृषि और संबद्ध गतिविधियों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

## कांग्रेस हमेशा विकास के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त मंत्री सीतारमण ने पोस्ट में विपक्षी पार्टी पर लगाया आरोप



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराने तथा केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किए गए इंसोल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड (आईबीसी) से पहले वित्तीय कॉर्पोरेट संकट की कार्यवाही कानूनों के एक टुकड़े द्वारा शासित होती थी, जिससे समस्याएँ सुलझने के बजाय और बिगड़ जाती थीं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माल एवं वस्तु सेवा कर (जीएसटी) की तरह कांग्रेस आम सहमति बनाने और सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक पूंजी खर्च करने के वास्ते उत्सुक नहीं थी। कांग्रेस हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराती रही है और केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करती रही है। उन्होंने कहा कि इंसोल्वेंसी कानून लागू करने की सख्त जरूरत के बजाए संप्रग सरकार ने जानबूझकर बैंकों और परिचालन ऋणदाताओं की कीमत पर अपने साथियों को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश की।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,550 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,200-55,400 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,300। |

## भीषण गर्मी के साथ बिजली की मांग 250 गीगावाट पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 250 गीगावाट पर पहुंच गई है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

गर्मी से राहत के लिए घरों एवं दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति बृहस्पतिवार को 250 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही, जो अभी तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इससे पहले बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग इस सत्र में 246 गीगावाट के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश भर में गैर-सौर ऊर्जा की मांग भी 29 मई को 234.3 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह मांग भीषण गर्मी, बढ़ती औद्योगिक और आवासीय बिजली खपत के संयुक्त प्रभाव को दर्शाती है। बृहस्पतिवार को उत्तरी क्षेत्र ने भी 86.7 गीगावाट की मांग पूरी की, जो सर्वकालिक उच्च स्तर है।

### आरबीआई के लाभांश से जमा दरों पर दबाव कम होने की संभावना

**नई दिल्ली।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक से मिलने वाले 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को अगर सरकार खर्च करती है तो नकदी दबाव कम होने और बैंकिंग प्रणाली की जमा दरों में कमी आने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि रिजर्व बैंक का बड़ा लाभांश केंद्र सरकार की राजकोषीय स्थिति को बेहतर करेगा, जिससे अतिरिक्त खर्च या राजकोषीय सशक्तीकरण या दोनों का ही मिला-जुला रूप देखने को मिल सकता है। हालांकि, जमा वृद्धि के मामले में बैंकों के लिए संरचनात्मक चुनौतियां जारी रहेंगी।

## एफडीआई प्रवाह 3.49% घटकर 44.42 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त वर्ष 2023-24 के सरकारी आंकड़ों से हुआ खुलासा



भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इक्विटी प्रवाह 2023-24 में 3.49 प्रतिशत घटकर 44.42 अरब डॉलर रहा है। सेवा, कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मोटर वाहन और औषधि जैसे क्षेत्रों में कम निवेश के कारण यह गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई प्रवाह 46.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में प्रवाह 33.4 प्रतिशत बढ़कर 12.38 अरब डॉलर हो गया। 2022-23 की इसी तिमाही में यह 9.28 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई 2023-24 में मामूली रूप से एक प्रतिशत घटकर 70.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2022-23 में यह 71.35 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में एफडीआई प्रवाह में 22 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है। एफडीआई प्रवाह वित्त वर्ष 2021-22 में सर्वाधिक 84.83 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश में वृद्धि हुई है। क्षेत्रवार बात की जाए, तो सेवा, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, व्यापार, दूरसंचार, मोटर वाहन, औषधि और रसायन में प्रवाह में कमी आई है।

# राष्ट्रीय

# गठबंधन की सरकार कृषि ऋण करेगी माफ

## ओडिशा की चुनावी रैली में बोले राहुल, हमने संविधान को बचाने का लिया है संकल्प

**बालासोर (ओडिशा), एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीर योजना के जरिए जवानों को मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में ओडिशा के लोगों का अपमान किया, जब उसके एक नेता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।

गांधी ने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर खाद्यान्न पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी जामा पहनाया जाएगा, कृषि ऋण को माफ किया जाएगा और अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा। गांधी ने यहां जनसभा से इतर संवाददाताओं से कहा-हम अग्निवीर योजना को खत्म करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जवानों को मजदूर बना दिया है। हम जवानों को फिर से सैनिक बना देंगे। उन्होंने कहा कि सभी जवानों को पेंशन, कैंटीन सुविधाएं मिलेंगी और उनकी मृत्यु की स्थिति में शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने बीजू जनता दल (बीजद) पर भाजपा के साथ साझेदारी में काम करने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ मानहानि के 24 और आपराधिक मामले दायर किए हैं।

### इंडिया गठबंधन 48 घंटे के भीतर करेगा प्रधानमंत्री का चयनः जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और नतीजों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान से पहले, प्रचार के आखिरी दिन दिए साक्षात्कार में रमेश ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही पार्टी अगली सरकार के नेतृत्व के लिए स्वाभाविक दावेदार होगी। उनका यह भी कहना था कि इंडिया जनबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ घटक भी इस गठबंधन में शामिल हो सकते हैं, हालांकि कांग्रेस आलाकमान को यह तय करना होगा कि उन्हें गठबंधन में शामिल किया जाए या नहीं।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दो आतंकवादी सहयोगियों को लगाया जीपीएस डिवाइस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को अनंतनाग जिले में दो आतंकवादी सहयोगियों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकिंग डिवाइस लगाया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदालत के आदेशानुसार, अनंतनाग पुलिस ने आज गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में जमानत पर रिहा किये गये आतंकवादी सहयोगियों पर जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाया, जिससे पता लगाया जा सके कि वे कहीं जमानत शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपियों को 2018 में थाना डूरू में यूएपीए अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन्हें न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## ई-रिक्शा चालक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली में 26 मई को हुई थी वारदात, आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय राजधानी में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा 25 वर्षीय महिला को कथित तौर पर नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मामले में उत्तर दिल्ली के कोतवाली इलाके से आरोपी मोहम्मद उमर (24) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 26 मई को कोतवाली पुलिस थाने को डकैती की घटना की पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। वहां पर महिला घायल अवस्था में मिली और उसका खून बह रहा था। महिला का तीन साल का बेटा बगल में बैठा था। उन्होंने कहा कि महिला मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और चिकित्सा परीक्षण कराया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ बिहार से पंजाब अपने पति से मिलने जा रही थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को महिला ट्रेन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन उतरी और सदर बाजार गई। जब वह सदर बाजार से रेलवे स्टेशन लौट रही थी तो ई-रिक्शा चालक ने कथित तौर पर उसे पेय पदार्थ की पेशकश की जिसे पीकर वह बेहोश हो गई। मीणा ने बताया-महिला के बयान के मुताबिक रिक्शा चालक उसे सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बीडीपीओ सहित छह लोग निलंबित

**चंडीगढ़।** गुरदासपुर लोक सभा सीट के अंतर्गत फतेहगढ़ चूड़ियां में चुनाव आचार संहिता की उल्लंघनाओं की शिकायतें मिलने के बाद गुरदासपुर के रिटर्निंग अफ़सर-कम-ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने फतेहगढ़ चूड़ियां के ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) परगट सहित, कुलजिन्दर सिंह ग्राम विकास अधिकारी, मेजर सिंह पंचायत सचिव, विलियम मसीह, सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह सभी ग्राम रोज़गार सेवकों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक की शिकायत मिली थी कि एक सरकारी पार्क में इंटरलाकिंग टाइलें लगवाईं जा रही हैं जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।

## एक नजर

### झारखंड के मंत्री को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**रांची।** रांची की एक पीएमएलए अदालत ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को कथित धन शोधन मामले में दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आलम को एक जून को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। मंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मई को एजेंसी के कार्यालय में दो दिन तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा-14 दिन की ईडी रिमांड बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। न्यायिक हिरासत के लिए अनुरोध किया गया और इसे मंजूर कर लिया गया।

### छत्तीसगढ़ में 16 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग स्थानों से 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बीजापुर और उसूर थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाइयों में 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि बीजापुर कोतवाली थाने के जवानों ने गोरना-पड़ियापारा से 11 तथा उसूर थाना क्षेत्र में पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

## पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट से तीन लोगों की मौत, 33 घायल

**पुरी/भुवनेश्वर, एजेंसी**

- मुख्यमंत्री पटनायक ने प्रशासनिक स्तर की जांच के दिए आदेश

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार रात हुए पटाखा विस्फोट की प्रशासनिक स्तर की जांच के आदेश दिए और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जांच राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा की जाएगी, जो विशेष राहत आयुक्त भी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-एक लड़के की कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दो अन्य की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पिनाक मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे। अचानक जलते हुए पटाखों का एक टुकड़ा भंडार में जा गिरा, जिससे विस्फोट हो गया।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार सुबह घायलों से मिलने के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों से बात की और उन्हें वहां इलाज करा रहे घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना, खुर्दा जिलाधिकारी चंचल राणा और स्वास्थ्य सचिव शालिनी पंडित घायल लोगों के इलाज की जानकारी लेने के लिए बुधवार देर रात अलग-अलग अस्पताल पहुंचे। जेना ने 'एक्स' पर कहा-विभिन्न अस्पतालों में भर्ती 36 मरीजों में से छह को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, तीन को मृत घोषित कर दिया गया और 27 का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि घायल लोगों को पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## काला जादू के संदेह में पीट-पीटकर व्यक्ति की हत्या

**रांची, एजेंसी**

- रांची में महिलाओं ने की थी पिटाई, पांच गिरफ्तार

झारखंड में रांची जिले के एक गांव में काला जादू करने के संदेह में महिलाओं के एक समूह ने 60 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पांच महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार की गईं सभी महिलाओं की उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच है। अनगड़ा पुलिस थाने के प्रभारी चमरा मिंज ने बताया-बालेश्वर उरांव नामक बुजुर्ग व्यक्ति को काला जादू करने के संदेह में महिलाओं ने डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने उसकी पत्नी इतवारी देवी के साथ भी मारपीट की। यह घटना रांची से करीब 25 किलोमीटर दूर अनगड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत जारगा तेतरटोली गांव में मंगलवार शाम को हुई, जब पीड़ित कथित तौर पर एक पड़ोसी के घर में घुस गया और सो रही लड़की के पास जाकर उस पर काला जादू करने लगा। मिंज ने बताया कि लड़की के चिल्लाने पर गांव की महिलाएं वहां जमा हो गईं और उसके साथ मारपीट करने लगीं। जब उसकी पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो महिलाओं ने उसे भी पीटा।

## बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति में गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति में कहा गया, " पश्चिम बंगाल में अधिकार प्राप्त समिति ने राज्य से प्राप्त आवेदनों के पहले सेट को बुधवार को नागरिकता प्रदान कर दी। दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि सीएए केवल भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है। जो शरणार्थी दूसरे देशों में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर आये हैं।" हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी बुधवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले समूह को नागरिकता प्रदान की है।

### ईडी ने शाहजहां शेख के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले की जांच के तहत पश्चिम बंगाल के निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और दो कथित सहयोगियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया है। यह जानकारी जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को दी। अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य लोगों में एसके आलमगीर (शाहजहां के भाई) के अलावा शिब प्रसाद हाजरा और दीदार बोक्श मोल्ला शामिल हैं। कोलकाता में पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

## ईडी ने मनोरंजन कंपनी की 290 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**धन शोधन का मामला**

प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने धन शोधन की जांच के तहत नोएडा के लोकप्रिय जीआईपी मॉल सहित अन्य स्थलों पर मनोरंजन सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंपनी की 290 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड कंपनी पर आरोप है कि उसने गुरुग्राम के सेक्टर 29 और 52-ए में दुकानों/अन्य जगह के आवंटन का वादा करके लगभग 1,500 निवेशकों से 400 करोड़ रुपये से अधिक इकट्ठा किया है। इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड, इंटरनेशनल रिक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएएल) की होल्डिंग कंपनी है। हालांकि, उक्त इकाई परियोजना को पूरा करने में विफल रही और समय-सीमा खत्म हो गई। उसने आरोप लगाया कि निवेशकों को मासिक सुनिश्चित रिटर्न (लाभ) का भुगतान नहीं किया गया। बयान में कहा गया कि कंपनी ने "निवेशकों के पैसे हड़प लिए और संबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं के पास धन को जमा कर दिया जिसका इस्तेमाल अपने निजी लाभ के लिए किया गया है।

### सरकारी जमीन पर अवैध धार्मिक स्थल की नहीं दी जाएगी अनुमति

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर किसी भी अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए फिर चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है और श्रद्धालुओं के शरीर, उनके घर सहित हर जगह मौजूद है। न्यायमूर्ति पी. वी. कुन्हीकृष्णन ने कहा-इसलिए ईश्वर में आस्था रखने वालों को धार्मिक संरचनाओं के निर्माण के लिए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने की आवश्यकता नहीं है। इसे भूमिहीन लोगों में वितरित किया जाना चाहिए और मानव जाति के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए। ऐसा करने से ईश्वर ज्यादा खुश होंगे और सभी को आशीर्वाद देंगे। केरल प्लांटेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अदालत में एक याचिका दाखिल कर राज्य सरकार, पुलिस और पथनमथिट्टा जिला अधिकारियों को संस्थान को पट्टे पर दी गई संपत्तियों की पहचान करने और वहां से सभी अतिक्रमणकारियों को हटाने का निर्देश देने की मांग की थी, जिसपर उच्च न्यायालय ने यह निर्देश और टिप्पणियां कीं।



## दिग्गज बल्लेबाज रनों और स्ट्राइक रेट में रहे अव्वल, रोहित-विराट और वॉर्नर ने खेली हैं कई अहम पारियां

# इनके बल्ले से रन बरसे...

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में क्रिकेट महज खेल नहीं है यह भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा है। क्रिकेट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखना शायद ही किसी को पसंद न हो। सभी चाहते हैं कि टी-20 मुकाबले में बड़ा स्कोर बोर्ड पर लगे ताकि प्रतिद्वंद्वी टीम को भी लक्ष्य पाने के लिए मशक्कत करते देखा जा सके। कुल मिलाकर एक रोमांचक मैच देखने को मिले।

क्रिकेट के खेल में मुख्य आकर्षण अगर बल्लेबाजी को कहें तो यह गलत नहीं होगा। टी-20 विश्वकप की शुरुआत से हम महज एक कदम दूर हैं कल से विश्वकप का यह संग्राम शुरू हो जाएगा। चार ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 20 टीमें आपस में भिड़ती दिखेंगी। नौवें टी-20 विश्व कप से पहले अब तक ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों की सूची पर एक नजर डालते हैं।

● टी-20 विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज में भारत के दो स्टार शामिल हैं वहीं कुछ बल्लेबाजों ने अपने दम पर टीम को खिताब जीतने में भूमिका निभाई है।



### 1. विराट कोहली

**1,141 रन**

किंग कोहली के सिवाय कौन नंबर वन हो सकता है। अब तक पांच सत्रों में वह एक हजार से अधिक रन बना चुके हैं। दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उन्हें टी-20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार करती है। उन्होंने 2014 टी-20 विश्व कप में 319 रन बनाए जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा 2016 में 296 रन बनाए।

### 2. महेला जयवर्धने

**1,016 रन**



अब क्रिकेट से विदा ले चुके जयवर्धने पूर्व चैंपियन श्रीलंका की सफलता की कुंजी रहे। उन्हें पांचों सत्रों में अच्छे रन बनाए।

### 3. क्रिस गेल

**965 रन**



क्रिकेट के इतिहास के सबसे मनोरंजक बल्लेबाजों में से एक गेल टी-20 क्रिकेट में सबसे विध्वंसक बल्लेबाज माने जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके गेल का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। वह 2012 में वेस्टइंडीज की खिताबी जीत के सूत्रधार थे।

### 4. रोहित शर्मा

**963 रन**



मौजूदा भारतीय कप्तान ने पारी की शुरूआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। बड़ी पारियां बनाने और शीर्ष क्रम को स्थिरता देने की उनकी काबिलियत भारत की सफलता के लिए अहम है। उन्होंने सभी सत्रों में खेलकर 963 रन बनाए जिनमें 91 चौके जड़े।

### 5. तिलकरत्ने दिलशान

**897 रन**



2009 विश्व कप में सर्वाधिक 317 रन बनाने वाले दिलशान आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर रहे हैं। अब खेल से विदा ले चुके दिलशान श्रीलंका की बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं।

### सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज

**जोस बटलर (144.48)**



दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक बटलर की ताकत तेजी से रन बनाना है। यही वजह है कि टी-20 विश्व कप में उनका स्ट्राइक रेट सर्वाधिक है। उन्होंने 27 मैचों में 799 रन बनाये हैं।

**क्रिस गेल (142.75)**

गेल किसी भी गेंदबाज के लिए आतंक का पर्याय बनाने के लिये काफी है। विश्व कप में दो शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज गेल ने उन दोनों मैचों में भी टीम को जीत दिलाई।



**एबी डिविलियर्स (142.75)**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक एबी डिविलियर्स ने 29 पारियों में 717 रन बनाये हैं जिसमें 51 चौके और 30 छक्के शामिल हैं।



**वॉर्नर (133.22)**

डेविड वॉर्नर की आक्रामक बल्लेबाजी एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए अहम होगी। तेजी से रन बनाने के कारण वह टी-20 विश्व कप के आकर्षक बल्लेबाजों में से है।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल में कार्लसन को हराया



**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। कार्लसन को रेपिड और ऑनलाइन मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा पिछले विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के इस खिलाड़ी से हार गए थे लेकिन यहां अंतत: क्लासिकल बाजी में उन्हें 37 चाल में हराने में सफल रहे। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा ने इस जीत के साथ तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन तीन अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में हराया

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया, वहीं जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। भारतीय टीम की ओर से मुकेश टोप्पो ने (33 मिनट में) गोल दाग कर टीम को बढ़त दिला दी थी इस दौरान मैच समाप्त होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने गोलकर मुकाबले को 1-1 से बराबरी ला दिया। शूटआउट में गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। शूटआउट में भारत ने 3-1 से जीत हासिल की। वहीं वर्ग में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए संजना होरो ने 18 मिनट और अनीशा साहू ने 58 मिनट में गोल किये ने ओरांजे रूड के साथ 2-2 से ड्रॉ में गोल किया।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

**लंदन।** भारतीय उच्चायोग ने एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आई हैं जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र और समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। कप्तान सलीमा टेटे और कोच हरेंद्र सिंह की अगुआई वाली टीम के सम्मान के लिए आयोजित इस विशेष स्वागत उनके समर्थक और खेल प्रशंसक मौजूद थे।

### सचिन, संजीत मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में जीते

**बैंकॉक।** भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को यहां मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी। सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी। राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा। संजीत और सांचेज के बीच मुकाबले में भी भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई।



### रथिका पीएसए चैलेंज कप के क्वार्टर फाइनल में

**हांगकांग।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रथिका सीलान ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी का हुएन लेउंग पर 3-2 की जीत से हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के चौथे चरण के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबले के दूसरे दौर में लेउंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। रथिका को पहले दौर में बाई मिली थी। तमिलनाडु की रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर खिताब जीता था। यहां क्वार्टर फाइनल में रथिका की भिड़ंत तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार से होगी।

## भारत-पाकिस्तान मैच से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



टी-20 विश्वकप में हमले के खतरे को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले के लिए आइजनहावर पार्क स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

न्यूयार्क प्रांत के गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि वे इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्हें इस संदर्भ में भी कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिल सका है। प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा मैंने न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का भी निर्देश दिया है, जिसमें कानून प्रवर्तन (लॉ इनफोर्समेंट) पुलिस की मौजूदगी में वृद्धि, उचित एवं उन्नत निगरानी और गहन स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा सार्वजनिक सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी लोगों के लिए क्रिकेट विश्व कप एक सुरक्षित, आनंददायक अनुभव हो। मैनहट्टन से लगभग 25 मील पूर्व में स्थित आइजनहावर पार्क स्टेडियम में तीन से 12 जून तक आठ मैच खेले जाने हैं।

### भारत की जर्सी पहनना अलग अहसास है, इसे यादगार बनाना चाहूंगा : पंत



**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी। एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने कहा भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा। एनसीए में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे। पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी।

## विश्व कप में बुमराह और हेड का रहेगा दबदबा : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी



● इस वर्ष आईपीएल में दोनों ही खिलाड़ियों ने किया है शानदार प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि दो जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप में बुमराह का गेंदबाजों में और हेड का बल्लेबाजी में दबदबा रहेगा जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने 13 मैच में 20 विकेट झटके जबकि पांच बार की चैंपियन का 17 चरण में प्रदर्शन सबसे खराब रहा जबकि ऑस्ट्रेलिया के हेड ने 15 मैच में 567 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में मैं जसप्रीत बुमराह को चुनूंगा। उसने आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वह नई गेंद को स्विंग कर सकता है, सीम अप कर सकता है। वहीं, हेड हालांकि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे लेकिन उन्होंने सभी को अपनी बल्लेबाजी के तरीके से प्रभावित किया। आईपीएल के ज्यादातर समय में उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक का रहा और उन्होंने 15 मैच में 567 रन बनाए जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल थे।

## स्वियातेक ने ओसाका को दी शिकस्त

पेरिस, एजेंसी



दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और दो बार की गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई।

स्वियातेक ने बुधवार रात दूसरे दौर के मुकाबले में मैच प्वाइंट बचाया और फिर अंतिम पांच गेम जीतकर दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा निश्चित तौर पर यह मुकाबला काफी तनाव भरा था। मैंने दूसरे दौर में कभी इतने कड़े मुकाबले की उम्मीद नहीं की थी। निश्चित तौर पर अगली बार मैं इसके लिए अधिक तैयार रहूंगी। इस जीत के साथ स्वियातेक ने रोलां गैरो पर अपनी जीत के क्रम को 16 मैच तक पहुंचा दिया और उनकी नजरें इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज करने पर टिकी हैं।

तीसरे और निर्णायक गेम में एक समय 5-2 से आगे चल रही ओसाका जब हार के बाद वापस लौट रही थी तो उनकी आंखों से आंसू छलक रहे थे। खराब मौसम के कारण बुधवार को सिर्फ नौ मैच पूरे हो सके और विजेताओं में कोको गॉफ, ओन्स जेब्युर, सोफिया केनिन, कार्लोस अल्कारेज, स्टेफानोस सितसिपास और आंद्रे रूबलेव शामिल रहे।

## टेटे चैंपियनशिप में भारतीय युवाओं ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 और अंडर-15 लड़के और लड़कियों ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम दिन एकल और युगल स्पर्धा के सभी संभावित स्वर्ण पदक जीते।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, श्रीलंका के कैंडी में खेले गए मुकाबलों में भारतीय लड़कों और लड़कियों ने स्वर्ण पदक के साथ एकल मुकाबलों में अपने खाते में चार रजत पदक भी जीते। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी ने जश मोदी को 11-8, 5-11, 11-9, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जश मोदी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने कांस्य पदक जीते। वहीं लड़कियों के वर्ग में सायाली वानी ने प्रीथा वर्तिकार को 11-9, 10-12, 11-4, 11-8 से हराकर खिताब जीता, जिससे प्रीथा दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस वर्ग में पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका को कांस्य पदक मिला।

## त्रिसा-गायत्री ने किया उलटफेर, सिंधू हारीं

सिंगापुर, एजेंसी

पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21-13, 11-20, 20-22 से गंवाया। यह 2018 से सिंधू की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। अब उनका सामना दक्षिण कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो योंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से होगा। इस जोड़ी ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी को हराया था।

पुरूष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21-12, 14-21, 21-15 से हराया। महिला एकल में डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद सिंधू और मारिन सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद मारिन ने वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाए और 17-7 की बढत बना ली। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढ़त बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

**सिंगापुर ओपन**



मैच के दौरान शॉट लगातीं त्रिसा-गायत्री।



## मेस्सी के गोल के बाद भी हारा इंटर मियामी

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** लियोनल मेस्सी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इंटर मियामी की ओर से मेस्सी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया। इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया।

### ओलिंपियाकोस ने जीता खिताब

**एथेंस (यूनान)।** ओलिंपियाकोस ने यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है। मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा। इस गोल की वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) की मदद से ऑफ साइड के लिए समीक्षा की गई लेकिन इसे गोल करार दिया गया जिसके बाद मेजबान टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

### उज्बेकिस्तान की कड़ी चुनौती के लिए तैयार भारतीय महिला फुटबॉल टीम



**ताशकंद।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शुक्रवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ अगर अपना रिकॉर्ड सुधारना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में 66वें जबकि उज्बेकिस्तान 48वें स्थान पर है। इन दोनों टीम के बीच अभी तक 11 मुकाबले हुए हैं जिनमें भारत केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाया है। उसने 2003 के एएफसी एशिया कप में अपने इस प्रतिद्वंदी को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इन दोनों टीम के बीच हालिया मुकाबला पिछले साल नवंबर में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान हुआ था जिसमें भारत को 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रिकॉर्ड कुछ भी कहते हों लेकिन भारत की मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि उज्बेकिस्तान की रैंकिंग हमसे बेहतर है लेकिन हमारी खिलाड़ी उन्हें उनके घरेलू मैदान पर कड़ी चुनौती देने का माद्दा रखती हैं। हम ओलंपिक क्वालीफाईंग में उनका सामना कर चुके हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमें उस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

## बॉलीवुड हलचल



### भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करती नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है। भूल भुलैया 3 के सेट पर उन्हें ब्लैक साड़ी में देखा गया। इसके साथ ही विद्या बालन का भी लुक सामने आया है। वह भी माधुरी की तरह ब्लैक साड़ी में नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी लाल साड़ी में बंगाली लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, कार्तिक आर्यन, रुह बाबा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का हिस्सा मनीष वाधवा और राजेश शर्मा भी होंगे। राजेश शर्मा बंगाली अटायर में देखे जा सकते हैं। वहीं, मनीष शर्मा पंडित के लुक में नजर आ रहे हैं।

### 7 जून को रिलीज होगी फिल्म रंग दे बसंती

**मुंबई।** एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत निर्माता रौशन सिंह और सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 7 जून को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती की शूटिंग समाप्त होने के बाद से हम इसके प्रमोशन में लगे हैं, लेकिन अब हम सभी इसमें और तेजी ला रहे हैं। इसके लिए हमने खेसारीलाल यादव के कटआउट लगाया है। आने वाले दिनों में हम फिल्म के प्रमोशन में और भी तेजी लाएंगे। यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली है। फिल्म हर एंगल से ब्लाक बस्टर बनी है और अब इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंहऔर निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। यह फिल्म महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, असम, उड़ीसा, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, जम्मू एंड कश्मीर और नेपाल में प्रमुखता से रिलीज होगी। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, अभिनेत्री रति पांडेय और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। बॉलीवुड के बड़े सिंगरों की आवाज भी सुनाई देगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# मालिक और चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

अस्पताल अग्निकांड

● दिल्ली पुलिस ने घटना की दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की मेट्रोपोलिटन अदालत ने गुरुवार को उस निजी अस्पताल के मालिक और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जहां 25 मई को आग लगने से सात नवजात बच्चों की मौत हो गई थी और पांच घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने अस्पताल में आग लगने की घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ी हैं।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और पिछले शनिवार देर रात आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आकाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच, डॉक्टर ने जमानत याचिका दायर की है, जिस पर तीन जून को सुनवाई होगी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी, जिसका संचालन कथित तौर पर लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी अग्निशमन विभाग से किसी मंजूरी के बिना अवैध रूप से किया जा रहा था। विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों के जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना), 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को रविवार को गिरफ्तार करने के बाद 27 मई को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।

## प्रज्ज्वल के खिलाफ सैकड़ों महिलाएं उतरीं सड़क पर, किया प्रदर्शन

**हासन (कर्नाटक)।** कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (एस) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं और लोगों ने प्रदर्शन किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। लोगों ने हासन चलो मार्च में शिरकत की व आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मार्च का आयोजन नवेड्डु निलादिद्दरे नामक मानवाधिकार समूह नें किया था। इसमें राज्य भर से महिलाओं, श्रमिकों, किसानों और दलितों ने हिस्सा लिया। मार्च महाराजा पार्क के पास हेमावती प्रतिमा से शुरू हुआ और हासन की उपायुक्त सी सत्यभामा को ज्ञापन सौंपने के बाद यह संपन्न हुआ। लोगों ने सरकार से पीड़ितों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से राजग उम्मीदवार प्रज्ज्वल पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।

# अपने एसी को कुछ देर दें आराम...

एयर कंडीशनर (एसी) आज के समय में हर घर और ऑफिस की जरूरत है। ये गर्मी के मौसम में आरामदायक होता हैं, जिससे हमारी जीवनशैली में सुधार होता है। लेकिन, कभी-कभी एसी के फटने की घटनाएं भी सामने आती हैं, जो न केवल उपकरण को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि जीवन को भी खतरे में डाल सकती हैं। ऐसी घटनाएं अक्सर अत्यधिक गर्मी के मौसम में ही देखी जा सकती है। आज हम एसी फटने की घटनाओं के संभावित कारणों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा करेंगे। उचित रखरखाव और सावधानी बरतने से इन घटनाओं से बचा जा सकता है। आइए जानें, कैसे हम एसी को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं...



## एसी फटने के कारण



- **अत्यधिक दबाव** : एसी में अत्यधिक दबाव बढ़ने से कूलेंट का रिसाव हो सकता है, जो विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **अत्यधिक तापमान** : अत्यधिक गर्मी में एसी के कंडेंसर में अधिक तापमान बढ़ सकता है, जिससे उसके फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- **खराब रखरखाव** : यदि एसी का नियमित रखरखाव नहीं किया जाता है, तो इसमें धूल और गंदगी जमा हो सकती है, जिससे कूलिंग क्षमता कम हो जाती है और फटने का खतरा बढ़ जाता है।
- **गैस लीक** : यदि एसी के कूलिंग सिस्टम में गैस लीक हो रही हो तो यह भी विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **इलेक्ट्रिकल फॉल्ट** : इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट या ओवरलोडिंग भी इसके फटने का कारण बन सकते हैं।

## ऐसे करें निवारण

- **नियमित रखरखाव** : एसी का नियमित रूप से सर्विसिंग करवाएं ताकि धूल और गंदगी जमा न हो।
- **कूलेंट की जांच** : कूलेंट के स्तर की नियमित जांच करवाएं और सुनिश्चित करें कि कोई लीकेज नहीं है।
- **प्रोफेशनल इंस्टॉलेशन** : एसी को हमेशा प्रोफेशनल तकनीशियन से ही इंस्टॉल करवाएं।
- **अत्यधिक दबाव का नियंत्रण** : एसी में सही दबाव बनाए रखने के लिए इसे नियमित रूप से जांचें और उचित कूलिंग सुनिश्चित करें।
- **सुरक्षा उपकरणों का उपयोग** : एसी में ओवरलोड प्रोटेक्शन और सर्किट ब्रेकर जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें।
- **समय-समय पर निरीक्षण** : एसी के सभी हिस्सों का समय-समय पर निरीक्षण करें ताकि किसी भी प्रकार की समस्या को समय रहते पहचाना जा सके।

## विशेषज्ञ की सलाह, लगातार न चलाएं एयर कंडीशनर



40 साल से एसी व्यवसाय में लगे कमल शर्मा का कहना है कि बाहरी तापमान और स्पेयर पार्ट्स की गुणवत्ता असरदार नहीं होने से यह समस्या आती है। देश में 42 से 45 डिग्री तापमान सहने की क्षमता वाले एसी और उनकी मशीन तैयार होती है। मशीन में कम्प्रेशर और उसमे इस्तेमाल किए जाने वाले कॉपर पाइप की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होना चाहिए। खाड़ी देशों में 50 डिग्री के तापमान को सहन करने वाले एसी और मशीन बनती है। बाजार में कुछ कंपनियां सस्ते उपभोक्ताओं को सस्ते एसी उत्पाद की बिक्री करके ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। बढ़ते तापमान से आउटडोर को भी बचाने की जरूरत है। आउटडोर पर शेड लगाएं। लगातार एसी न चलाएं। एसी बंद करके आउटडोर की क्वाइल पर पानी का स्प्रे कर सकते हैं। सर्विसिंग भी अनुभवी टेक्नीशियन से ही कराएं।

## एक नजर

### अमेरिकी में गोलीबारी में एक की मौत, दूसरा घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी में कैलिफोर्निया के पूर्वी ओकलैंड में मंगलवार रात गोली बारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि ओकलैंड निवासी एक व्यक्ति की अस्पताल में चोटों के कारण मौत हो गई। परिजनों की सूचना मिलने तक उसकी पहचान गुप्त रखी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि ओकलैंड का एक अन्य निवासी, जिसके बारे में माना जाता है कि वह गोलीबारी में शामिल था, गोली लगने से घायल होकर अस्पताल पहुंचा। बुधवार सुबह तक उनकी हालत स्थिर थी।

### ईरानी सेना की गोलीबारी में चार पाकिस्तानियों की मौत

**पाकिस्तान।** ईरान के सैनिकों ने दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के एक सुदूर इलाके में पाकिस्तानियों के एक समूह को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती गांव मश्केल के पास हुई। सरकारी प्रशासक साहिबजादा असफंद ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि ईरानी सेना ने गोलीबारी क्यों की। स्थानीय पुलिस का कहना है कि चारों लोगों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की हालत अब स्थिर

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोली लगने के बाद हुए घाव से उबर रहे हैं और उनकी हालत अब स्थिर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। स्लोवाक समाचार एजेंसी के अनुसार उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रॉबर्ट कालिनक ने भी पुष्टि की कि फीको के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कलिनक ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्थिति में अब सुधार है। यह हमारे लिए बहुत खुशी की खबर है। उन्होंने खाना- पीना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि फिको 15 मई को मध्य स्लोवाक शहर हैंडलोवा में एक सरकारी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे तभी 71 वर्षीय जुराज सी ने उन पर गोली चला दी थी।

### सीरिया पर इजरायली हमले में एक लड़की की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के कई क्षेत्रों पर इजरायली हमलों के एक नए दौर में बुधवार को लड़की की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इजरायली सेना ने शाम साढ़े सात बजे लेबनान की दिशा से हवाई हमला किया और मध्य प्रांत होम्स में सैन्य स्थल और तटीय शहर बनियास में आवासीय इमारत को निशाना बनाया। हमले की पुष्टि सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने की, जिसमें बताया गया कि बनियास में नफस पहाड़ी पर हुए दो विस्फोटों में एक लड़की की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। इजरायली मिसाइलों ने बुधवार शाम को होम्स के पूर्वी ग्रामीण इलाके में अल-फुरक्लस क्षेत्र के पास एक सैन्य स्थल को निशाना बनाया, जिससे साइट से धुआं उठने लगा।

### सऊदी अरब ने हज से पहले 6 पत्रकारों को निकाला : ईरान

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को कहा कि सऊदी अरब ने अपने सरकारी टेलीविजन प्रसारक के 6 सदस्यों को निकाल दिया है, जिन्हें हज से पहले देश में लगभग एक सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था। सऊदी अरब ने कहा कि ये लोग अपने वीजा का उल्लंघन करके काम कर रहे थे। यह घटना रियाद और तेहरान के बीच चीन की मध्यस्थता से हुए समझौते के एक साल बाद हुई है। देश में पवित्र स्थलों को लेकर सुन्नी और शिया देशों के बीच दशकों से तनाव रहा है। ईरानी सरकारी टीवी ने बताया कि गिरफ्तारियां एक हफ्ते पहले हुईं जब मदीना में मुहम्मद की मस्जिद में रिकॉर्डिंग के समय कर्मीदल के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया गया।

# पाकिस्तान में उभर रहा है एक निष्पक्ष दृष्टिकोण : भारत

## लाहौर समझौते के उल्लंघन पर नवाज शरीफ की टिप्पणी पर भारत की प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के लाहौर समझौते का उल्लंघन करने संबंधी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद भारत ने गुरुवार को कहा कि पड़ोसी देश में इस मुद्दे पर एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है।

शरीफ ने मंगलवार को कहा था कि पाकिस्तान ने उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीच 1999 में भारत के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया है। उनका इशारा जनरल परवेज मुशर्रफ की ओर से करगिल पर किए गए हमले की ओर था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। मुझे इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हम देखते हैं कि इस मामले पर पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। वह अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में इस मामले पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

लाहौर में ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और शरीफ ने 21 फरवरी, 1999 को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांति और स्थिरता के दृष्टिकोण पर बात करने वाला यह समझौता एक सफलता का संकेत है। कुछ महीने बाद, हालांकि जम्मू कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण भीषण संघर्ष हुआ। शरीफ ने पीएमएल-एन की आम परिषद की बैठक में कहा कि 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए। उसके बाद वाजपेयी साहब यहां आए और हमारे साथ समझौता किया, लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया... यह हमारी गलती थी। इस आम परिषद की बैठक में उन्हें पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है।

● शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों ने 1999 में घोषणापत्र पर किए थे हस्ताक्षर

● जम्मू कश्मीर के करगिल में इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठ से हुआ था संघर्ष

● विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमारी स्थिति साफ, दोहराने की जरूरत नहीं

### पाकिस्तान एनएफयू नीति का नहीं करता पालन

● पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा- सभी खतरों का सामना करने में सक्षम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु हथियारों का पहले प्रयोग न करने की नीति का पालन नहीं करता है और देश प्रतिरोधी सैन्य क्षमताओं के जरिये दुश्मन के सभी खतरों का सामना करने में सक्षम है। अधिकारी ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में पाकिस्तान के रुख को भी स्पष्ट किया। राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) खालिद अहमद किदवई बुधवार को सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीआईएसएस) में पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ, यौम-ए-तकबीर के मौके पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान ने भारतीय सेना के पोखरण परमाणु परीक्षण के जवाब में बलूचिस्तान प्रांत के दूरस्थ चागई पर्वत में एक गहरी सुरंग खोदकर 28 मई, 1998 को छह परमाणु परीक्षण किए थे। पाकिस्तान के इस सफल परमाणु परीक्षण को यौम-ए-तकबीर कहा जाता है। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार किदवई ने कहा, परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान के पास नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की नीति नहीं है। एनएफयू नीति पहले परमाणु हथियारों का उपयोग न करने की प्रतिबद्धता है। पाकिस्तान ने पारंपरिक रूप से अपनी एनएफयू नीति के बारे में अस्पष्टता बनाए रखी है।

## रूस की चेतावनी यूक्रेन के हमलों से अमेरिका चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस की मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों पर यूक्रेन के हमलों के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है और इससे स्थिति अस्थिर होने का भी खतरा बताया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका रूसी बैलिस्टिक मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के खिलाफ यूक्रेन के हालिया हमलों से चिंतित है। अमेरिका ने पिछले सप्ताह पारंपरिक वायु रक्षा के साथ-साथ पश्चिमी परमाणु प्रक्षेपणों की चेतावनी देने वाले रडार स्टेशनों के खिलाफ दो हमलों के प्रयासों के बारे में यूक्रेन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ये प्रणलियां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने में शामिल नहीं हैं लेकिन वे संवेदनशील स्थान हैं क्योंकि रूस को लगता है कि उसकी रणनीतिक निवारक क्षमताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो अमेरिका के खिलाफ परमाणु प्रतिरोध बनाए रखने की रूस की क्षमता को कमजोर कर सकता है। समाचार पत्र ने यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि यूक्रेन का सैन्य खुफिया निदेशालय इन हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

पाकिस्तान में नौ मई 2023 को हुई हिंसा का मामला

# दंगों से जुड़े दो मामलों में इमरान खान बरी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



● पाकिस्तान की अदालत ने अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में सुनाया फैसला

● समर्थकों ने भ्रष्टाचार मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को पहुंचाया था नुकसान

पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए गुरुवार को बरी कर दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पीटीआई संस्थापक इमरान खान के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी।

अदालत ने इमरान खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा कि चूंकि अभियोजन की ओर से पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक इमरान खान को बरी किया जाता है। खान को सुनवाई के बाद 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया है। इमरान खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज कराए गए थे। पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के लिए मामले दर्ज किए गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद, उनके हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने हंगामा किया था।

# 3 लेफ्टिनेंट कर्नल सहित सेना के 16 जवानों के खिलाफ केस

**श्रीनगर, एजेंसी**

● पुलिसकर्मियों का अपहरण व मारपीट करने का है आरोप

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के थाने में हमले में शामिल 3 लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 सैन्यकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सैन्यकर्मियों पर दो दिन पहले एक पुलिसकर्मी का अपहरण और अन्य पुलिसकर्मियों को पीटने और घायल करने का आरोप लगाया गया है।

सैन्यकर्मियों पर हत्या के प्रयास, दंगा, अपहरण और डकैती समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। सेना के जवान कथित तौर पर मंगलवार रात 11.40 बजे थाने में अनधिकृत रूप से घुसे और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। प्राथमिकी में नामजद अधिकारियों में 160 प्रादेशिक सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल शामिल हैं। तीन अधिकारियों के नेतृत्व में '160 प्रादेशिक सेना' के बड़ी संख्या में सशस्त्र और वर्दीधारी जवान अनाधिकृत रूप से कुपवाड़ा थाना में धुसे। प्राथमिकी में लिखा है उन्होंने सामूहिक रूप से और बिना किसी उकसावे के गैरकानूनी रूप से एकत्र होकर पुलिस स्टेशन में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों पर राइफल बट, लात और डंडों से गंभीर हमला किया।

## हाय ये गर्मी...



ज्येष्ठ के महीने में शरीर झुलसा देने वाली पड़ रही गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। मगर जरूरी काम होते घर से निकलना ही पड़ता है और बचाव के भी उपाय करने पड़ते हैं इसी क्रम में राजस्थान के जयपुर में भीषण गर्मी के बीच में चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए लड़कियां अपना चेहरा ढक लेती हैं ● एजेंसी

# मालदीव को एफटीए के लिए नहीं दिया गया कोई प्रस्ताव : भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● मालदीव सरकार इस संबंध में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर करेंगे विचार : विदेश मंत्रालय

भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने मालदीव के समक्ष द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (डीटीए) के लिए कोई प्रस्ताव नहीं रखा है और यदि द्वीपीय राष्ट्र इस तरह के समझौते के लिए रुचि दिखाता है तो वह इस पर विचार करने को तैयार है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव के साथ द्विपक्षीय एफटीए के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष प्रस्ताव नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि मालदीव सरकार भारत के साथ एफटीए करने में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर विचार करेंगे। पिछले सप्ताह मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने संकेत दिया था कि भारत ने दोनों देशों के बीच एफटीए के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। सईद ने माले में कहा था कि भारत चाहता है कि मालदीव के साथ साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता) के अलावा एक मुक्त व्यापार समझौता भी हो। सईद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने सभी देशों को यह अवसर प्रदान किया है। मालदीव सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक देशों के साथ ऐसे समझौते करना है, ताकि व्यापार गतिविधियों में आसानी हो।

हर चीज़ का सिद्धांत

प्रतिभाशाली पीढ़ी ने ब्रह्मांड की परतों के साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं

# विफलता का डर भौतिकविदों की खोज में बाधा

**मैनचेस्टर, एजेंसी**



● क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सिद्धांत से जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है

अल्बर्ट आइंस्टीन, मैक्स प्लैंक और अन्य लोगों के साथ भौतिकी के तूफानी दौर को शुरू हुए एक सदी से अधिक हो गया है, जिसने हमें हमारे पहले से व्यवस्थित ब्रह्मांड से अराजकता की एक नई दुनिया में भेज दिया है। भौतिकविदों की इस प्रतिभाशाली पीढ़ी ने अंततः ब्रह्मांड की परतों के साथ-साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं, ताकि कल्पना से भी अधिक अजनबी दुनिया सामने आ सके।

परमाणुओं और कणों के सूक्ष्म जगत पर शासन करने वाले क्वांटम यांत्रिकी सिद्धांत के शुरुआती दिनों से ही, भौतिकी के पवित्र गुरु हर चीज का सिद्धांत ढूंढ रहे हैं - क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत के साथ जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है, लेकिन हमारे पास अभी भी हर चीज़ का आजमाया हुआ और परखा हुआ सिद्धांत नहीं है। हर चीज़ का सिद्धांत बनाना बिल्कुल आसान नहीं है। इस अंतिम प्रश्न का उत्तर देने वाले के लिए पुरस्कार इतिहास में शाश्वत गौरव है। आइंस्टीन की पीढ़ी में इसे हल करने की भूख थी। लेकिन भौतिक विज्ञानी आर्थर एडिंगटन, हरमन वेइल और गणितज्ञ डेविड हिल्बर्ट इतने भाग्यशाली नहीं थे, कुछ को तो बहुत बुरे परिणामों का सामना करना पड़ा। उदाहरण के लिए, एडिंगटन को लें, शायद वह ऐसे वैज्ञानिक हैं जिनके बारे में कभी नहीं सुना होगा।

कैम्ब्रिज के खगोलशास्त्री और भौतिक विज्ञानी ने 1919 के ग्रहण का विश्लेषण करके आइंस्टीन को सही साबित कर दिया। जॉर्जेस लेमेत्रे के बिग बैंग सिद्धांत पर ऐसा करने से पहले एडिंगटन ने सापेक्षता पर पहली अंग्रेजी किताबें भी लिखीं। तारकीय भौतिकी पर अभूतपूर्व काम के साथ 1920 और 1930 के दशक में विज्ञान पर सबसे लोकप्रिय लेखक बन गए। फिर भी वह मौलिक सिद्धांत की गहन खोज के कारण आज अस्पष्ट है। आइंस्टीन और एडिंगटन के बाद भौतिक विज्ञानी रिचर्ड फेनमैन (1918-88) की पीढ़ी ने हर चीज के सिद्धांत में रुचि खो दी। फेनमैन और उनके साथियों ने नई उप-परमाणु खोजों और सिद्धांतों, और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के लिए भौतिकी के अनुप्रयोगों में प्रसिद्धि पाई। उनके द्वारा सहा गया उपहास, जिन्होंने उनसे पहले कोशिश की और असफल रहे, इसका एक कारण हो सकता है। विफलता की यह अत्यधिक लागत अंततः इंटरवार भौतिकी की महिमा के साथ-साथ बढ़ी। अद्वितीय सफलता के दौर में, विफलता अधिक अक्षम्य थी। सबसे बड़े प्रश्न पर खुद को लागू करने की चाहत रखने वाले युवा और प्रतिभाशाली आधुनिक दिमागों के लिए यह शायद ही कोई प्रोत्साहन था। आज भी हर चीज़ के सिद्धांतों की कोशिशों का मज़ाक उड़ाया जाता है।

# बेटे को निर्दोष साबित करने के लिए मां के खून से बदला नमूना

**पुणे, एजेंसी**

पुणे पोर्श हादसा

● दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत 5 जून तक बढ़ाई गई

● किशोर को बचाने के लिए उसकी मां से लिए गए थे रक्त के नमूने

पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के रक्त के नमूनों को महिला के नमूनों से बदला गया ताकि ये साबित हो सके कि हादसे के समय आरोपी नशे में नहीं था। पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में यह जानकारी दी।

कोर्ट ने पुलिस की याचिका स्वीकारते हुए गिरफ्तार ससून जनरल अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत अवधि 5 जून तक बढ़ा दी। पुलिस ने कहा कि वह उस महिला की पहचान करना चाहते हैं जिसके खून के नमूनों से किशोर के नमूनों को बदला गया। सूत्र के अनुसार वह कोई और नहीं किशोर की मां थी। नमूनों की अदला-बदली का मामला सामने आने के बाद डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनोर और अतुल घाटकांबले को गिरफ्तार किया गया था। उनकी प्रारंभिक हिरासत समाप्त होने पर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उनकी आगे की हिरासत की मांग करते हुए कहा कि डॉ. हलनोर ने किशोर के रक्त के नमूनों को फेंका नहीं था जैसा कि पहले माना गया था बल्कि उन्हें किसी को सौंपा था। वह किशोर के रक्त के नमूनों को प्राप्त करना चाहते हैं। महाराष्ट्र लोक स्वास्थ्य विभाग के सूत्र ने बताया कि किशोर को बचाने के लिए उसकी मां के रक्त के नमूने का प्रयोग किया गया। पुणे में 19 मई को पोर्श कार के नाबालिग चालक ने बाइक से जा रहे दो इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

# सीवर टैंक की सफाई को उतरे 3 लोगों की जहरीली गैस से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में सीवर टैंक की सफाई को उतरे दो युवकों समेत तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इन्हें बचाने के लिए टैंक में उतरे एक अन्य युवक की हालत गंभीर है।

घटना गुरुवार को लखनपुर थाना क्षेत्र में हुई। आकाश और करण घर में बने सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे। दम घुटने पर वे चिल्लाने लगे। उन्हें बचाने के लिए भोलू, नरेश और इंद्र नीचे उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। बगल में गड्ढा खोदा गया और टैंक तोड़कर उन्हें निकाला गया। अस्पताल में आकाश, करण और भोलू की मौत हो गई, जबकि नरेश और इंद्र भर्ती हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोक जताते हुए एक्स पर लिखा, संबंधित अधिकारियों को इसकी निष्पक्ष जांच व पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।